CMYK CMYK

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स


◆ सिरोही, गुरुवार, 06 मार्च 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 48 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रु.



मृणाल हैदराबाद में कर रहीं 'डकैत' की शूटिंग

पेज -11

## न्यूज ब्रीफ




### पूर्वोत्तर भारत में भूकंप के झटके


**इंफाल।** भारत के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर बुधवार को लगातार दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। इनमें से एक भूकंप की तीव्रता 5.7 थी। इस भूकंप के झटके पूरे पूर्वोत्तर यानी असम से लेकर मेघालय तक में महसूस किए गए। अधिकारियों ने भूकंप की पुष्टि की है। भूकंप के झटके असम, मेघालय और क्षेत्र के अन्य हिस्सों में महसूस किए गए।

### राहुल गांधी पर दो सौ रुपए का जुर्माना लगा



**लखनऊ।** यूपी में लखनऊ की एक अदालत ने वीर सावरकर पर टिप्पणी को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर 200 रुपए का जुर्माना लगाया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर ये जुर्माना लगाया। 14 अप्रैल को उन्हें कोर्ट में हर हाल में हाजिर हों नहीं तो कड़ी कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

### कश्मीर के सोनमर्ग में जबरदस्त हिमस्खलन



**श्रीनगर।** जम्मू एवं कश्मीर में एक जबरदस्त हिमस्खलन बुधवार की सुबह गांदेरबल के सोनमर्ग में स्थित सरबल क्षेत्र में हुआ है। हिमस्खलन के खतरनाक होने के बावजूद अभी तक जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं आई है। यह घटना कैमरे में कैद हो गई जिसमें नजर आ रहा है कि पहाड़ी इलाके में कितनी तेजी से बर्फ फैली है।

### ब्रिटेन में 10 महिलाओं से रेप का आरोपी दोषी करार

**लंदन।** चीनी के पीएचडी स्टूडेंट झेनहाओ जोउ को ब्रिटेन की एक अदालत ने 2019 और 2023 के बीच लंदन में 3 और चीन में 7 महिलाओं के साथ 11 बार रेप करने का दोषी ठहराया है। 28 साल का झेनहाओ महिलाओं को नशीला पदार्थ खिलाकर घटना को अंजाम देता था और इसका वीडियो भी बनाता था। लंदन में इनर क्राउन कोर्ट के जूरी सदस्यों ने छात्र को 10 महिलाओं के खिलाफ 11 मामलों में दोषी पाया है। इन 10 महिलाओं में से दो की पहचान हो चुकी है जबकि अन्य 8 का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## बजट सौगातों के लिए जयपुर देहात की जनता ने जताया मुख्यमंत्री का आभार...

# सीएम शर्मा बोले, सवा साल में एक भी पेपर नहीं हुआ लीक

ग्रामीण क्षेत्र का विकास प्रदेश की समृद्धि की आधारशिला | 8 करोड़ लोगों को डबल इंजन की सरकार पर विश्वास | राज्य सरकार ग्रामीण विकास के लिए कृतसंकल्पित










**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ग्रामीण विकास प्रदेश की प्रगति और समृद्धि की आधारशिला है। इस बजट में ग्रामीण क्षेत्र के बुनियादी ढांचे, कृषि, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अनेक प्रावधान किए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में डबल इंजन की सरकार 8 करोड़ प्रदेशवासियों के विश्वास को कायम रखते हुए काम कर रही है, जिससे उत्कृष्ट और विकसित राजस्थान के सपने को पूरा किया जा सके। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर बजट सौगातों के लिए जयपुर देहात (दक्षिण) की ओर से आए प्रतिनिधिमण्डल की आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए वादों को हमने संकल्प पत्र में शामिल किया था तथा 1 साल में संकल्प पत्र के 55 प्रतिशत वादे पूरे किए जा चुके हैं। किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं के हितों के लिए हमारी सरकार लगातार निर्णय ले रही है।

### इस वर्ष का बजट कृषक कल्याण केन्द्रित

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष का बजट किसानों को आगे रखते हुए बनाया गया है। किसान सम्मान निधि को बढ़ाकर 9 हजार रुपये करना, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत गोपालकों को ब्याजमुक्त ऋण, 50 हजार नए कृषि बिजली कनेक्शन और 5 लाख घरेलू कनेक्शन जैसे बजटीय प्रावधानों से किसान खुश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए भी सवा लाख पदों पर सरकारी भर्तियां और डेढ़ लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गत सरकार के समय हुए पेपरलीक प्रकरणों से राज्य का युवा परेशान था। हमने आते ही इन प्रकरणों में लिप्त अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की। हमारे सवा साल के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे अपराध मुक्त राजस्थान की दिशा में उठाए गए कदमों से राज्य में गैंगवार और अपराध भी कम हुआ है।

### पानी और बिजली राज्य सरकार की प्राथमिकता

सीएम शर्मा ने कहा कि हमने प्रदेश में पानी और बिजली को प्राथमिकता पर रखा। राज्य सरकार प्रदेश में पानी की पर्याप्त उपलब्धता को सुनिश्चित करने की दिशा में पूर्वी राजस्थान के लिए राम जलसेतु लिंक परियोजना, शेखावाटी क्षेत्र के लिए यमुना जल समझौता, दक्षिणी राजस्थान के लिए देवास परियोजना का मार्ग प्रशस्त करने के साथ ही इंदिरा गांधी नहर परियोजना एवं माही परियोजना को भी सुदृढ़ कर रही है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार ठोस कार्य योजना पर काम कर रही है। हमारी सरकार वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के साथ ही राज्य को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश छू रहा विकास के नए आयाम

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश की जनता को पूरा भरोसा है। प्रधानमंत्री जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं। उनके नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम छू रहा है। उन्होंने कहा कि गत सरकार के समय जल जीवन मिशन के तहत बहुत भ्रष्टाचार हुआ तथा आमजन को पानी नहीं मिल सका।

प्रधानमंत्री ने जल जीवन मिशन की सीमा 2028 तक बढ़ा दी, जिससे राज्य की जनता को हर घर नल से जल उपलब्ध हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि




जयपुर का विस्तार होने के साथ ही इसके आसपास के इलाकों का भी तेजी से विकास किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुख-सुविधाओं के विस्तार के लिए बजट में अनेकों प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने आमजन से अपील की, कि वे नागरिक कर्तव्यों को निभाते हुए अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मदद करें।

कार्यक्रम के दौरान 'एक ही लाल, भजनलाल भजनलाल' और 'दमदार मुख्यमंत्री, दमदार फैसले' जैसे नारों से पूरा पाण्डाल गुंजायमान हो उठा तथा लोगों ने अभूतपूर्व बजटीय घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री का तहे दिल से स्वागत किया।

इससे पहले उपस्थित आमजन ने मुख्यमंत्री को 100 मीटर लम्बा साफा पहनाया औरस्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान जयपुर देहात (दक्षिण) से स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## मोदी कैबिनेट के फैसले

# सोनप्रयाग से केदारनाथ तक रोपवे को मंजूरी

### नौ घंटे का सफर मात्र 36 मिनट में

### रोपवे में 36 लोगों के बैठने की क्षमता



फाइल फोटो

**देहरादून।** नरेंद्र मोदी कैबिनेट ने बुधवार को कई बड़े फैसले लिए हैं। इसमें उत्तराखंड को बड़ी सौगात दी है। कैबिनेट ने नेशनल रोपवे डेवलपमेंट प्रोग्राम- पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना को मंजूरी दी है।

इसके बनने से रोजाना 18 हजार यात्री सफर कर सकेंगे। इसमें 36 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। इसकी कुल लागत 4,081.28 करोड़ रुपए होगी। इसको लेकर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इसका सबसे बड़ा फायदा ये होगा कि मौजूदा समय में 8-9 घंटे लगने वाली यात्रा घटकर 36 मिनट रह जाएगी। केंद्रीय कैबिनेट ने इसके साथ ही पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.4 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना के विकास को मंजूरी दी है।



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को जानकारी दी

पशु औषधि घटक को शामिल करते हुए पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम के संशोधन को भी मंजूरी मिली है।टीकाकरण, निगरानी और स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन के जरिए पशुधन रोगों की रोकथाम और नियंत्रण में मदद करने की योजना है। इसे ट्राई-केबल डिटैचेबल गोंडोला (3एस) तकनीक पर विकसित किया जाएगा।

### भारत में लगातार बढ़ रहा स्वाइन फ्लू का खतरा

**चेन्नई।** भारत में स्वाइन फ्लू वायरस का प्रकोप काफी तेजी से बढ़ रहा है। भारत में इंफेक्टेड संक्रामक स्वाइन फ्लू (एच1एन1) के मामलों में अचानक से बढ़ने लगे हैं। नए आंकड़ों के मुताबिक साल 2024 के दिसंबर तक देश में कुल 20 हजार से भी ज्यादा इसके केसेस थे।वहीं 347 मौत के मामले दर्ज किए गए हैं। भारत में विभिन्न राज्यों में इसके मामले दिखाई दिए है। केरल में 2,846, तमिलनाडु में 1,777, महाराष्ट्र में 2,027, गुजरात में 1,711 और राजस्थान में 1,149 मामलों की पुष्टि हुई है। आने वाले समय में मामलों की संख्या और भी तेजी से बढ़ सकती है। भारत में स्वाइन फ्लू के मामले में जनवरी और मार्च के महीने में काफी तेजी से बढ़ते हैं। वहीं अगस्त और अक्तूबर में भी इसके मामले में बढ़ते हैं। इन्फ्लूएंजा ए और इन्फ्लूएंजा ए (एच3एन2) वायरस वर्तमान में मानव आबादी में प्रचलित हैं।

**एच1एन1 मामलों में अचानक आई तेजी**

**2024 दिसंबर तक देश में कुल 20 हजार केसेस**

### पंजाब में 23 किलो हेरोइन बरामद

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर के ग्रामीण पुलिस ने जंडियाला के देवीदासपुरा गांव से 23 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। यह खेप अमेरिका में मौजूद तस्कर जसमीत सिंह उर्फ लक्की द्वारा संचालित तस्करी नेटवर्क से जुड़ी हुई है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि देवीदासपुरा निवासी साहिलप्रीत सिंह उर्फ करण ने यह खेप प्राप्त की है और उसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की कई टीम सक्रियता से काम कर रही हैं। जंडियाला थाने में एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। तस्करी के पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच जारी है। डीआईजी ने कहा कि जांच में पाया गया कि गिरफ्तार आरोपी अमेरिका के तस्कर जसमीत सिंह उर्फ लकी से सीधे संपर्क में था, जिसने इस खेप का इंतजाम किया था। पंजाब पुलिस के एक बयान के अनुसार जसमीत सिंह का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ हथियार अधिनियम और हत्या के प्रयास से संबंधित मामले दर्ज हैं।

**सीमा पार से आया था माल : डीजीपी**

## नई दिल्ली स्टेशन भगदड़ मामला...

# रेलवे बोर्ड की बड़ी कार्रवाई, डीआरएम समेत पांच अधिकारी नपे

***नई दिल्ली।*** *महाकुंभ के दौरान नई दिल्ली स्टेशन पर 15 फरवरी की रात प्लेटफार्म पर हुई भगदड़ में रेलवे बोर्ड ने बड़ी कार्रवाई की है। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। मामले में डीआरएम सुखविंदर सिंह समेत समेत पांच अधिकारियों पर गाज गिरी है। इन सभी का ट्रांसफर कर दिया गया है। इनकी जगह नए अधिकारियों की तैनाती भी कर दी गई है। हालांकि रेलवे अधिकारी इसे रूटीन ट्रांसफर बता रहे हैं। उत्तर रेलवे के दिल्ली डिवीजन के डीआरएम सुखविंदर सिंह ट्रांसफर कर उनकी जगह पुष्पेश आर त्रिपाठी की तैनाती की गई है। वो अभी तक उत्तर मध्य रेलवे में तैनात थे। इसके अलावा एडीआरएम विक्रम सिंह राणा, सीनियर डिविजनल कमर्शियल मैनेजर (यात्री सेवाएं) आनंद मोहन, स्टेशन डायरेक्टर महेश यादव और आरपीएफ एएससी महेश चंद सैनी का ट्रांसफर किया गया है। इनकी नई पोस्टिंग की घोषणा अभी नहीं की गई है।*

## गुलजार हुआ शेयर बाजार

# भारी उछाल से निवेशकों के खिले चेहरे

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को अच्छी रौनक देखने को मिली। बुधवार को बीएसई सेंसेक्स 740.30 अंकों की तेजी के साथ 73,730.23 अंकों पर बंद हुआ। जबकि एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 254.65 अंकों के उछाल के साथ 22,337.30 अंकों पर आकर बंद हुआ।

शेयर बाजार ने आज उछाल के साथ हरे निशान में ही कारोबार शुरू किया था। बताते चलें कि पिछले कई दिनों से शेयर बाजार में लगातार गिरावट देखने को मिल रही थी। लेकिन आज की इस तेजी से निवेशकों में चेहरे पर एक मुस्कान देखने को मिली। भारतीय शेयर बाजार में बुधवार की इस तेजी से निवेशकों की संपत्ति में कुल 7,44,686.75 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। आज बीएसई पर लिस्ट कुल 5604 कंपनियों का मार्केट कैप 7,44,686.75 करोड़ रुपये बढ़कर 3,93,04,041.75 करोड़रु पए हो गया, जो मंगलवार को 3,85,59,355.00 करोड़ रुपए था। दूसरी ओर, बुधवार को बीएसई की टॉप 10 कंपनियों का मार्केट कैप भी बढ़कर 87,85,715.15 करोड़ रुपए हो गया। ( **विस्तृत बिजनेस पेज पर...** )



### राम मंदिर पर आतंकी हमले का खतरा, हाई अलर्ट

**लखनऊ।** अयोध्या के राम मंदिर पर आतंकी हमले की आशंका है। सुरक्षा एजेंसियों ने हाई अलर्ट जारी किया है। इसके बाद मंदिर का सुरक्षा घेरा और कड़ा कर दिया गया।

बुधवार को यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं में संदिग्ध लगने वालों से पूछताछ की गई, तलाशी ली गई। दरअसल, हरियाणा के फरीदाबाद से पकड़ा गया संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान मिल्कीपुर का रहने वाला है। उसके पास से 2 हैंड ग्रेनेड मिले थे।

## चीनी सेना को विश्व में सबसे ताकतवर बनाने की योजना

# चीन ने पेश किया 249 अरब डॉलर का रक्षा बजट

**बीजिंग।** चीन ने 2025-26 के लिए भारी भरकम रक्षा बजट का ऐलान किया है। इससे चीन के खतरनाक इरादों को समझा जा सकता है। चीन अपनी सेना को दुनिया की सबसे ताकतवर सेना बनाने के लक्ष्य को लेकर चल रहा है। वह इस मामले में अमेरिका को भी पीछे छोड़ना चाहता है।

इस बार चीन का कुल रक्षा बजट 249 अरब अमेरिकी डॉलर हो जाएगा। पिछले साल की अपेक्षा यह उसके राष्ट्रीय रक्षा बजट में करीब 7.2 प्रतिशत की वृद्धि होगी। चीनी प्रधानमंत्री ली क्विंग द्वारा चीन की संसद में प्रस्तुत मसौदा बजट रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष देश का नियोजित रक्षा व्यय लगभग 249 अरब अमेरिकी डॉलर है। पिछले साल चीन ने अपना रक्षा बजट 7.2 प्रतिशत बढ़ाकर लगभग 232 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया था। अमेरिका के बाद चीन के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा बजट है। चीन का यह रक्षा बजट भारत के रक्षा बजट से करीब 3 गुना ज्यादा है। वहीं अमेरिका के रक्षा बजट का करीब एक चौथाई है। चीन के रक्षा बजट के आंकड़ों को आलोचक काफी सतर्कता की दृष्टि से देखते हैं, क्योंकि चीनी सेना द्वारा बड़े पैमाने पर सैन्य आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिसमें विमानवाहक पोतों का निर्माण, उन्नत नौसैनिक जहाजों के निर्माण में तेजी और आधुनिक 'स्टील्थ' विमानों का निर्माण शामिल है। चीन की संसद के वार्षिक सत्र की शुरुआत के अवसर पर रक्षा व्यय सहित वार्षिक बजट की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री क्विंग ने कहा कि पिछले वर्ष चीन ने राष्ट्रीय रक्षा और सैन्य आधुनिकीरण के क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है।

**भारत के रक्षा बजट से तीन गुना ज्यादा**

## प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद धरना समाप्त

# प्राचार्य के एपीओ आदेश के खिलाफ हुआ जोरदार प्रदर्शन

### व्यापार मंडल का भी मिला समर्थन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** उपखंड मुख्यालय पर स्थित पीएमश्री राजकीय विद्यालय के प्राचार्य वि' मसिंह को एपीओ किए जाने के आदेश के विरोध में विद्यार्थियों सहित ग्रामीण सड़क पर उतर आए। बुधवार सुबह 8 से आरंभ हुआ धरना प्रदर्शत रात 8 बजे तक जारी रहा। धरना प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद समाप्त हुआ। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में विद्यार्थी हाथों में प्राचार्य का एपीओ आदेश निरस्त कर उन्हें यथावत रखने की तख्तियों के साथ शरीक हुए। अभिभावक और ग्रामीण भी इस विरोध में शामिल हुए। स्थिति बिगड़ती देख मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीइओ) त्रिकमाराम देवासी, थानाधिकारी गुमानसिंह भाटी, उपखंड अधिकारी रामलाल मीणा, तहसीलदार नीरज कुमारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों से मिलकर कई बार समझाइश का प्रयास किया, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई। शाम तक विरोध जारी रहने पर जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) भैराराम कलबी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावंत, रानीवाड़ा पुलिस उप अधीक्षक भवानीसिंह इंदा भी मौके पर पहुंचे। वार्ता के दौरान अधिकारियों ने दो दिन में उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया।







### बोर्ड परीक्षा से पहले प्रदर्शन से प्रशासन में मचा हड़कंप

राजस्थान बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होनी थी, लेकिन ठीक एक दिन पहले स्कूली विद्यार्थियों ने स्कूल के मुख्य गेट पर धरना देने से प्रशासन में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने दिनभर स्थिति को संभालने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शन शाम तक जारी रहा। आखिरकार, वार्ता के दौरान अधिकारियों द्वारा जल्द समाधान का आश्वासन देने के बाद शाम करीब 8 बजे प्रदर्शन समाप्त हुआ, जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### छात्राओं की बिगड़ी तबियत

लगातार कई घंटे धूप में बैठे रहने एवं पानी नहीं पीने से धरने पर बैठी चार छात्राएं अचेत हो गई। जिन्हें मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत 108 एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल में भर्ती करवाया।

### चार घंटे तक बंद रहा बाजार

कस्बे में धरना प्रदर्शन को लेकर मुख्य बाजार भी करीब चार घंटे तक बंद रहा। व्यापारी भी धरने में शामिल हुए प्रशासन से विद्यार्थियों की समस्या का जल्द समाधान करवाने की मांग की। आंदोलन में सभी की एकजुटता से प्रशासनिक अमला असहज नजर आया। आश्वासन के साथ धरना प्रदर्शन समाप्त होने पर सभी ने राहत की सांस ली।

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** स्वस्थ राष्ट्र-समृद्ध राष्ट्र थीम व फिट इण्डिया थीम के साथ जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य छगनाराम माली ने युवाओं को नियमित खेल से शारीरिक व मानसिक विकास पर बल देते हुए राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने की बात कही। जिला कौशल समन्वयक राधेश्याम वैष्णव ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन और टीम वर्क का भी प्रतीक हैं। नेहरु युवा केंद्र जिला सलाहकार समिति सदस्य हेमेन्द्रसिंह बगेडिया ने प्रतिभागियों को अपने खेल कौशल को निखारने और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। जिला युवा अधिकारी राजेन्द्र जाखड़ ने बताया कि कबड्डी में आहोर के नेहरु युवा मंडल जैतपुरा ने बागोड़ा के नेहरु युवा मंडल जैसावास टीम को हराकर विजेयी हासिल की। रस्साकस्सी में जालोर की टीम चैंपियन बनी। 100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में जीतेन्द्र कुमार प्रथम, दशरथ कुमार द्वितीय व उम्मेदाराम तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में दिव्या सोनी प्रथम, कुसुम सुथार द्वितीय व विजय लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में जितेन्द्र कुमार, संजय कुमार व कांतिलाल प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। वही बालिका वर्ग में कुसुम सुथार, दिव्या व दीपिका सेन ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका शारीरिक शिक्षक असलम खान, महबूब खान, नरेशकुमार, महेंद्रसिंह लम्बा, शिवदत्त शर्मा आदि ने निभाई। प्रियंका शर्मा, लेखा सहायक अमित सचदेवा, खसाराम माली, स्वयंसेवक रघुनाथराम, प्रकाश कुमार व मनोहरसिंह आदि उपस्थित रहे।

## धोबी समाज ने की श्मशान भूमि आवंटन की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** क्षेत्र के धोबी समाज ने श्मशान की भूमि की मांग को लेकर एसडीएम दौलतराम चौधरी को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि धोबी समाज के लोग झेरडियावास में लंबे समय से रहते है। वर्तमान में खसरा संख्या 2298, 2299 और 2300 की जमीन श्मशान घाट के रूप में उपयोग की जा रही है। किन्तु अन्य किसी एक समाज के लोगों की ओर से इस श्मशान भूमि पर अपना अधिकार जमाया जा रहा है। धोबी समाज के लोगों को अंतिम संस्कार से रोका जा रहा है। समाज की ओर से भूमि आंवटन को लेकर मांग की गई। इस दौरान रमेशकुमार, अशोककुमार, रूपचंद, विजयकुमार, प्रकाशकुमार, गोविंदकुमार, रविकुमार व राजेशकुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## कल तक 36 ग्राम पंचायतों में जारी रहेंगे शिविर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिले में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (एग्रीस्टैक) योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत जालोर जिले में 5 से 7 मार्च तक बादनवाड़ी, थांवला, सेदरिया बालोतान, सामुजा, बालवाड़ा, तड़वा, रायपुरिया, केशवना, सुराणा, थलवाड, डाबली, विराणा, राजीकावास, रामसीन, तवाव, पुरण, सेवड़ी, वाडा नया, बागोड़ा, नवापुरा ध्वेचा, नया मोरसीम, राह, कावतरा, लुणावास, जालेरा खुर्द, सेवाड़ा, जोडवास, रोपसी, नैनोल, जैलातरा, कारोला, सरवाना, जोरादर, भीमगुड़ा, सांगडवा व केसूरी ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को इस यूनिक आइडी नंबर के आधार पर पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त के साथ फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी। यूनिक फार्मर आइडी नंबर नहीं होने पर पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल सकेगा।

## पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिले में त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर गुरूवार को पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई कर उनका समाधान किया जाएगा।

## पेंशनर समाज की बैठक 8 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** राज्य पेंशनर समाज उपशाखा रानीवाड़ा की बैठक शनिवार को रानीवाड़ा पंचायत समिति हॉल में आयोजित की जाएगी। पेंशनर समाज उपशाखा के अध्यक्ष पुखराज जीनगर ने बताया कि बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला पेंशनर अध्यक्ष धनराज दवे करेंगे।

**भीनमाल।** पेंशनर समाज शाखा भीनमाल का वार्षिक सम्मेलन गुरुवार को उपखण्ड कार्यालय स्थित विकास भवन में आयोजित किया जाएगा। पेंशनर समाज के अध्यक्ष अर्जुनप्रसाद बोहरा ने बताया कि सम्मेलन में सभी पेंशनर भाग लेंगे। समारोह में 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पेंशनरों का सम्मान भी किया जाएगा। पेंशनरों के पेंशन से कटौतियों का निराकरण एवं नए आदेशों की जानकारी दी जाएगी। सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी पेंशनर अपने पीपीओ की छाया प्रति साथ लेकर आए।

**सायला।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा सायला का सम्मेलन गुरूवार को नागरिक सहकारी बैंक सायला में आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिलाध्यक्ष धनराज दवे पेंशनरों की समस्याओं का समाधान करेंगे। उपशाखा अध्यक्ष खंगाराराम जीनगर के अनुसार नागरिक बैंक के परमानंद भट्ट बैंक संबंधी जानकारी देंगे।

## मुख्य सचेतक ने उपमुख्यमंत्री से किया पर्यटन विभाग खोलने का आग्रह

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने उप मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जालोर में कार्यालय उप निदेशक पर्यटन विभाग खोले जाने का आग्रह किया है। गर्ग ने पत्र के माध्यम से जालोर क्षेत्र को गोडवाड सर्किट में सम्मिलित करने पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि गोडवाड सर्किट में सम्मिलित होने से जालोर में पर्यटन संबंधी गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी एवं पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। जालोर के पर्यटन नक्शे पर जालोर किला मुख्य आकर्षण है। इस दुर्ग तक सुलभ आवागमन के लिए नवीन रोड का कार्य प्रस्तावित है जो जल्द ही पूर्ण हो जाएगा। इससे भी पर्यटकों की संख्या में और बढ़ोतरी होगी। उन्होंने उप मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि जालोर पर्यटन के एक मुख्य केन्द्र के रूप में उभर रहा है। पर्यटकों को समुचित सुविधाएं प्राप्त हो सकें इसकी सुनिश्चितता के लिए जालोर जिला मुख्यालय पर उप निदेशक पर्यटन विभाग खोले जाने की नितांत आवश्यकता है।

## एसपी से की पुत्र से सुरक्षा करवाने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बागोड़ा।** जैसावास निवासी एक दम्पती ने पुलिस अधीक्षक को परिवाद देकर मंदबुद्धि पुत्र की करतुतों से सुरक्षा करवाने की गुहार लगाई है। जैसावास निवासी वीराराम पुत्र जुठाराम व उसकी पत्नी ने परिवाद पेश कर बताया कि उसके बड़े पुत्र दिनेशकुमार की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है एवं करीब 3-4 महीनों से बाहर ही रह रहा है। गांव में छोटी-मोटी चोरी करता है। पकड़े जाने पर



वह परिवार पर आरोप लगाता है। जबकि उनका (माता-पिता) व परिवार को बड़े पुत्र से कोई संपर्क नहीं है। परिवाद में बताया कि भविष्य में उनका पुत्र कोई अपराधिक कार्य करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## जिला बहाल करने की मांग, धरना जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** जिला बचाओ संघर्ष समिति का धरना आज 67वें दिन भी जारी रहा। गोमी ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर सीएम के नाम अतिरिक्त जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। सेवानिवृत अध्यापक केशाराम मेहरा धमाना ने धरने का संचालन किया। इस दौरान पूर्व सरपंच रामावतार विश्नोई, अधिवक्ता सदराम विश्नोई, नरेन्द्र डांगरा, सुखदेव, खियाराम, भगवानाराम पंवार, लालाराम चावड़ा, दयाराम खिचड, ताज मोहम्मद हिंदवाडा, चिमाराम चारण, नरीगाराम साहू, सुखराम साहू, आसुराम, गंगाराम गोदारा, अमराराम विश्नोई, डंगर स्वामी, सुखदेव पुरोहित, किशनाराम जानी, भारमल राम खिलेरी, हरिराम खिलेरी, धोलाराम विश्नोई, लादूराम पंवार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## किशोर न्याय समिति अध्यक्ष 8 को जिले के दौरे पर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** महिला एवं बालकों के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम एवं संरक्षण के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की समीक्षा के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के न्यायाधिपति एवं किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार गर्ग की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बाल कल्याण क्षेत्र से जुड़े हुए स्टैक होल्डर्स उपस्थित रहेंगे। न्यायाधिपति गर्ग बाल अधिकारिता व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता से संबंधित विभिन्न गृहों व विद्यालयों का भी निरीक्षण करेंगे।

## उन्नत राजस्थान उन्नत जालोर मेगा प्रदर्शनी आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** सांसद लुंबाराम चौधरी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन व स्वयंसेवी संस्था 'प्रयास' के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को गिटाला रिसॉर्ट में उन्नत राजस्थान उन्नत जालोर प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया जाएगा। शुभारंभ समारोह में सांसद लुंबाराम चौधरी, जसराज राजपुरोहित, जिला प्रशासन के अधिकारी व जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक भाग लेंगे। प्रदर्शनी में कृषि, रक्षा, शिक्षा क्षेत्र की नवीनतम तकनीकी योजनाओं, व्यवसाय, कौशल, औद्योगिक, प्रदर्शनी के 65 स्टॉल लगाए जाएंगे। प्रयास एग्जिबिशन एजेंसी के निदेशक विनीश गुप्ता के संयोजन में भव्य रूप प्रदान किया जा रहा है। इनके लिए संयोजक प्रकाश छाजेड़ व मीडिया संयोजक डिम्पलसिंह चौहान को बनाया गया है।

## वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को मिला प्रशंसा पत्र

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को एनएएसी से श्रेष्ठ ग्रेड प्राप्त होने पर डॉ. ओमप्रकाश बैरवा (आयुक्त) आयुक्तालय उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। प्राचार्य अर्जुनसिंह उज्ज्वल ने बताया कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के त्रिसदस्यीय दल ने दिसम्बर माह में महाविद्यालय का भौतिक, अकादमिक (शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक) गतिविधियों का गहन अध्ययन कर महाविद्यालय को बेहतरीन ग्रेडिंग दी। नैक निरीक्षण टीम ने महाविद्यालय के शैक्षणिक परिवेश को सराहा तथा महाविद्यालय भवन, खेल मैदान, हॉस्टल, पुस्तकालय एवं हरित वातावरण के साथ स्वच्छ परिसर को अनुकरणीय बताया। नैक टीम द्वारा करीब 20 वर्षों के बाद निरीक्षण किया गया। जिसके बाद कॉलेज को श्रेष्ठ ग्रेड मिला।

### >> सेवानिवृति पर शिक्षिका का किया सम्मान

## विदाई के मौके पर अध्यापिका ने बांटी नोटबुक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बालोतरा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेलों की ढाणी बेरानाडी में नियुक्त अध्यापिका श्रीमती ज्योति सोनी के गौरवमय सेवा से सेवानिवृत होने पर विदाई दी गई। इस मौके पर श्रीमती सोनी ने सेवाकार्य के दौरान मिले स्नेह व सम्मान को देखते हुए विद्यालय में प्रधानाचार्य के लिए टेबल व सभी विद्यार्थियों को नोटबुक व पेन भेंट की। उन्होंने कक्षा 10वीं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की। विद्यार्थी अशोककुमार ने कहा कि ऐसी सहृदय शिक्षिका का हमारे विद्यालय से विदा होना अपूर्ण क्षति है। विद्यालय परिवार की ओर से श्रीमती सोनी का माल्यार्पण व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया।





## सड़क पर फैले गंदे पानी से आमजन परेशान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** शहर में इन दिनों सफाई व्यवस्था का हाल बदहाल है। नगर परिषद की ओर से सफाई व्यवस्था की नजर अंदाजी का नुकसान आमजन को उठाना पड़ रहा है। शहर के विश्नोई धर्मशाला के पास व श्रीजी मार्केट के पास गली में दिनों दिन गंदे पानी के सड़क पर फैलने से व्यापारियों और आने-वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारी श्रवण चौधरी ने बताया कि सड़क मार्ग पर गंदे पानी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। नगर परिषद को कई बार समस्या को लेकर अवगत करवाया गया है, परन्तु कोई सुध नहीं ले रहा है। सड़क पर गंदे पानी के फैलने से आमजन को परेशानी हो रही है। साथ ही मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ गया है। व्यापारियों की ओर से सफाई व्यवस्था के सुचारू करवाने की मांग की गई है।





## गोदाम में आग से लाखों के पाइप जलकर स्वाह

### करीब छह साल पहले भी लगी थी आग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बड़गांव।** कस्बे में सब्जी मंडी के पास स्थित फव्वारा पाइप के गोदाम में बुधवार दोपहर अचानक आग लगने से लाखों के पाइप जलकर राख हो गए। सब्जी मंडी के पास पीथापुरा निवासी प्रकाश पुत्र मानाराम माली की दुकान से कुछ ही दूर गोदाम स्थित था जहां पाइप रखे हुए थे। जहां अज्ञात कारणों से आग लग गई। आस-पास दुकानदार एवं लोगों ने आग बुझाने के प्रयास किए। लेकिन, प्लास्टिक के पाइपों में आग पकड़ने से आग तेजी से फैलने लगी। सूचना के करीब एक घंटे बाद दमकल आई तथा आग बुझाने का प्रयास शुरु किया। गोदाम के पास आवासीय कॉलोनी व अन्य सामान के गोदाम है। आस-पास के लोगों के सुझबुझ से आग को अधिक फैलने से रोका गया। आग से लाखों का नुकसान पहुंचा है।

## शत प्रतिशत वसूली के आदेश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजस्व मंडल राजस्थान अजमेर एवं जिला कलेक्टर के निर्देश पर वित्तिय वर्ष समाप्ति की ओर होने से बकाया का 65 प्रतिशत एवं चालू का 95 प्रतिशत लक्ष्य के अनुरूप मद 0029 भू-राजस्व समेत सभी मदो में शत प्रतिशत वसूली के लिए तहसीलदार ने सभी भू-अभिलेख निरीक्षक को एवं पटवारियों को आदेश दिए है।

## जिला स्तरीय साक्षरता शिविर का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजीविका कार्यालय में लीड बैंक की ओर से स्वयं सहायता समूह महिलाओं के लिए जिला स्तरीय साक्षरता शिविर का आयोजन लीड बैंक अधिकारी उम्मेदराम मीणा की अध्यक्षता में किया गया। जिला प्रबंधक कार्तिक श्रृंगी एवं दिनेश खंडेलवाल ने बचत के महत्व और विभिन्न बचत योजनाओं की जानकारी दी। गोपालसिंह, एसबीआई लीड बैंक से भरत मेघवाल, राजेंद्र कुमार, राजीविका से पुष्पा देवी, दीपिका, मंजुला देवी, संतोष, रमिला, गुलाब कंवर एवं कंचन कुमारी का सहयोग रहा।

## आठ वर्षीय फरान पठान ने रखा रोजा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान में हर मुस्लिम के लिए रोजा फर्ज होता है। हर व्यक्ति के द्वारा पांच समय के नमाज अदा करने का फर्ज होता है एवं समाज बंधुओं के द्वारा इसका काफी हद तक पालन भी किया जाता है। कृष्णगंज निवासी फारुख खान पठान का आठ वर्षीय पुत्र फरान पठान ने भी मंगलवार को प्रथम रोजा रखा। जुम्मा खान पठान ने बताया कि माहे रमजान के दौरान हर मुस्लिम समाज के व्यक्तियों को अल्लाह के द्वारा बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। फरान ने बताया कि रोजा रखने की प्रेरणा मेरे माता के द्वारा ही मुझे मिली।

## एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला रोजगार कार्यालय की ओर से बेरोजगार युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण के बेहतर अवसरों का लाभ देने के लिए शुक्रवार को जिला रोजगार कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी रोजगार अधिकारी राजूसिंह ने दी।

# आज से शुरु होंगी बोर्ड परीक्षाएं, थाने में रखे प्रश्न-पत्र

### जिले के 76 परीक्षा केंद्रों पर 21 हजार 706 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

**सिरोही।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की ओर से दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा गुरुवार से शुरू होंगी। इसके लिए यहां प्रश्न-पत्र पहुंच गए हैं और सुरक्षा के मद्देनजर इन्हें पुलिस थाने में रखवाया गया है। जिले में इस बार 21 हजार 706 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। इनमें 12वीं के 9 हजार 284 व 10वीं के 12 हजार 422 परीक्षार्थी शामिल है। परीक्षा की शुरुआत 10वीं के अंग्रेजी विषय तथा 12वीं के मनोविज्ञान से होगी। कुल 76 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा में निगरानी के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अलावा स्थानीय उड़न दस्तों का गठन किया है। हालांकि संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों की भी व्यवस्था की गई है।

### सबसे ज्यादा सेंटर पिण्डवाड़ा में

शिक्षा अधिकारी नरेश परमार के अनुसार जिले में सबसे ज्यादा परीक्षा केन्द्र पिण्डवाड़ा में 19, इसके बाद सिरोही और रेवदर में 16-16, आबूरोड में 13 तथा शिवगंज में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए है।

### एक पारी में होंगी दोनों परीक्षा

अबकी बार माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 10वीं व 12वीं की परीक्षा एक ही पारी में आयोजित की जाएगी। जिसका समय सवेरे 8:30 से सुबह 11:45 बजे रहेगा। इसके अलावा दिव्यांग या विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को प्रश्न पत्र हल करने के लिए अतिरिक्त समय दिया जाएगा।



### परीक्षार्थियों के लिए जरुरी निर्देश

- *परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले सेंटर पर पहुंचें।*
- *परीक्षा समाप्त होने के बाद ही केंद्र छोड़ने की अनुमति मिलेगी।*
- *परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड और स्कूल आईडी की अनिवार्यता रहेगी।*
- *परीक्षा भवन या विद्यालय परिसर में मोबाइल, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस कैलकुलेटर आदि ले जाना मना है।*
- *परीक्षा में बैठने से पहले अपनी जेब व सामान की जांच कर लें, यदि कोई अनुचित सामग्री मिलती है तो परीक्षा से वंचित किया जा सकता है।*
- *प्रश्न को ढंग से समझकर विषयानुकूल ही उत्तर दें।*
- *प्रश्नों को जहां तक संभव हो ' मानुसार ही करें।*
- *उत्तर देते समय शब्द सीमा व हैंडराइटिंग का ध्यान रखें।*

## परीक्षा के तनाव में 12वीं की छात्रा ने पिया कीटनाशक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरुपगंज।** भुला में परीक्षा के तनाव से 12वीं क्लास की एक छात्रा ने बुधवार को कीटनाशक दवा पी ली। जिससे छात्रा के उल्टी होने के बाद उसने परिजनों को दवा पीने की बात बताई और बेहोश हो गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी हालत में सुधार है। जानकारी के अनुसार भूला निवासी 12वीं क्लास की छात्रा चंपा कुमारी पुत्री कालूराम गमेती ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना सुबह करीब 10 बजे की है। चंपा खेत पर गई थी। वहां रखे कीटनाशक को पीने के बाद वह घर लौटी। घर पहुंचते ही उसने उल्टी की। परिजनों के पूछने पर उसने दवाई पीने की बात बताई और बेहोश हो गई। परिजन तुरंत उसे रोहिड़ा के सरकारी अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सिरोही ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। एंबुलेंस 108 के पायलट पुष्पेंद्र कुमार और मेल नर्स महेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार देते हुए छात्रा को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। चिकित्सकों का कहना है कि अगले 24 घंटे महत्वपूर्ण हैं। छात्रा की स्थिति अभी चिंताजनक बनी हुई हैं। कालूराम गमेती ने बताया कि उसकी बेटी चंपा भूला चौकी के पास सरकारी स्कूल में 12वीं कक्षा की छात्रा है। उसके 8 मार्च से परीक्षा शुरू होने वाली हैं जिसको लेकर उसके सुबह परीक्षा के लिए पाटिया, स्केल, पेन लेकर आने के लिए 200 दिए थे। इसके बाद खेत के पम्प की मोटर ठीक करवाने के लिए स्वरूपगंज चला गया। दोपहर 12 बजे के आसपास सूचना मिलने पर रोहिड़ा के सरकारी अस्पताल पहुंचा वहां से बेटी को साथ लेकर एंबुलेंस की मदद से सिरोही सरकारी अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंचा।

# आदेश्वर गौशाला का स्थापना दिवस मनाया

### » भामाशाहों व गौशाला कर्मचारियों का किया सम्मान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** आम्बेश्वर महादेव मंदिर स्थित की तलहटी में प्राचिन तीर्थ आदेश्वर भगवान मंदिर पर ध्वजा रोहन किया। आदेश्वर गौशाला के तीस वर्ष पूर्ण होने पर सम्मान समारोह का आयोजन आचार्य जयचंद्रसूरी की पावन निश्रा में हुआ। गौशाला संस्थापक व अध्यक्ष रिखबदास, गौशाला को भूमि दान देने वाले भूरीबाई कुंदनमल सिंघी सिरोही परिवार से तारा बेन व कुंदनमल समेत भामाशाह एवं गौशाला कर्मचारियों का सम्मान किया गया। गौशाला पूर्व सचिव रमेश कोठारी ने गौशाला प्रारंभ से अब तक की जानकारी दी। कोमलचंद कोठारी ने परिवार व आगंतुक अतिथियों के साथ गौशाला में बने नूतन शेड का उद्घाटन किया। मंच संचालन अश्विनभाई शाह ने किया। गौशाला सचिव जयविक्रम हरण ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। गौशाला समिति की बैठक रखी गई। जिसमें रिखबदास, मिठालाल, नरेन्द्र कुमार, कमलेश, जय विक्रम हरण, मनोज कुमार एवं प्रवीण भाई उपस्थित रहे। गौशाला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए रिखबदास को सरंक्षक, पूर्व कोषाध्यक्ष मिठालाल भंडारी को अध्यक्ष व सदस्य प्रवीण भाई को सहसचिव के लिए मनोनीत किया गया। गौशाला में पल रहे 1200 गौवंश के स्वस्थ व सफाई व्यवस्था पर संतुष्टि व्यक्त की।



## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थियों ने की नवोदय विद्यालय की विजिट



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पालड़ी एम के विद्यार्थियों ने पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय कालंद्री का विजिट किया। इसके तहत प्राचार्य पी सेल्वम ने प्रभारी हनवंतसिंहसिंह राजपुरोहित एवं पंचायती शिक्षक जोगसिंह का स्वागत किया गया। प्राचार्य नेनवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा,कार्य प्रणाली को और उपलब्धियां को सविस्तर बताया। विद्यार्थियों ने डिजिटल कक्षा, आर्ट रूम, एमआई रूम, कंप्यूटर लैब, बायो लैब, फिजिक्स लैब, मैथ्स लैब, सैमसंग और स्मार्ट क्लास पुस्तकालय, संगीत कक्ष, ओपन मैथ्स लैब, आवासीय सदन भोजनालय कक्ष आदि का विजिट कर विविध जानकारी ली। प्रभारी बीएल मीणा एवं शिक्षक राजाराम वैष्णव विद्यार्थियों से फीडबैक लिया गया। जगदीश प्रसाद, ममता शर्मा और अमरसिंह आदि का सहयोग रहा।

### आग लगी, टला बड़ा हादसा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**तलहटी।** आमथला ओजातरा फली के एक घर के पास आग लग गई। हालांकि कोई जनहानी तो नहीं हुई, लेकिन समय पर आग पर काबू पाने पर लाखों की सौंफ बच गई। ओजातरा निवासी धनाराम भील के घर के पास अचानक आग लग गई। उस दौरान घर के समीप ही मोडा( सौंप रखने के लिए घास व लकडियों का बना झोपडा) में बारह से पन्द्रह बोरी सौंप रखी हुई थी। धनाराम सहित परिवार जनों ने कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिससे लाखों की फसल बर्बाद होने से बच गई।

### कल लगेगा होलाष्टक, मांगलिक कार्यों पर रहेगी रोक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** होली से आठ दिन पूर्व होलाष्टक एवं होली से शीतला सप्तमी तक माताजी का अगता होने से कुल 15 दिन समस्त शुभ कार्यों पर रोक रहेगी। ज्योतिष एवं वास्तुविद् आचार्य प्रदीप दवे ने बताया कि फाल्गुन शुक्ला अष्टमी शुक्रवार से फाल्गुन पूर्णिमा शुक्रवार कुल आठ दिन होलाष्टक रहेगा। होलाष्टक समाप्त होते ही फाल्गुन शुक्ला प्रतिपदा शनिवार से शीतला सप्तमी 21 मार्च तक कुल सात दिन माताजी का अगता रहेगा। इस प्रकार कुल 15 दिन विवाह मुहूर्त आदि शुभ मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी। मानसिक तनाव दूर करने तथा चेचक जैसी महामारी से बचने के लिए ओरी माता व शीतला माता की आराधना करने के लिए कुल 15 दिन तक समस्त शुभ कार्यों पर रोक रहती है। साथ ही इन दिनों में आकाशीय ग्रह शिथिल रहते हैं। जिससे उनका प्रभाव नकारात्मक रहता है। इसी कारण मनुष्य के शरीर की प्रकृति शिथिल हो जाती है तथा दिन में नींद, सुस्ती व आलस्य का प्रभाव बढ जाता है तथा रात्रि की नींद कम हो जाती है।

#### क्या होता है होलाष्टक

आचार्य प्रदीप दवे ने बताया कि होली से पूर्व जो आठ दिन होते है, उसे होलाष्टक कहते है। यह होलाष्टक फाल्गुन शुक्ला अष्टमी से फाल्गुनी पूर्णिमा तक कुल आठ दिन रहता है। इस अवधि में ग्रहों के शिथिल होने से उनका प्रभाव नकारात्मक होने मांगलिक कार्य करने की मनाही है।

## अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी पर संगोष्ठी का आयोजन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी वर्ष पर गोष्ठी का शुभारंभ अध्यक्षा श्रीमती पुष्पा कंवर, संस्था प्रधान गमनाराम कुम्हार ने किया। आचार्या पुष्पा कंवर ने आगंतुक मातृशक्ति का स्वागत एवं परिचय करवाया। संस्था प्रधान ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 1725 में महाराष्ट्र में हुआ था अहिल्याबाई होल्कर एक महान कुशल नेतृत्व वाली महिला थी जो निडर होकर मराठा शासन को चलाया। इस अवसर पर प्राथमिक प्रभारी रमेश कुमार चौधरी, मातृशक्ति ममता बेन,नीतू सेन,आचार्या मेघा वैष्णव,नीता कुमारी उपस्थित रहे।

## डायलिसिस मशीन चालू करवाने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीष सिंहल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सीएमएचओ के नाम पीएमओ को ज्ञापन देकर डायलिसिस मशीन शुरु करवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में किडनी रोग से ग्रस्त मरीजों को इलाज के लिए दूर.दूर के अस्पतालों में जाना पड़ता है। जिससे उन्हें मानसिक और शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। डायलिसिस मशीन के चालू होने से मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही इलाज मिल सकेगा। प्रेमसिंह लोधा, दिनेश कुमार, गोविंद भील, देवेन्द्र निगम, शेखर माथुर, शुभम विश्नोई, राहुल प्रजापत, सागर राणा आदि उपस्थित थे।



# महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था ऊंचाई पर पहुंचेगी : राज्यपाल

- बंदरगाह, नवी मुंबई विमानतल से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा
- राज्यपाल ने प्रदान किए 23वां "इंडिया एसएमई उत्कृष्टता पुरस्कार" और 14वां "प्राइड ऑफ महाराष्ट्र" पुरस्कार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के निकट विकसित हो रहे वाढवण बंदर और नवी मुंबई में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के कारण महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था ऊंचाई पर पहुंचेगी और इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को बड़ा बढ़ावा मिलेगा, ऐसा प्रतिपादन राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने किया। 'विकसित भारत के लिए लघु – मध्यम उद्योग क्षेत्र का सतत विकास' विषय पर आयोजित शिखर सम्मेलन का उद्घाटन राज्यपाल राधाकृष्णन की प्रमुख उपस्थिति में बुधवार को मुंबई में हुआ, इस दौरान वे बोल रहे थे। इस सम्मेलन का आयोजन महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एसोसिएशन और एसएमई चेंबर ऑफ इंडिया द्वारा किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में लघु और मध्यम उद्योगों का योगदान महत्वपूर्ण रहेगा। बड़े उद्योग, लघु उद्योग और सूक्ष्म उद्योग एक-दूसरे के पूरक होते हैं, इसलिए यदि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों का विस्तार होगा तो इससे बड़े उद्योगों को भी मदद मिलेगी, यह कहना राज्यपाल का।



## विकसित भारत में प्रत्येक का योगदान आवश्यक

विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश के प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान देना आवश्यक है। जापान की प्रगति में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण रहा है। औद्योगिक विकास में लघु और मध्यम उद्योगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इस दिशा में एसएमई चेंबर लघु उद्योगों को सशक्त बनाने का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। राज्यपाल के हाथों इस अवसर पर राज्य के विभिन्न लघु और मध्यम उद्योगों को 23वें "इंडिया एसएमई उत्कृष्टता पुरस्कार" और 14वें "प्राइड ऑफ महाराष्ट्र" पुरस्कार प्रदान किए गए।

## राज्यपाल ने किया लीगल सेल का उद्घाटन

इस अवसर पर राज्यपाल के हाथों राष्ट्रीय लघु और मध्यम उद्योग उत्पादकता अभियान, एसएमई टीवी और एसएमई लीगल सेल का उद्घाटन भी किया गया। महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एसोसिएशन ने अपनी रजत जयंती वर्षगांठ तथा एसएमई चेंबर ऑफ इंडिया के 32वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में इस सम्मेलन का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में एसएमई चेंबर के संस्थापक और अध्यक्ष चंद्रकांत सालुंखे, राज्यपाल के सचिव डॉ. प्रशांत नारनवरे, एएचआई मीडिया लैबोरेट्रीज के अध्यक्ष डॉ. जी. एम. वारके, एमआईडीए के मुख्य सलाहकार मोहन राठौड़, उपाध्यक्ष सुदेश वैद्य, एल एंड टी – सुफिन लिमिटेड के भद्रेश पाठक समेत कई उद्यमी और महिला उद्यमी उपस्थित थे।





## सांस्कृतिक नीति के क्रियान्वयन में कौशल विकास पर जोर : शेलार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** राज्य की सांस्कृतिक नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ, इस नीति के माध्यम से कौशल विकास से जुड़े पाठ्यक्रमों की शुरुआत कर युवा पीढ़ी के लिए नवोन्मेषी रोजगार अवसर कैसे उपलब्ध कराए जा सकते हैं, इस पर कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए, ऐसा बयान सांस्कृतिक कार्य मंत्री एड. आशिष शेलार ने दिया।पूर्व सांसद विनय सहस्त्रबुद्धे की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है, जो राज्य की सांस्कृतिक नीति के क्रियान्वयन की देखरेख करेगी। इस समिति की बैठक मंत्रालय में मंत्री शेलार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।इस बैठक में नीति निर्माण में योगदान देने वाले पूर्व सदस्य और नई कार्यान्वयन समिति के सदस्य उपस्थित थे। राज्य की सांस्कृतिक नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण चर्चा हुई, और विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए गए। बैठक में पद्मश्री गिरीश प्रभुणे, संगीतकार कौशल इनामदार, श्रीमती अनीता यलमटे, आचार्य हेमंतराजे पी. मावले, सुनील दादोजी भंडगे, लेखक अभिराम भडकमकर, शितूदादा म्हसे, पत्रकार राजेश प्रभु सालगांवकर, जगन्नाथ कृष्णा दिलीप, दर्शनिका विभाग के कार्यकारी संपादक व सचिव डॉ. दिलीप बलसेकर, सांस्कृतिक निदेशक विभीषण चवरे, पुरालेख संचालनालय निदेशक सुजीतकुमार उगले, साहित्य अकादमी सह-निदेशक सचिन निंबालकर और रंगभूमि निरीक्षण सचिव संतोष खामकर उपस्थित थे।

### औरंगजेब विवाद पर बोले यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे

# अबू आजमी को स्थायी रूप से करें निलंबित

**अबू आजमी के निलंबन पर सपा प्रमुख ने जताई आपत्ति**







**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** सपा विधायक अबू आजमी के निलंबन का सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने स्वागत किया है। शिवसेना-यूबीटी के चीफ उद्धव ठाकरे ने मांग की है कि अबू आजमी को केवल एक सत्र के लिए नहीं बल्कि स्थायी रूप से निलंबित कर दिया जाना चाहिए। उद्धव ठाकरे ने कहा कि बजट सत्र दो-तीन हफ्ता चलेगा। स्थायी रूप से निलंबन होना चाहिए। निलंबन पर सपा चीफ अखिलेश यादव ने आपत्ति जताते हुए कहा था कि सच पर लगाम नहीं लगाया जा सकता। इस पर उद्धव ठाकरे ने जवाब देते हुए कहा कि वो आपत्ति जताएं लेकिन पूरे महाराष्ट्र ने अबू आजमी के बयान पर आपत्ति जताई है। उद्धव ने कहा कि उनको चुनकर लाना है तो यूपी से चुनकर लाएं। सच का क्या मतलब है, सच वह जानते हैं।

## अखिलेश ने किया अबू आजमी का बचाव

शिवसेना–यूबीटी और सपा दोनों ही इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। अखिलेश यादव ने अबू आजमी का बचाव करते हुए कहा था,निलंबन का आधार यदि विचारधारा से प्रभावित होने लगेगा तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और परतंत्रता में क्या अंतर रह जाएगा। हमारे विधायक हों या सांसद उनकी बेख़ौफ़ दानिशमंदी बेमिसाल है। कुछ लोग अगर सोचते हैं कि 'निलंबन' से सच की जुबान पर कोई लगाम लगा सकता है तो फिर ये उनकी नकारात्मक सोच का बचपना है। आज़ाद ख्याल कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा।

## उद्धव ने की सरकार से मांग

उद्धव ठाकरे ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है कि छत्रपति शिवाजी महाराज हो या छत्रपति सांभाजी महाराज हो जो भी हमारे महाराष्ट्र के भगवान हैं। उनके खिलाफ गलत नहीं बोलना चाहिए। यह सरकार पर है कि वह इसको लेकर कठोर नियम बनाए।संसद में ऐसा नियम बनाया जाना चाहिए। वहीं, छावा फिल्म को लेकर उद्धव ठाकरे ने कहा कि महायुति में केवल छत्रपति सांभाजी महाराज के बारे में दिखाया गया है लेकिन शिवाजी महाराज के बारे में भी दिखाया जाना चाहिए। हमें उनके बारे में जानना चाहिए जिन्होंने मौत को गले लगा लिया लेकिन धर्म को नहीं छोड़ा।

### विधायक नरेंद्र मेहता का प्रयास सफल

# गंदगी से यात्रियों को मिली मुक्ति : गाड़ोदिया

- रेलवे शौचालय को मिला नया ठेकेदार
- 'पे एंड यूज' के तहत तीन साल का ठेका



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मीरा भायंदर।** स्थानीय विधायक नरेंद्र मेहता के विशेष प्रयास सफल रहा और भायंदर पश्चिम में बालाजी नगर के पास स्थित रेलवे परिसर के शौचालय को अब नया ठेकेदार मिल गया है जिससे महीनों से बंद पड़े शौचालय के बाहर फैल रही शौच की गंदगी से अब रेलवे के यात्रियों को मुक्ति मिल गई है। पूर्व सांसद राजन विचारे के प्रयासों से भायंदर पश्चिम में बालाजी नगर के पास की टिकट खिड़की के सामने शौचालय का निर्माण किया गया था यह शौचालय विगत कई माह से बंद पड़ा हुआ था। जिससे इसके बाहर ही शौच करने वालों की वजह से परिसर में गंदगी फैल रही थी जिसकी शिकायत पूर्व नगरसेवक ओमप्रकाश गाड़ोदिया ने रेलवे के अधिकारियों से की थी साथ ही विधायक नरेंद्र मेहता को भी इस शौचालय की समस्या के बारे में बताया था। मेहता ने रेलवे अधिकारियों से कहा कि अगर रेलवे प्रशासन इस शौचालय को संचालित करने में अक्षम है तो इसे मनपा को हस्तांतरित कर दें। मनपा इसे संचालित करेगी। विधायक नरेंद्र मेहता के हस्तक्षेप के बाद अब रेल यात्रियों को राहत मिली है।

इस शौचालय की देखरेख अब चौधरी इंटरप्राइजेज,मुंबई नामक कंपनी को तीन वर्षों के लिए दे दिया गया है। इस शौचालय को 'पे एंड यूज' के तहत मरम्मत और संचालित करने का ठेका दिया गया है जिसकी मुद्दत पांच मार्च 2025 से चार मार्च 2028 तक है। गाड़ोदिया ने जनता को राहत पहुंचाने के कार्य में सहयोग करने के लिए विधायक नरेंद्र मेहता के साथ ही रेलवे का आभार व्यक्त किया है।

# विश्व महिला दिवस आठ को

- चलो दौड़ें स्वच्छ नवी मुंबई के लिए
- स्वच्छता का संदेश प्रसारित करने को दौड़ेगी महिलाएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नवी मुंबई।** स्वच्छ शहर का गौरव बढ़ाने के लिए नवी मुंबई मनपा को विभिन्न संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त होता है। इसी के तहत 'रन फॉर क्लीन नवी मुंबई (चलो दौड़ें स्वच्छ नवी मुंबई के लिए)' यह एक अभिनव उपक्रम विश्व महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को नवी मुंबई मनपा के सहयोग से डॉ. डी. वाय. पाटील डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म स्टडीज की ओर से 'घे भरारी' शीर्षक के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। 8 मार्च को सुबह 6.30 बजे, सायन-पनवेल महामार्ग के निकट स्थित सर्विस रोड पर डॉ. डी. वाय. पाटील स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार से इस महिला मिनी मैराथन की शुरुआत होगी। 5 किमी की इस मिनी मैराथन में विभिन्न आयु वर्ग की महिलाएं भाग ले सकती हैं। स्वच्छता का संदेश प्रसारित करते हुए दौड़ने वाली यह मिनी मैराथन दौड़ने के महत्व को उजागर करते हुए स्वस्थ जीवन की आवश्यकता पर भी प्रकाश डालेगी। इस महिला मिनी मैराथन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का सम्मान किया जाएगा और साथ ही स्वच्छ एवं हरित नवी मुंबई को प्रोत्साहन मिलेगा। घर से ही कचरा वर्गीकरण को बढ़ावा देते हुए अधिक टिकाऊ और सर्वसमावेशी भविष्य की दिशा में आगे बढ़ते हुए, यह मैराथन स्वच्छता का संदेश जनमानस में प्रसारित करेगी। 'घे भरारी' महिला मिनी मैराथन में भाग लेने के लिए पंजीकरण आवश्यक है। मनपा ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि अधिक जानकारी के लिए 8097109241 / 8369275667 पर संपर्क किया जा सकता है।

### ई-टेक्सटाइल पोर्टल का दूसरा चरण

# वस्त्र उद्योग के लिए डिजिटल क्रांति : संजय सावकारे



- मोबाइल ऐप का उद्घाटन और "टेक्सकनेक्ट" मासिक पत्रिका का किया विमोचन


**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** वस्त्र उद्योग विभाग ने वस्त्र उद्योग के लिए अनुदान प्रबंधन प्रणाली को और मजबूत करने के उद्देश्य से ई-टेक्सटाइल पोर्टल के दूसरे चरण को विकसित किया है। यह चरण वस्त्र उद्योग में डिजिटल क्रांति लाने वाला होगा, ऐसा वस्त्र उद्योग मंत्री संजय सावकारे ने कहा। मंत्रालय में ई-टेक्सटाइल पोर्टल के दूसरे चरण के मोबाइल ऐप का उद्घाटन और "टेक्सकनेक्ट" मासिक पत्रिका का विमोचन वस्त्र उद्योग मंत्री संजय सावकारे के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर वस्त्र उद्योग विभाग के प्रधान सचिव वीरेंद्र सिंह, वस्त्र उद्योग आयुक्त संजय दैने, रेशम संचालनालय के निदेशक विनय मून, उप सचिव श्रीकृष्ण पवार, रेशम विभाग की उप सचिव श्रद्धा कोचरेकर और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री संजय सावकारे ने बताया कि आईसीआईसीआई बैंक के सहयोग से विकसित इस पोर्टल के माध्यम से अब अनुदान प्रक्रिया को तेज किया जा रहा है, जिससे अधिक पारदर्शिता और विस्तारित सेवाएं उपलब्ध होंगी। इन सेवाओं में तकनीकी वस्त्र उद्योग, लघु वस्त्र उद्योग, हथकरघा, रेशम उद्योग और संबंधित घटक शामिल हैं। दूसरे चरण के उद्घाटन के साथ, ई-टेक्सटाइल पोर्टल अब तकनीकी वस्त्र उद्योग, हथकरघा और रेशम उद्योग सहित सभी प्रमुख वस्त्र उद्योगों को बढ़ावा देगा। इस विस्तार के कारण महाराष्ट्र के वस्त्र उद्योग क्षेत्र के सभी भागीदारों को एक तेज, पारदर्शी और प्रभावी डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ मिलेगा।

## आवासीय स्कूलों में आवेदन आमंत्रित

**मुंबई।** शैक्षणिक वर्ष 2025-2026 के लिए शहर के प्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम के आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति के छात्रों को कक्षा 1 और कक्षा 2 में प्रवेश देने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना अधिकारी, मुंबई के कार्यक्षेत्र में आने वाले गांवों और बस्तियों के इच्छुक छात्रों को आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना आवेदन 31 मई 2025 तक जमा करना होगा। अधिक जानकारी के लिए आवेदक एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना, कस्तूरबा नगर पालिका मराठी विद्यालय क्रमांक 2, सभागार हॉल (भूतल), बोरिवली पूर्व में संपर्क करें।

# नागपुर के दो बच्चों की एचएमपीवी जांच रिपोर्ट 'नेगेटिव' :स्वास्थ्य मंत्री




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) कोई नया श्वसन वायरस नहीं है, बल्कि यह 2001 से प्रचलित है। एचएमपीवी आमतौर पर एक हल्की बीमारी है। इस बीमारी से नागपुर में दो बच्चों के संक्रमित होने की जानकारी सामने आई थी। प्रारंभिक चरण में ये बच्चे एक निजी अस्पताल की जांच में 'पॉजिटिव' पाए गए। इसके बाद शासकीय महाविद्यालय, नागपुर में जांच की गई, जिसमें रिपोर्ट 'बॉर्डर लाइन' आई। इसके पश्चात नागपुर एम्स में जांच की गई, जहां उनकी रिपोर्ट एचएमपीवी निगेटिव पाई गई, ऐसी जानकारी सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रकाश आबिटकर ने विधानसभा में प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान दी। राज्य में एचएमपीवी वायरस को रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों को लेकर सदस्य डा. नितिन राऊत ने प्रश्न उठाया था। इस प्रश्न का उत्तर देते हुए सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री आबिटकर ने कहा कि एचएमपीवी हल्की प्रकृति की बीमारी है, जिसके लक्षण सर्दी और खांसी जैसे होते हैं। राज्य में यह बीमारी नियंत्रण में है। इस बीमारी के संबंध में केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर स्थिति पर नजर रखी जा रही है और नागरिकों को आश्वस्त किया गया है।

# राज्य की प्रगति की डोर लाइनमैन के हाथों में : दिलीप जगदाले

- लाइनमैन दिवस के मुख्य कार्यक्रम में एमडी का संबोधन
- रक्तदान शिविर में 48 रक्त यूनिट एकत्र



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कल्याण/भांडुप।** जनमित्र यानी लाइनमैन महावितरण की प्रणाली का एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटक है। महावितरण के जनमित्र धूप, हवा, बारिश, प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं सहित विभिन्न कठिन परिस्थितियों में ग्राहकों को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए निरंतर सेवा प्रदान करते हैं। वास्तव में, उनके हाथों में राज्य की प्रगति की जिम्मेदारी है, ऐसा गौरवोद्गार महावितरण के कोंकण क्षेत्रीय विभाग के सह प्रबंध निदेशक दिलीप जगदाले ने व्यक्त किया। बिजली वितरण प्रणाली की रीढ़ माने जाने वाले लाइनमैन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए कल्याण परिमंडल में लगातार तीसरे वर्ष 4 मार्च को आयोजित लाइनमैन दिवस के मुख्य कार्यक्रम में वे बोल रहे थे।

इस अवसर पर कल्याण परिमंडल के मुख्य अभियंता चंद्रमणि मिश्रा, अधीक्षक अभियंता दीपक पाटिल, दिलीप भोले, मोहन कालोगे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। जगदाले ने कहा कि जनमित्रों को अपने दैनिक कार्य में सुरक्षा, स्वाभिमान और सेवा इन तीन मूल्यों का पालन करना आवश्यक है। उन्हें अपने कार्यों के माध्यम से गणवेश का सम्मान बढ़ाना चाहिए। प्रशिक्षण संभावित खतरों को टालने में सहायक होता है, इसलिए समय-समय पर आयोजित प्रशिक्षण में उन्हें सक्रिय भाग लेना चाहिए।

## उत्साहपूर्वक मनाया गया लाइनमैन दिवस

कल्याण–भांडुप परिमंडल के अंतर्गत विभिन्न विभागों और उपविभागों में बाइक और साइकिल रैली, रक्तदान शिविर आदि के आयोजन के माध्यम से लाइनमैन दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कल्याण पूर्व आयोजित रक्तदान शिविर में 48 रक्त यूनिट एकत्रित की गईं।मुख्य अभियंता सुनील काकड़े की उपस्थिति में कोलशेत उपविभाग में आयोजित कार्यक्रम में जनमित्रों का सम्मान किया गया।

# जनता की भावनाओं का सम्मान हो : सरनाईक

- मंत्री के हस्तक्षेप के बाद 1200 पेड़ो को मिला जीवनदान
- मीरा भायंदर मनपा ने लिया था पेड़ काटने का निर्णय



**राकेश विश्वकर्मा / जागरूक टाइम्स**

**भायंदर।** परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के हस्तक्षेप के बाद एक हजार दो सौ पेड़ो को जीवनदान मिल गया है। मीरा भायंदर मनपा कनकीया परिसर में एसटीपी विस्तार के नाम पर 1200 जीवित पेड़ो को काटने का निर्णय लिया था जिसका स्थानीय जनता ने जमकर विरोध किया और पेड़ो को बचाने के लिए मंत्री से गुहार लगाई थी। स्थानीय जनता के भारी विरोध के चलते प्रताप सरनाईक ने पेड़ों की कटाई पर रोक लगा दी जिसका स्थानीय जनता ने स्वागत किया है। गौरतलब है कि मीरा भायंदर की हवा में प्रदूषण की मात्रा अधिक होने की पुष्टि के बावजूद पेड़ो की कटाई के निर्णय से जनता में तीव्र नाराजगी देखी गई। कनकीया परिसर के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को विस्तार करने के लिए इन पेड़ो को काटा जाने वाला था जिसको लेकर जानकारों का मानना है कि एसटीपी प्लांट एक बहाना है किसी को निजी फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया था। सरनाईक ने कहा कि जनता की सुविधा को ध्यान देना जरूरी है जनता को असुविधा हो ऐसा कोई काम नहीं होना चाहिए।स्थानीय लोगों की माने तो इन पेड़ो को काटने की बजाय शहर में और पेड़ो को लगाने की जरूरत है। सूत्रों की माने तो जनता के विरोध के बाद एसटीपी प्लांट को कही और बनाने की तैयारी मनपा प्रशासन कर रहा है।

## देश के महापुरुषों के नाम हो एफओबी

**भायंदर।** मीरा भायंदर में बने तीनों एफओबी (फ्लाई ओवर ब्रिज) का नाम देश के महापुरुषों के नाम किए जाने की मांग परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने की है। मीरा भायंदर के तीन फ्लाई ओवर ब्रिज में से एक धर्मवीर आनंद दिघे के नाम पर दूसरे ब्रिज को स्वर्गीय रतन टाटा और तीसरे ब्रिज का नाम गोपीनाथ मुंडे रखने की मांग सरनाईक ने राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से की है। शहर की जनसंख्या 14 लाख के आंकड़े को पार कर गई है जिसकी वजह से वाहनों की संख्या में भारी इजाफा देखा गया है इसी को ध्यान में रखते हुए शहर में फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने का निर्णय राज्य सरकार ने लिया था। सरनाईक के अनुसार प्लेजेंट पार्क सिग्नल से सिल्वर पार्क के फ्लाई ओवर ब्रिज को धर्मवीर आनंद दिघे का नाम दिया जाय और एस के स्टोन सिग्नल से शिवार गार्डन तक के फ्लाई ओवर ब्रिज को स्वर्गीय रतन टाटा नाम दिया जाय और शिवार गार्डन से गोल्डन नेस्ट तक के फ्लाई ओवर ब्रिज का नाम गोपीनाथ मुंडे ब्रिज रखा जाय। सरनाईक ने बताया कि शहर के कई सामाजिक संगठनों ने इन महापुरुषों के नाम दिए जाने की मांग की थी जिसके बाद उन्होंने यह मांग राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समक्ष रखी है।

## नवी मुंबई मनपा लोकतंत्र दिवस सात अप्रेल को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नवी मुंबई।** महाराष्ट्र शासन के निर्देशानुसार नवी मुंबई महानगरपालिका स्तर पर प्रत्येक माह के पहले सोमवार को नवी मुंबई मनपा मुख्यालय में लोकतंत्र दिवस का आयोजन किया जाता है। अप्रेल माह का लोकतंत्र दिवस सात अप्रेल को आयोजित किया जाएगा। आवेदकों को अपने आवेदन दो प्रतियों में, निर्धारित प्रारूप में 24 मार्च तक आयुक्त, नवी मुंबई मनपा के नाम से, आवेदन के बाहरी भाग पर 'लोकतंत्र दिवस के लिए आवेदन' यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित करते हुए प्रस्तुत करना होगा।

उक्त आवेदन में उल्लिखित शिकायत/ निवेदन व्यक्तिगत स्वरूप में होना आवश्यक है। आवेदन एक ही विभाग से संबंधित और एक ही विषय पर आधारित होना चाहिए।

### 'बालस्नेही पुरस्कार 2024' का वितरण

# राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को सशक्त किया जाएगा : अदिति



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** महिला व बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने सभी संबंधित पक्षों से बच्चों की सुरक्षा, सशक्तिकरण और विकास के लिए एकजुट होकर काम करने की अपील की। उन्होंने बताया कि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। 'बालस्नेही पुरस्कार 2024' समारोह का आयोजन यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान में किया गया। इस अवसर पर महिला व बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे, राज्य मंत्री मेघना बोर्डीकर, राज्य मंत्री पंकज भोयर, विधायक संजय केळकर, विधायक मनीषा कायंदे सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपर महासंचालक अश्वती दोर्जे, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आयोग की अध्यक्ष सुशीबेन शाह ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए एक पारदर्शी प्रणाली आवश्यक है। उन्होंने बताया कि 'चिराग ऐप' विकसित किया गया है, जिससे बाल अधिकारों की जानकारी प्राप्त की जा सकती है और शिकायतें दर्ज की जा सकती हैं।

## सभी पुलिस थानों में लगेंगे पोस्टर

अदिति तटकरे ने बताया कि यह पोस्टर सभी पुलिस थानों में लगाए जाएंगे, जिनमें क्यूआर कोड होगा, जिससे बाल अधिकार संरक्षण आयोग की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। आयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और मूलभूत अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए काम कर रहा है। राज्य सरकार आयोग को मजबूत करने और आधुनिक तकनीकों को बाल एवं महिला सुरक्षा सेवाओं में शामिल करने को हर संभव समर्थन दे रही है।

# फार्मर रजिस्ट्री शिविर में किसानों ने करवाए पंजीयन



**कालन्द्री।** एग्रीस्टेक योजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री प्रोजेक्ट के तहत ग्राम पंचायत भवन मडिया में तीन दिवसीय किसान रजिस्ट्री शिविर संपन्न हुआ। शिविर प्रभारी भू अभिलेख निरीक्षक लालाराम ने बताया कि इस शिविर में 374 किसानों ने अपनी-अपनी खातेदारी भूमि का रजिस्ट्रेशन करवा कर यूनिक आइडी प्राप्त की। इस मौके अधिकारी कर्मचारियों सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। इसी क्रम में आमलारी में फार्मर रजिस्ट्री कैंप के पहले दिन 200, दूसरे दिन 162 व तीसरे दिन 195 किसानों का रजिस्ट्रेशन किया गया। केंप प्रभारी व राजस्व निरीक्षक जितेंद्रकुमार रावल, पटवारी भीमराज, गोविंदकुमार, ग्राम विकास अधिकारी सोहन परमार, ग्राम रोजगार सहायक मोहन मेघवाल, शिक्षा सहायक मोहम्मद जावेद, रतनाराम, कनिष्ठ सहायक नरींगाराम मेघवाल, प्रशासक धरोपीदेवी राणा, उप प्रशासक दौलतदान चारण, प्रशासकीय कमेटी मेंबर मदन सैन, चेलाराम, इ-मित्र संचालक राजेंद्रकुमार राव, ललितकुमार राव, राजेंद्रकुमार मेघवाल सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** ग्राम पंचायत खाम्बल में प्रशासक श्रीमती मनोहर देवल के सानिध्य में फार्मर रजिस्ट्री कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 539 किसानो का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया। इस दौरान समाजसेवी शैतानसिंह सोनगरा, ग्राम विकास अधिकारी योगेश दवे, आरआइ बदाराम कुम्हार, पटवारी रश्मि चौधरी, भारत भूषण, पंचायत सहायक परिवर्तनकंवर आदि का सहयोग रहा।



**पोसालिया।** कस्बे में ग्राम पंचायत परिसर में सोमवार से बुधवार को राजीव गांधी सेवा केन्द्र पोसालिया में तीन दिवसीय कृषक पंजीकरण शिविर बुधवार को संपन्न हुआ। शिविर प्रभारी भू अभिलेख निरीक्षक उमेश गोयल, ग्राम विकास अधिकारी मंगलेशकुमार मीणा ने बताया कि प्रथम दिवस 230, द्वितीय दिन 244 व तीसरे दिन 190 कृषकों का ऑनलाइन पंजीकरण कार्य किया गया। कृषकों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर पंजीकरण करवाया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती रेखाकंवर, मानसिंह राव, पटवारी मदनलाल मीणा, कनिष्ठ सहायक रूपसिंह, ग्राम विकास अधिकारी मंगलेशकुमार मीणा, अरविंदकुमार छीपा, पंकजकुमार, कृषि पर्यवेक्षक हंसराज एवं सूचना सहायक जिगरकुमार उपस्थित रहे।



## विधायक कोली ने सदन में उठाया शिक्षा के क्षेत्र में आवश्य सुधार का मुद्दा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** विधायक मोतीराम कोली ने मंगलवार को प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा पर विचार के दौरान रेवदर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में आवश्यक सुधार को लेकर मुद्दा उठाया।

विधायक कोली ने विधानसभा सत्र के दौरान सरकार को अवगत करवाते हुए बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े क्षेत्र को आगे ले जाने के लिए विद्यालयों के ' न्मोनयन की आवश्यकता है। जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय जावल, गोरेली, सांगराली को माध्यमिक अथवा उच्च माध्यमिक विद्यालय में ' मोन्नत करने से वहां अध्ययनरत बच्चों को शिक्षा से वंचित नहीं होना पड़ेगा। संसाधनों के अभाव में विद्यालय से कई विद्यालय ड्रॉप आउट हो जाते है। इसी प्रकार मारोल ग्राम पंचायत के वांती व पोसींतरा में नवीन विद्यालय खोलने की आवश्यकता है। कोली ने विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को लेकर भी सरकार से मांग करते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करजीया दत्ताणी, रामपुरा पी गुन्दवाडा, वासाडा जैतावाड़ा, अनापुर, हरणी अमरापुरा में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की मांग की। उन्होंने सरकार का ध्यान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में रिक्त पडे प्रधानाचार्य के पदों की ओर आकर्षित करवाते हुए कहा कि बांट, जैतावाड़ा, मण्डार, गुन्दवाडा, सोनेला, मगरीवाड़ा, जीरावल, अनादरा, दौलपुरा, लूणोल, मालगांव, जोलपुर, पादर में प्रधानाचार्य के पद रिक्त पड़े है। जिन पर नियुक्तियां की जाए। जिससे कि विद्यालय में शिक्षण व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित चल सकें। विधायक ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेवदर में कृषि संकाय शुरू करने की मांग की। राजकीय महाविद्यालय रेवदर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के आने-जाने के लिए बस सुविधा चालू करने की मांग करते हुए कहा कि रेवदर बस स्टैण्ड से कॉलेज की दूरी तीन किलोमीटर से अधिक है। कॉलेज में अधिकांश बालक बालिकाएं दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आते है लेकिन कॉलेज जहां पर संचालित है वहां जाने के लिए कोई यातायात की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से महाविद्यालय स्तरीय बस सुविधा शुरू की जाए।



# माधव विवि में खेल महोत्सव का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में 3 से 8 मार्च तक खेल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन चेयरमैन डॉ. राजकुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्य' म की शुरुआत की। प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर, रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत, फार्मेसी विभाग के अधिष्ठाता डॉ. सुशील भार्गव, इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉ. अभिनव द्विवेदी, होम्योपैथीक की निदेशक डॉ. भारती देसाई, परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश कुमार महावर, अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्रसिंह परमार, चीफ स्टेट ऑफिसर महेंद्रसिंह गुर्जर और चीफ फाइनेंस ऑफिसर मुकेश कुमार सक्सेना सहित संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। चेयरमैन डॉ. राजकुमार ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि वे नेतृत्व, टीम वर्क और समस्या-समाधान जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित करने में भी सहायक होते हैं। यह महोत्सव छात्रों को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करेगा। खेल महोत्सव के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिनमें ि'केट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, खो-खो, कैरम, शतरंज और क्विज प्रतियोगिताएं शामिल हैं। छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खेलों के पहले दिन हुए मुकाबलों में क्रिकेट और वॉलीबॉल के मैच सबसे रोमांचक रहे। छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। खेल महोत्सव का समापन 8 मार्च को होगा। जिसमें विजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।



## प्रतियोगिता में आशापुरा क्लब केलवा विजेता

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** केलवा खटीक समाज जिलास्तरीय एक दिवसीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन श्यामलाल वाटिका केलवा में किया गया। जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि राजसमंद विधायक दिप्ती माहेश्वरी व कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड़, विशिष्ट अतिथि राजसमंद प्रधान अरविंदसिंह राठौड़, रेलमंगरा प्रधान आदित्यप्रतापसिंह व खटीक समाज जिलाध्यक्ष भेरुलाल आदि उपस्थित रहे। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि ऐसे आयोजन करने से समाज में युवाओं का जुड़ाव बढ़ेगा और खेलने से सभी युवा फिट एवं स्वस्थ रहेंगे। प्रतियोगिता में विजेता प्रथम टीम आशापुरा क्लब केलवा को 11 हजार रुपए ओर ट्रॉफी एवं उप विजेता आशापुरा क्लब जूनियर 5 हजार 500 रुपए देकर पुरस्कार दिया गया।

## तीन भैंस चोर गिरफ्तार, पिकअप व भैंसें बरामद

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** केलवा थाना क्षेत्र में भेस चोरी की पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों की गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की भैंस व 1 पिकअप बरामद की गई। थानाधिकारी लक्ष्मणराम विश्नोई ने बताया कि केलवा निवासी हीरालाल पुत्र भंवरलाल पालीवाल ने रिपोर्ट देकर बताया कि तासोल से थोड़ी दुरी पर उसका बाड़ा है। जिसमें गाय एवं भैंस को बांधते है। बाडे से कुछ दूरी पंकज पुत्र सुरेश जोशी निवासी तासोल का बाडा है। 22 फरवरी रात को उसके बाड़े में एक भैंस एक पाडी तथा पंकज जोशी के बाडे से दो भैंस व दो बछडे अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे ओर मोबाइल की लोकेशन के आधार पर चारभुजा थाना धानीन निवासी आरोपी जगदीश पुत्र मांगीलाल बागरिया, उदयपुर थाना डबोक बाबाजी की तलाब निवासी छगन बंजारा पुत्र हिरालाल बंजारा व देलवाड़ा थाना बिलोता निवासी लखना पुत्र गांगाराम बागरिया को पूछताछ करने पर भैस चोरी करना स्वीकार किया। जिनको गिरफ्तार कर उनके पास से चुराई भैंस तथा पिकअप गाड़ी बरामद की गई।



## एमनेस्टी योजना के तहत पैनल्टी और ब्याज में छूट ले सकते हैं वाहन मालिक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा वाहन स्वामियों को राहत देने के लिए तीन एमनेस्टी योजनाएं लागू की गई हैं। इन योजनाओं के तहत ई-रवन्ना ओवरलोडिंग चालानों में भारी छूट, नष्ट हो चुके वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र निरस्तीकरण की सुविधा और पुराने बकाया के लिए वाहन स्वामियों को ई-रवन्ना में 95 प्रतिशत छूट दी जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी आरपी वैष्णव ने समस्त वाहन स्वामियों से आग्रह किया है कि ई-रवन्ना चालानों का समय पर भुगतान कर बकाया चालानों का निस्तारण योजना के तहत करावें। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार भार वाहनों का वित्तीय वर्ष 2025-26 कर अग्रिम कर जमा करने की अंतिम तिथि 15 मार्च है। निर्धारित तिथि तक कर जमा करवाए। तिथि उपरांत जमा नहीं करवाने वाले वाहनों को जब्त करने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला परिवहन कार्यालय सिरोही को वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवंटित लक्ष्य को प्राप्ति करने के लिए कार्यालय के अधीन कार्यरत तीनों उड़न दस्तों को सिरोही-पाली एवं सिरोही-रेवदर मार्ग पर संघन जांच अभियान तहत 1 से 4 मार्च तक उड़न दस्तों द्वारा विभिन्न अपराध कारित वाले वाहनों के विरूद्ध कुल 1 हजार 742 चालान बनाकर 55 लाख का राजस्व प्राप्त किया गया है।

## त्रिस्तरीय जनसुनवाई आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में त्रिस्तरीय जनसुनवाई अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारीअतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने दी।

## शिविर में 150 लोगों का किया नेत्र परीक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालन्द्री।** जैला में तारा संस्थान उदयपुर व एसबीआई फाउंडेशन के सयुंक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। समाजसेवी किशोरसिंह ने बताया की शिविर में सवराटा, कोरटा एवं जैला से ग्रामीणों ने जांच कराई गई। नटवरसिंह ने बताया की 150 मरीजों की जांच की गई। इसके अलावा पांच मरीजों के ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। नेत्र विशेषज्ञ पदमा शर्मा ने मरीजों की बारीकी से जांच की। सरपंच समुदेवी, स्वास्थ्य कर्मी प्रिंच, कमेलश कुमार, सुरताराम मेघवाल, उम्मेदसिंह, चौथाराम समेत ग्रामीणों का सहयोग रहा।



## आरक्षित वर्ग के लिए भूखण्ड आरक्षित करने लॉटरी का आयोजन

**सिरोही।** चड़ुआल के रीको के औद्योगिक क्षेत्र चड़ुआल में औद्योगिक भूखंड ई-नीलामी/आवंटन प्रक्रिया प्रारम्भ करने से पूर्व आरक्षित श्रेणी के भूखण्डों का आरक्षण करने के लिए लॉटरी का आयोजन बुधवार को किया गया। लॉटरी कमेटी में उपखंड अधिकारी सिरोही के साथ जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक सहीराम व रीको के इकाई प्रभारी मनोज कुमार त्यागी सदस्य उपस्थत रहे। औद्योगिक क्षेत्र चड़ुआल में कुल 173 औद्योगिक प्रयोजनार्थ भूखण्ड नियोजित है। नियमानुसार जिनमें से आरक्षित वर्ग के लिए भूखंड आरक्षित करने के लिए 168 भूखण्डों की लॉटरी का आयोजन किया गया। जिसमें एससी/एसटी केटेगरी के लिए 10 भूखण्ड, वूमन कैटेगरी के लिए 7 भूखण्ड, बेंचमार्क डिसेबिलिटी पर्सन के लिए 4 भूखण्ड, एक्स सर्विस मेन के लिए 3 भूखण्ड एवं डिपामेन्ट ऑफ डिसिजन एएफएस/पैरामिलिट्री पर्सोनल के लिए 2 भूखण्ड लॉटरी के माध्यम से आरक्षित किए गए।

## विधानसभा में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण की मांग उठाई

**राजसमंद।** राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधानसभा सदन में पर्ची के माध्यम से राज्य सरकार का ध्यान द्वारकाधीश कन्या महाविद्यालय एवं किरण माहेश्वरी महाविद्यालय के सामने यात्री प्रतीक्षालय निर्माण की ओर आकर्षित किया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने राज्य सरकार से शीघ्र यात्री प्रतीक्षालय निर्माण का आग्रह किया, जिससे विद्यार्थियों और आमजन को सुरक्षित एवं सुविधाजनक परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके।

## एक राज्य, एक चुनाव से विकास को मिलेगी गतिः माहेश्वरी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने एक राज्य, एक चुनाव को ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि बार-बार चुनाव होने से विकास कार्य बाधित होते हैं एवं प्रशासनिक क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस विषय को गंभीरता से उठाते हुए उन्होंने तारांकित प्रश्न के माध्यम से राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित किया और शीघ्र चुनाव करवाने की आवश्यकता जताई। स्वायत शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार नवंबर तक सभी निकायों के चुनाव संपन्न कराने का प्रयास कर रही है। प्रदेश में कुल 305 नगर निकाय हैं। जिनके चुनाव पांच चक्रों में होते हैं। आगामी चुनावों में ईवीएम मशीनों का उपयोग किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर अन्य राज्यों से भी मशीनें मंगवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि सभी निकायों के चुनाव एक साथ होने से चुनाव आचार संहिता के प्रभाव से विकास कार्यों में होने वाली देरी समाप्त होगी और सरकारी खर्च में भी कमी आएगी। चुनाव प्र' या सीमांकन एवं परिसीमन कार्य पूर्ण होते ही प्रारंभ की जाएगी। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि एक राज्य, एक चुनाव से लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और प्रशासनिक प्र' याओं में सुगमता आएगी।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER P.H.E.D. DN. SOJAT CITY
E-mail:- eephedsojat@yahoo.com, Ph. No. 02960-222148, Fax No.:- 02960-222148
No. PHE/TA/NIT/2024-25/5054-67 Date :- 26.02.2025
निविदा सूचना संख्या : 125/2024-25
राजस्थान के राज्यपाल की ओर से विभिन्न कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के पंजीकृत संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदायें प्राप्त करने हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in NIB Code No. **PHE2425A4889** and UBN No. **PHE2425WSOB10635** पर देखा जा सकता है।
DIPR/C/2932/2025
(Monu Kumar Meena)
EXECUTIVE ENGINEER
P.H.E.D. DN. SOJAT CITY

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड फालना
E_mail :- eephedfalna@yahoo.com, Ph.:- 02938-233684
-: अल्पकालीन ई-निविदा सूचना 148-152/2024-25 :-
राजस्थान के सरकार के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं अन्य मान्यता प्राप्त ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07.03.2025 को मध्यान्ह पश्चात् 2.00 बजे तक ऑनलाईन बेची जाकर, उसी दिनांक को मध्यान्ह पश्चात् 2.00 बजे तक ऑनलाईन प्राप्त की जाकर उसी दिन मध्यान्ह पश्चात् 03.30 बजे तक उपस्थित ठेकेदारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाईन खोली जाने की कार्यवाही की जायेगी। धरोहर राशि फालना में देय किसी भी बैंक के ई-ग्रास चालान के रूप में स्वीकार्य होगी। उक्त निविदा की नियम व शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
शर्त - 1. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पास होगा। 2. निविदा बेचने एवं प्राप्ति के दिन यदि राजकीय अवकाश होगा तो निविदा दूसरे दिन बेची व प्राप्त की जायेगी।

| NIT No. | UBN No. | NIT No. | UBN No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|---|---|---|
| 148 | PHE2425WSOB10722 | 149 | PHE2425WSOB10723 | 150 | PHE2425WSOB10726 |
| 151 | PHE2425WSOB10727 | 152 | PHE2425WSOB10729 | | |

( महेन्द्र सिंह राठौड )
अधिशाषी अभियंता
जन. स्वा. अभि. विभाग, खण्ड फालना
DIPR/C/2878/2025

# विद्यालय में नवप्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** मॉडल विद्यालय में नवप्रवेश की प्रक्रिया शुरु हो गई है। संस्थाप्रधान श्याम सुन्दर व्यास ने बताया कि विद्यालय में कक्षा प्रथम में 40 सीटों तथा बाकि की कक्षाओं में रिक्ति यों के अनुसार प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश पंजीयन आवेदन पत्र कार्यालय समय में विद्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया ऑफ लाइन रहेगी। प्रवेश पंजीयन 8 मार्च से प्रारम्भ होंगे तथा अंतिम तिथि 17 मार्च रहेगी। कक्षा 9 के प्रवेश का आधार प्रवेश परीक्षा रहेगी। जो 19 मार्च को स्थानीय विद्यालय में आयोजित होंगी। प्रवेश प्रक्रिया आरसीएससी की गाइडलाइन की अनुपालना में पूर्णतः आरक्षण रोस्टर के अनुसार होंगी।



**रेवदर।** स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय रेवदर में सत्र 2025-26 में कक्षा 1 से 9 तक रिक्त पदों पर नवीन प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी हैं। प्रधानाचार्य केशरसिंह राव ने बताया कि पंजीयन आवेदन जमा करवाने की अन्तिम दिनांक 17 मार्च तक हैं। कक्षा 1 से 8 तक प्रवेश के लिए चयनित आवेदकों की सूची का प्रकाशन 20 को किया जाएगा। कक्षा 9वी में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा स्थानीय विद्यालय में 19 को आयोजित की जायेगी। सत्र 2025-26 में कक्षा 1 से 9 तक रिक्त सीटों के अनुसार प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाऐंगे। रिक्त सीटों की जानकारी विद्यालय के नोटिस बोर्ड से प्राप्त की जा सकेगी। प्रवेश प्रभारी संजीव कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रवेश पंजीयन के साथ मूलनिवास प्रमाण-पत्र, आधारकार्ड, जनाधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, विशिष्ट श्रेणी यथा विधवा, परित्यक्ता, बीपीएल प्रमाण-पत्र इत्यादि की छाया प्रति व वर्तमान अध्ययनरत प्रमाण-पत्र अथवा पूर्व कक्षा की अकंतालिका संलंग्न करना अनिवार्य होगा।

## हर्षोल्लास से मनाया वार्षिकोत्सव

**सिरोही।** सेन गली स्थित सांवलिया सेठ भगवान के मंदिर का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। अभिषेक के लाभार्थी चेतन देवड़ा व प्रांचु देवड़ा रहे। दोपहर को आरती की गई। महिलाओं ने दिनभर नृत्य करते हुए भजन कीर्तन किए। सेन समाज के सभी भक्तजन ए महिलाओं सहित जाजम पर एकत्रित हुए। महाप्रसादी के लाभार्थी किशनलाल गोयल नायब तहसीलदार का सम्मान किया गया। समस्त लाभार्थियों का कार्यकारिणी की ओर से सम्मान किया।

प्रारूप-10
( निगम-6 ( 7 ) देखिए )
प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका, पिण्डवाडा
पत्रांक:न.पा.पि./भूमि/2024-25/9127 दिनांक: 24.02.2025
-: लोक सूचना :-
इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन ( आवासीय प्रयोजनार्थ ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम मय पता | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 श्री झालाराम पुत्र श्री कसनाराम रबारी निवासी मंडवारिया, श्री मनोहर सिंह पुत्र श्री भंवर सिंह राजपुत, निवासी डीगार, श्री सुधीर बर्मा पुत्र श्री लालचंद बर्मा कुम्हार, निवासी मण्डिया, श्री भूपेश कुमावत पुत्र श्री कन्हैया लाल कुमावत, निवासी सहेली नगर, उदयपुर, श्री जयेश देसाई पुत्र श्री वीरा राम, निवासी इशनपुरा, अहमदाबाद. | जिला- सिरोही तहसील - पिण्डवाडा | ग्राम-पटवार हल्का पिण्डवाडा- II, तह. पिण्डवाडा | 2507, 6155/2513, 6123/2510, 6119/2508, 6121/2509, 6124/2511 | कुल रकबा 7-00-10 बीघा में सें 17882.20 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा ।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 24.02.2025 को जारी की गयी।
प्राधिकारी अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, पिण्डवाडा

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PHED CITY DIVISION BARMER
Phone No. 02982-220610 E-mail. eecity01@gmail.com
NO.EE/PHED/BAM/2024-2025/5296-5314 DATE/21.02.2025
NIT NO. 2024-25/102 to 104
NIB No. PHE2425A4773
Online tenders are invited on behalf of the Governor of Rajasthan for the following works from enlisted contractors with the PHED Rajasthan and meeting eligibility criteria, Contractors enlisted with other Departments of Government of Rajasthan and enlisted with CPWD/Postal, Telecom, Railway, MES, other state Govt. / Central Govt. undertaking/ organizations equivalent in Rajasthan meeting eligibility criteria may apply after giving prescribed Earnest Money. The tender documents can be downloaded from the web site http://eproc.rajasthan.gov.in. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site. www.dipronline.org.& sppp.rajasthan.gov.in

| NIT No. | UBN No. | Name of Work | Estimated Cost ( Rs. in Lacs) | Earnest Money (Rs. in Rs.) | Tender Fees | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2024-25/102 | PHE2425 WSRC10330 | Maintenance of Tube Well/Open Well/ Single Phase Tube Well under Rural Sub Dn. I Barmer | 40.00 | 80000.00 | 500.00 | 12 Month |
| 2024-25/103 | PHE2425 WSRC10332 | Maintenance of Tube Well/Open Well/ Single Phase Tube Well under Rural Sub Dn. II Barmer | 30.00 | 60000.00 | 500.00 | 12 Month |
| 2024-25/104 | PHE2425 WSRC10332 | Maintenance of Tube Well/Open Well/ Single Phase Tube Well under City Sub Dn. Prod. Barmer | 20.00 | 40000.00 | 500.00 | 12 Month |

Last Date & time of online submission of tender document-**05.03.2025 up to 6.00 PM**
Last Date & time of physical submission of document etc - **06.03.2025 up to 11.00 AM**
Date & time of opening of technical bid- **06.03.2025-11.00 AM**
Date & time of opening of Financial bid - **To be intimated online**
(Bijendra Prasad Meena)
Executive Engineer
PHED City Dn.. Barmer
DIPR/C/2906/2025

## सुविचार

एक सफल मनुष्य होने के लिये सुदृढ व्यक्तित्व की आवश्यकता है।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## महाराष्ट्र विधानसभा में विवाद

महाराष्ट्र विधानसभा सदस्य अबू आजमी के बयान के बाद औरंगजेब को लेकर उत्पन्न विवाद ने एक नई बहस को छेड़ दी है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब भाजपा विधायक नितेश राणे और समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आसिम आजमी के बीच औरंगजेब के मुद्दे पर तीखी बहस हुई। नितेश राणे ने विधानसभा में कहा कि जो लोग वंदे मातरम नहीं बोलते और औरंगजेब का महिमामंडन करते हैं, वे गद्दार हैं और उन्हें राज्य से बाहर निकाल देना चाहिए। इसके जवाब में अबू आसिम आजमी ने कहा कि मुस्लिम युवकों ने औरंगजेब का स्टेटस रखा, तो उन पर अपराध दर्ज किया गया, जबकि अन्य समुदाय के लोग महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे का महिमामंडन करते हैं, उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। इस विवाद के बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि औरंगजेब किसी का हीरो नहीं हो सकता, यहां तक कि मुसलमानों का भी नहीं, और उसके महिमामंडन को कतई सहन नहीं किया जाएगा। यह विवाद केवल विधानसभा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में भी इसका असर दिखने लगा है। अहमदनगर, कोल्हापुर, और लातूर जैसे शहरों में औरंगजेब के स्टेटस लगाने को लेकर तनाव और हिंसा की घटनाएं सामने आईं। लातूर के किल्लारी गांव में एक व्यक्ति द्वारा औरंगजेब का स्टेटस लगाने पर हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। बात यदि औरंगजेब की करें तो इतिहास के पन्नों में उसका नाम एक क्रूर शासक के रूप में दर्ज है, जिसने छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके पुत्र संभाजी महाराज के खिलाफ षडयंत्र रचे थे। महाराष्ट्र की जनता छत्रपति शिवाजी महाराज को अपना आदर्श मानती है, इसलिए औरंगजेब का महिमामंडन उन्हें आहत करता है। यह संवेदनशील मुद्दा है, जो समाज में विभाजन और तनाव को बढ़ा सकता है। विधानसभा में इस प्रकार के विवाद से यह स्पष्ट होता है कि राजनीतिक दल अपने-अपने एजेंडे के तहत ऐसे मुद्दों को भुनाने का प्रयास करते हैं। लेकिन यह आवश्यक है कि जनप्रतिनिधि समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा दें, न कि विभाजनकारी राजनीति को। समाज के सभी वर्गों को समझना होगा कि इतिहास को बदलना संभव नहीं है, लेकिन वर्तमान और भविष्य को बेहतर बनाने के लिए हमें मिलकर काम करना होगा। धार्मिक और सांप्रदायिक मुद्दों पर राजनीति करने से समाज में केवल वैमनस्यता बढ़ती है, जो राज्य और देश के विकास में बाधक है। महाराष्ट्र विधानसभा में औरंगजेब पर हुआ विवाद हमें यह सिखाता है कि हमें अपने इतिहास से सीख लेकर वर्तमान में समाज की एकता, शांति और प्रगति के लिए कार्य करना चाहिए। राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि वे जिम्मेदाराना व्यवहार करें और ऐसे मुद्दों पर राजनीति करने से बचें, जो समाज में विभाजन को बढ़ावा देते हैं।

### निजी कंपनियों के बीच

# चांद पर चौधराहट जमाने की होड़



संजय श्रीवास्तव

**चां**द की सतह पर प्राइवेट कंपनी के पहले मून लैंडर 'ब्लू घोस्ट' के उतरने के बाद, वहां अब दूसरा लैंडर भी उतर चुका है और कई उतरने की कतार में हैं। कुछ प्रक्षेपित होने वाले है, कुछ सफर में हैं तो कई प्रक्षेपणों की योजनाएं तैयार हैं। चांद पर चंद्रयानों की भीषण चांदमारी को देखते हुए इनसे संबंधित संभावनाओं और आशंकाओं के आंकलन के साथ ही तमाम सवाल भी सतह पर उभर आये हैं। दुनिया के तमाम देश चांद पर अपनी अपनी चौधराहट की इतनी चाहत क्यों रखते हैं,आखिर वे किस उद्देश्य और उम्मीद में इसके लिये पूरा ज़ोर लगाये हुए हैं ? बेशक, चांद पर उतरना, उस पर दावा ठोंकना भविष्य में भारी फायदे का सौदा होगा, तभी तमाम देश इसे इतनी प्रखरता के साथ भारी पूंजीगत व्यय के जरिये प्रयासरत हैं।

इमेज

चंद्रारोहण महंगा अभियान होने के साथ तकनीकी तौर पर बेहद जटिल तथा समयबद्ध और समयसाध्य भी है।सरकारें चाहे वे महाशक्तियों की हों अथवा विकसित या विकासशील देशों की, सभी ने पाया है कि अंतरिक्ष मिशनों में निजी कंपनियों को शामिल करना सुभीते से भरा है, यह समझौता जन, धन और समय बचाता है। साथ ही कुशलता, दक्षता, समयबद्धता बढाता है,जबकि इससे विफलता साझा हो जाती है।

यह तो सरकारी स्पेस एजेंसियों के फायदे की बात है लेकिन प्राइवेट स्पेस एजेंसियां किस लाभ के लिये इतना कठिन कार्य कर रही हैं? क्या महज इसलिये कि उन्हें सरकार द्वारा दिये गये शोध, विकास, तकनीक और निर्माण संबंधी कार्यों से बेहतर पैसा मिलता है? इस काम में सफलता और कुशलता उनको वैश्विक अंतरिक्ष बाज़ार में स्थापित करायेगी और वे उपग्रह प्रक्षेपण, अंतरिक्ष पर्यटन, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक कार्गो परिवहन जैसी सेवाएँ प्रदान कर महत्वपूर्ण राजस्व कमाएंगी? इससे ये आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से पर्याप्त धन जुटाने सक्षम होंगी और उद्यम पूंजी और निजी इक्विटी निवेश आकर्षित कर पाएंगी? या फिर इसलिए कि वे अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए नई तकनीकों का विकास करने की प्रक्रिया में ऐसी तकनीक विकसित कर पेटेंट ले सकती हैं, जिसका पृथ्वी पर भी उपयोग हो सकता है, आज भी हम तमाम ऐसी तकनीक तथा वस्तुओं का आम जीवन में इस्तेमाल करते हैं जिनका आविष्कार वस्तुतः अंतरिक्ष क्षेत्र के लिये किया गया था। जाहिर है इस क्षेत्र में काम करते हुए उनके द्वारा सामग्री विज्ञान, दूरसंचार और रोबोटिक्स में सुधार के दौरान कुछ ऐसा भी निकल सकता है जिसका सामान्य व्यवसायीकरण किया जा सकता है, अथवा इससे बढ़कर वे अपने बुनियादी ढांचे तथा तकनीक विकास के दम पर समूचा विश्व जिस तरह चांद के व्यावसायीकरण के प्रयास में है, उसका दोहन करना चाहता है, उसमें भी अपना कुछ स्वतंत्र हिस्सा देख रहीं हैं?

विदेशी स्पेस कंपनियां जिस तरह चांद पर अपने रोवर भेज कर शोध करने, जानकारी जुटाने के लिये होड़ में लगी हुई हैं, उससे संकेत मिलता है कि भविष्य में वे भी इस व्यवसाय, बाज़ार का दावेदार बनना चाहेंगी। क्योंकि चांद पर किसी देश का हक नहीं है। चांद के दोहन में एक समय बाद कंपनियां संबंधित सरकार की शह पर सरकारी एजेंसियों के समानांतर व्यवस्था बना सकती हैं। प्रश्न यह है कि यह परिदृश्य किसी देश, समाज, विश्व और विश्व आर्थिकी के लिए क्या अर्थ रखेगा? चांद हमारे सौर मंडल का प्रवेश द्वार है, यहां पहुंच जाएं तो हम अंतरग्रहीय अभियान आसानी से चला सकेंगे और अंतरिक्ष दोहन के तमाम रास्ते सुगम हो सकेंगे। चांद पर व्यावसायिक अभियान तथा उनके दवारा बारीक से बारीक जानकारियां इकट्ठा करना इसी उद्देश्य पूर्ति हेतु किया जा रहा है। चंद्रमा पर उतरने वाले लैंडर पता लगायेंगे कि क्या वे पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले जीपीएस उपग्रहों से संकेतों को ग्रहण करके उनका इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे धरती और चंद्रमा के बीच संचार की कड़ी बन जायेगी। वे चंद्रमा के अंदरूनी भाग का राज उजागर कर पता लगायेंगे कि चंद्रमा से गर्मी कैसे निकलती है, वे इसके विकासक्रम को समझने तथा चंद्रमा की धूल से निपटने की काट सुझायेंगे। ये चंद्रमा की सतह पर बर्फ तलाशेंगे, इसमें कामयाब रहे तो भविष्य में इसे पीने के पानी, सांस लेने की हवा और रॉकेट ईंधन में बदला जा सकेगा। वैज्ञानिक समझना चाहते हैं कि जब कोई चंद्रयान चांद की सतह पर उतरता है, तो वहां जो धूल उठती वह चंद्रयान के उतरने के बाद गुरुत्वाकर्षण बल के अभाव में सतह पर कैसे बैठ जाती है। ऐसी और दूसरी तमाम जानकारियां जुटाने, नए प्रयोग करने के लिये इस साल सरकारी अंतरिक्ष एजेंसियां के अलावा ब्लू ओरिजिन, इंट्यूटिव मशीन, आईस्पेस और एस्ट्रोबोटिक जैसी कई निजी कंपनियां भी चंद्र मिशन लॉन्च कर रही हैं। अमेरिका अपने मानव मिशन को चांद पर भेजने के अलावा लंबे समय तक वहां रहने की व्यवस्था भी देख रहा है इसके लिये वह खास इलाका तलाश रहा है जहां ऐसे अंतरिक्ष यात्रियों को उतारा और ठहराया जा सके इसके लिये वह क्षेत्र विशेष में कई रोवर उतारने की तैयारी में है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में सरकारों और निजी अंतरिक्ष कंपनियों का मिलन बेहतर संयोग नजर आता है। पर ये बहुत विशालकाय अर्थव्यवस्था वाली कंपनियां चांद के बाज़ार को कब्जाने की कोशिश अवश्य करेंगी और भविष्य में अपने वर्तमान तकनीकि निवेश और दूसरे संसाधनों की सहायता का न सिर्फ आर्थिक कीमत वसूलेंगी बल्कि दूसरे अर्थों में भी फायदा उठाने से नहीं चूकेंगी। लेकिन मात्र इस दूरंदेशी आशंका के आधार पर इनकी अनिवार्य उपयोगिता तथा लाभ को खारिज नहीं किया जा सकता।



फिलहाल अंतरिक्ष के क्षेत्र में जो अपार विस्तार हुआ है उस दौर में निजी कंपनियों और सरकारों का संबंध अन्योन्याश्रित सा हो चुका है। ऐसे में यह आकलन आवश्यक है कि चंद्र अभियानों में जुड़ी कंपनियों की सरकार के साथ भागीदारी अंतरिक्ष के किस क्षेत्र में किन शर्तों पर हो ताकि वे भविष्य में रक्षा सुरक्षा, गोपनीयता, संचार एवं निजी व्यवसायिक हितों पर नकारात्मक प्रभाव न डालें। विगत वर्षों में भारत ने भी अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों, स्टार्टप्स के लिए खोला और नतीजे बहुत बेहतर हैं। हालांकि भारतीय अंतरिक्ष बाज़ार में उतरने वाली कंपनियां उतनी विशाल नहीं जितनी कुछ दूसरी देशों की या फिर अमेरिकी स्पेस कंपनियां। इसलिये यहां ऐसी आशंकाएं न्यून हैं। भारत अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम का विस्तार कर रहा है, जिसमें चंद्रमा पर एक बेस स्थापित करने और चंद्रमा पर नियमित मिशन संचालित करने की योजना है। इसरो ऐसा चंद्र रोवर विकसित कर रहा है जिनका उपयोग वैज्ञानिक अनुसंधान और वाणिज्यिक अनुप्रयोगों दोनों के लिए किया जा सकता है।

## पंचांग

गुरुवार, 6 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - फाल्गुन |
| पक्ष | - शुक्ल |
| तिथि | - सप्तमी 10.52 तक |
| वार | - गुरुवार |
| नक्षत्र | - रोहिणी 24.06 तक |
| योग | - विष्कुंभ 20.30 तक |
| करण | - विष्टि 22.02 तक |
| सूर्योदय | - 06.55 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.44 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.59 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 06.45 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - वृषभ |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.26 से 13.13 |
| राहु काल | - 14.18 से 15.47 |
| व्रत, त्यौहार | - होलाष्टक प्रारंभ 10.52, भद्रा 10.52 से 22.02, मृत्युयोग 24.06 से सूर्योदय |
| दिशा शूल | - दक्षिण |

शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## नहीं जा पा रहे खाटूश्याम दरबार...तो करें यह काम

विश्व प्रसिद्ध बाबा श्याम के मंदिर में हर साल करोड़ों श्रद्धालु उनके दर्शन करने आते हैं। भक्तों के अनुसार मंदिर में पहुंचकर खाटू नरेश के सामने अर्जी लगाने से मनोकामना पूरी होती है। लेकिन कुछ लोग किसी कारण से दर्शन करने नहीं जा पाते हैं। तो ऐसे लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं। दरअसल अभी बाबा श्याम का फाल्गुन लक्खी मेला चला रहा है, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हरियाणा, यूपी, बिहार सहित देश विदेश से भक्त बाबा श्याम के दर्शन करने आ रहे हैं। लेकिन ऐसे अनेकों भक्त हैं, जो मेले में जाकर बाबा श्याम के तो दर्शन करना चाहते है, लेकिन किसी कारण से वे नहीं जा पा रहे। तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि मंदिर के मुख्य पुजारी बताते हैं, कि आप घर पर ही कुछ उपाय करके बाबा को प्रसन्न कर सकते हैं, तो चलिए जानते हैं इस बारे में पुजारी ने क्या बताया है।

**कृष्ण के रूप में करें श्याम की पूजाः**
खाटू श्याम जी मंदिर के मुख्य पुजारी मोहनदास महाराज ने बताया, कि कृष्ण के रूप में बाबा श्याम की पूजा अर्चना करने से जिस जगह पर भी वह हैं, वहीं से बाबा श्याम उसकी भक्ति को स्वीकार कर लेते हैं। पुजारी ने बताया, कि बाहरी दिखावे से ज्यादा आंतरिक रूप से बाबा की भक्ति करें। सच्चे और शुद्ध मन से जो बाबा को पूजता है उसका काम भी नहीं रुकता है।

**घर पर करें यह काम :**
पुजारी ने आगे बताया, कि बाबा का मुख्य मेला एकादशी को होता है। यह दिन सभी श्याम भक्तों के लिए बहुत विशेष होता है। क्यूंकि जिस दिन बाबा का शीश मिला था वह एकादशी का दिन था। ऐसे में बाबा को खुश करने के लिए इस दिन व्रत जरूर रखें, और खाटू नरेश की पूजा अर्चना करें। इसके अलावा उन्हें उनके पसंदीदा भोजन का भोग लगाएं।

**बाबा को जरूर भेंट करें मोरपंखः**
आगे वे बताते हैं, कि बाबा श्याम को भगवान कृष्ण का रूप माना जाता है। उनके वरदान के कारण ही बर्बरीक श्याम बने थे। मोरपंख को भगवान कृष्ण का प्रतीक माना जाता है। इसीलिए व्रत के दौरान बाबा श्याम की फोटो के पास मोरपंख जरूर रखें। वहीं आगे खाटूश्याम जी मंदिर के मुख्य पुजारी महंत मोहनदास महाराज ने बताया, कि बाबा को सच्चे मन से कोई कहीं से भी याद करता है, तो वे उनकी मनोकामना जरुर पूरी करते हैं। भक्त घर पर आराम से व्रत करके गाय के दूध से बने व्यंजनों का भोग लगाएं और रात को व्रत खत्म करते समय बाबा का कीर्तन करें।

## तारीख विशेष

### राष्ट्रीय पोशाक दिवस

आज राष्ट्रीय पोशाक दिवस है। हर साल 6 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। यह एक महत्वपूर्ण उत्सव है जो भारतीय संस्कृति और परंपराओं को महत्व देता है। इस दिन लोग अपने स्थानीय और राष्ट्रीय पोशाकों में खुशियां मनाते हैं और अपने सांस्कृतिक धरोहर को महसूस करते हैं। राष्ट्रीय पोशाक दिवस का मुख्य उद्देश्य है भारतीय पोशाक और सांस्कृतिक पहनावे को बढ़ावा देना। इस दिन लोग अपने राष्ट्रीय पोशाकों को पहनकर गर्व महसूस करते हैं और अपने देश की धरोहर को समझते हैं। इस दिन कई सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी और परेड होते हैं जिनमें लोग अपने राष्ट्रीय पोशाकों में सजते-सजाते भाग लेते हैं। स्कूल, कॉलेज, कार्यालय और सामुदायिक संगठन भी इस दिन को ध्यान में रखते हैं और राष्ट्रीय पोशाकों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हैं। राष्ट्रीय पोशाक दिवस एक ऐसा अवसर है जो भारतीय समाज में सांस्कृतिक एकता और गर्व को समझाने का माध्यम बनाता है। इस दिन को ध्यान में रखते हुए हमें अपने देश के पोशाकों का महत्व समझना चाहिए और उन्हें समर्थन देना चाहिए। यह दिवस भारत की विविध और समृद्ध पोशाक संस्कृति का उत्सव मनाने के लिए मनाया जाता है। इस दिन, लोग पारंपरिक भारतीय पोशाक पहनते हैं और देश की विभिन्न संस्कृतियों का प्रदर्शन करते हैं। भारत में विभिन्न प्रकार की पोशाकें हैं, जो विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। राष्ट्रीय पोशाक दिवस इन पोशाकों को प्रदर्शित करने और लोगों को उनके बारे में जागरूक करने का एक अवसर प्रदान करता है।

### क्या हमारी यौन चाहत का पता देती हैं

# हमारे हाथ की लकीरें...?

एन.के. अरोड़ा

**हस्तरेखाशास्त्र पूर्णतः गणितीय विज्ञान नहीं है, इसमें बहुत कुछ विश्लेषणकर्ता के विवेक, अनुभव और उसकी अंतदृष्टि पर निर्भर करता है। लेकिन यह भी सच है कि गहन अध्ययन से हस्तरेखाशास्त्र विशेषज्ञ किसी व्यक्ति में मौजूद असानता को पहचान लेता है। मसलन हस्तरेखाओं से यह जाना जा सकता है कि कोई व्यक्ति अपने पार्टनर से किस तरह की अंतरंगता की चाहत रखता है। वह शांत भाव की कामना करता है या आक्रामकता की ख्वाहिश रखता है। एक परिपक्व हस्तरेखाशास्त्र विशेषज्ञ किसी के हाथ के आकार, रूप, रंग, उसकी त्वचा को देखकर बता सकता है कि उसकी सेक्सुअल चाहतें कैसी होंगी? मसलन- यदि किसी महिला की हथेली की त्वचा नरम व लचीली है, उसकी रेखाएं पतली और ऊपर ही ऊपर खिंची हुई हों, हृदय रेखा, मस्तिष्क रेखा की तुलना में बड़ी हो, हृदय रेखा और मस्तिष्क रेखा के बीच की दूरी कम हो, तर्जनी (अंगूठे की ओर से गिनने पर पहली उंगली) अक्सर तीसरी उंगली से बड़ी हो, हथेली गुदगुदी, लचीली और आसानी से दब जाने वाली हो तो माना जाता है कि ऐसी हस्तरेखाओं वाली महिला किसी समान लिंगी अथवा विपरीत लिंगी के प्रति कोई कामोत्तेजना महसूस नहीं करती बल्कि वह वह अपने ही शारीरिक अंगों को स्पर्श करके, सहलाकर, संतुष्टि प्राप्त कर लेती है।**

इमेज

**ह**स्तरेखा की जानकारी एक प्राचीन विद्या है, जो हाथ की लकीरों और उंगलियों के आकार से किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व, उसके सामान्य स्वभाव और यौन व्योहार के जानने का दावा करती है। हालांकि अब तक कोई ऐसा ठोस वैज्ञानिक प्रमाण सामने नहीं आया, जो साबित करे कि यह किसी भी स्थिति में सही साबित होने वाला दावा है। हाथ की लकीरों या उंगलियों की बनावट से किसी के यौन व्यवहार या उसके यौन झुकाव का बिलकुल सौ फीसदी साफ़-साफ़ पता लगा पाना संभव नहीं है। क्योंकि यौन झुकाव शारीरिक संरचना का अनिवार्य गणितीय नतीजाभर नहीं होता। यौन झुकाव अनेक जैविक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कारकों से प्रभावित होता है। फिर भी हस्तरेखाशास्त्र के अनुमान किसी व्यक्ति के यौन स्वभाव का अनुमान लगाने में काफी हद तक सही पाए गए हैं। हमारे हाथ की रेखाएं किसी हद तक हमारे जिस्म की चाहतों का खुलासा कर देती हैं यानी हाथों की लकीरों से किसी के यौन व्यवहार को जाना जा सकता है।

लेकिन इसके शत-प्रतिशत सही होने का दावा नहीं किया जा सकता, जब तक वह व्यक्ति न खुद न स्वीकार करे जिसके बारे में अनुमान लगाए गए हों। किसी व्यक्ति के स्वयं स्वीकार न करने पर ऐसा नहीं कहा जा सकता कि चूंकि यह लकीर व्यक्ति की हाथ में है तो उसमें यह विशेष चाहत तो होगी ही होगी। हस्तरेखाशास्त्र पूर्णतः गणितीय विज्ञान नहीं है, इसमें बहुत कुछ विश्लेषणकर्ता के विवेक, अनुभव और उसकी अंतदृष्टि पर निर्भर करता है। लेकिन यह भी सच है कि गहन अध्ययन से हस्तरेखाशास्त्र विशेषज्ञ किसी व्यक्ति में मौजूद असानता को पहचान लेता है। मसलन हस्तरेखाओं से यह जाना जा सकता है कि कोई व्यक्ति अपने पार्टनर से किस तरह की अंतरंगता की चाहत रखता है। वह शांत भाव की कामना करता है या आक्रामकता की ख्वाहिश रखता है। एक परिपक्व हस्तरेखाशास्त्र विशेषज्ञ किसी के हाथ के आकार, रूप, रंग, उसकी त्वचा को देखकर बता सकता है कि उसकी सेक्सुअल चाहतें कैसी होंगी? मसलन- यदि किसी महिला की हथेली की त्वचा नरम व लचीली है, उसकी रेखाएं पतली और ऊपर ही ऊपर खिंची हुई हों, हृदय रेखा, मस्तिष्क रेखा की तुलना में बड़ी हो, हृदय रेखा और मस्तिष्क रेखा के बीच की दूरी कम हो, तर्जनी (अंगूठे की ओर से गिनने पर पहली उंगली) अक्सर तीसरी उंगली से बड़ी हो, हथेली गुदगुदी, लचीली और आसानी से दब जाने वाली हो तो माना जाता है कि ऐसी हस्तरेखाओं वाली महिला किसी समान लिंगी अथवा विपरीत लिंगी के प्रति कोई कामोत्तेजना महसूस नहीं करती बल्कि वह वह अपने ही शारीरिक अंगों को स्पर्श करके, सहलाकर, संतुष्टि प्राप्त कर लेती है। ऐसी महिलाओं को आत्मसक्त कहा जाता है। आत्मसक्त महिलाएं हों या पुरुष, संतुष्टि के लिए सबसे ज्यादा हस्तमैथुन का सहारा लेते हैं। लेकिन सभी आत्मसक्त व्यक्ति हस्तमैथुन ही करते हों, यह जरूरी नहीं है। इसी प्रकार सभी हस्तमैथुन करने वालों को आत्मसक्त नहीं माना जा सकता है। इसी प्रकार पुरुष समलैंगिकों के हाथों की लकीरों से भी बहुत कुछ पता चलता है। मसलन- उनकी हथेली की त्वचा नरम, कोमल होती है। भाग्य रेखा, हथेली की कलाई से ठीक ऊपर वाले भाग से अपने प्रारंभिक बिंदु से जीवन रेखा में गड्ड-मड्ड होकर चलती है। भाग्य रेखा चंद्र पर्वत से भी प्रारंभ हो सकती है, लेकिन वह थोड़ा-सा चलकर ही जीवन रेखा के साथ जुड़ जाती है। अक्सर हृदय रेखा, मस्तिष्क रेखा की अपेक्षा अधिक गहरी और खिंची हुई होती है। इन दोनों रेखाओं के बीच की दूरी इनके मध्य बिंदुओं पर कम हो जाती है। पैसिव (समलैंगिक संसर्ग के समय स्त्री की भूमिका निभाने वाला) समलैंगिक व्यक्ति में हृदय रेखा बिल्कुल सीधी अथवा कभी-कभी मस्तिष्क रेखा पर गिरती हुई-सी खिंची होती है। सामान्यतः प्रत्येक पैसिव समलैंगिक की हथेली में शुक्र वलय पाया जाता है।

समलैंगिक स्त्री की हथेली में निम्न लक्षण आमतौर पर पाए जाते हैं। शुक्र वलय बहुत स्पष्ट और अर्द्धगोलाकार होता है। मस्तिष्क रेखा अक्सर लम्बी और घुमावदार होती है। मस्तिष्क रेखा अक्सर अपने प्रारभिक बिंदु पर ही जीवन रेखा से अलग होती है और उससे जुड़कर नहीं चलती। हृदय रेखा घुमावदार होती है और नीचे से ऊपर को जाती है। हृदय रेखा और मस्तिष्क रेखा के बीच की दूरी उनके मध्य बिंदुओं पर कम होती है। मगर याद रखिये यह भी संभव है कि किसी समलैंगिक व्यक्ति के हाथ में उपरोक्त कोई लक्षण मिले ही नहीं और यह भी हो सकता है कि सारे लक्षण मिल जाएं। कहने का मतलब यह है कि समलैंगिकों के हाथों में लगभग हमेशा ही इसकी उपस्थिति मिलती है फिर भी निश्चित रूप से यह नहीं कहा जा सकता कि जिस व्यक्ति के हाथ में ये सब लक्षण मौजूद हो, वह समलैंगिक ही हो। यह कुछ ऐसा ही है जैसे घोड़ा चार पैरों वाला जानवर होता है, लेकिन प्रत्येक चार पैरों वाला जानवर घोड़ा नहीं होता।



## गीता सार

**यथैधांसि समिद्धोऽग्नि र्भस्मसात् कुरुतेऽर्जुन।**
**ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुते तथा॥**

**-: हिंदी भावार्थ :-**
हे अर्जुन! जिस प्रकार अग्नि लकड़ियों को जला देती है, उसी प्रकार ज्ञानरूप अग्नि सम्पूर्ण कर्मों को जला देती है ॥37॥

## पाठक पाती

### निरूद्धेश्य नहीं होते हैं पर्व और त्यौहार

'स्वास्थ्य ही धन है' को सार्थक करने में पर्व और त्यौहारों की अहं भूमिका के मद्देनजर ही हमारे पूर्वजों और ज्योतिषियों ने मौसमानुसार इनको निर्धारित और मनाने की मान्यता दी है। भारत में हर दिन पर्व और त्यौहार रहता है, जो हर धर्म के अनुसार अलग-2 तरीकों से मनाए जाते हैं, जो निश्चित रूप से आध्यात्म से भी जुड़े हुए हैं। जीवन शैली को आध्यात्म से जोड़ने से हमारा मानसिक और शारीरिक स्वस्थता बनी रहती है। खासतौर से इसमें संयम, व्रत उपवास, दान, आहार, विहार, तीर्थाटन और तप आदि आते हैं, जिसके दौरान परोपकार से हम आत्म कल्याण कर सकते हैं। इनका पालन करने वाले व्यक्ति अन्य व्यक्तियों की अपेक्षा अधिक स्वस्थ, चुस्त तथा दुरुस्त रहते हैं। अस्तु धर्म, पर्व, त्यौहार और आध्यात्म से जुड़कर हमें रहना चाहिए।

-बी एल शर्मा 'अकिंचन' तराना-उज्जैन


पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को केदारनाथ रोपवे परियोजना को मंजूरी दे दी। इस रोपवे परियोजना पर करीब 4,081 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इस रोपवे को डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण मोड पर विकसित किया जाएगा।

- अश्विनी वैष्णव



भारत की विरासत को कोसना सपा की आदत है। दुर्भाग्य है कि उन्होंने औरंगजेब को आदर्श माना है। औरंगजेब का पिता शाहजहां अपनी जीवनी में लिखता है खुदा करे ऐसा कमबख्त किसी के घर पैदा न हो। उसने आगरा के किले में अपने बाप को कैद करके रखा। एक-एक बूंद के लिए तरसा कर रखा।

- योगी आदित्यनाथ



भाजपा के लोग सिर्फ नाम बदलने का काम करते हैं और कोई काम नहीं करते। हम समाजवादी लोग हैं, समाजवादी लोग कभी नहीं बदलते। भाजपा के लोग सिर्फ जनता में भ्रम फैलाते हैं, क्षेत्रों में भ्रम फैलाते हैं, विधानसभा में भ्रम फैलाते हैं।

- शिवपाल यादव

## कुछ अलग | अजब गजब

# 'वेटिकन सिटी' में नहीं है एक भी हॉस्पिटल 96 सालों से नहीं पैदा हुआ कोई बच्चा

धरती पर तेजी से जनसंख्या बढ़ रही है। इसको ध्यान में रखकर हॉस्पिटल, स्कूल से लेकर तमाम बुनियादी चीजों को बढ़ावा मिल रहा है, ताकि लोगों की जिंदगी आसान बन सके। लेकिन क्या आप किसी ऐसे देश का नाम जानते हैं, जहां पर एक भी हॉस्पिटल नहीं है? इतना ही नहीं, इस देश में 96 सालों से कोई बच्चा भी पैदा नहीं हुआ। हमने अपने बड़े-बुजुर्गों से अक्सर 'बच्चों के बिना घर सूना' कहावत से लेकर 'हम दो, हम दो' नारे तक सब कुछ सुना है। ये सब सुनते-सुनते और देखते-देखते भारत विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया। लेकिन, इस धरती पर एक ऐसा देश है, जहां पर 96 सालों से कोई बच्चा ही पैदा नहीं हुआ। यहां तक की वहां पर कोई अस्पताल भी नहीं है। 21वीं सदी में भला ऐसा कौन सा देश है, जहां हॉस्पिटल नहीं है? हमारे जेहन में ये सवाल सबसे पहले आता है। लेकिन आपको बता दें कि सच में ये देश है, लेकिन मान्यता प्राप्त देशों की सूची में यह सबसे छोटा है। इस देश में रोमन कैथोलिक ईसाई धर्म के सभी धर्म गुरु निवास करते हैं। अब तक तो आप समझ गए होंगे, लेकिन फिर नहीं जानते तो हम बता रहे हैं। इस देश का नाम वेटिकन सिटी है। यह विश्व का सबसे छोटा देश भी है। इस देश के बारे में आश्चर्य की बात यह है कि इस देश में अब तक एक भी बच्चा पैदा नहीं हुआ है। जी हां, यह देश 11 फरवरी 1929 को बना था, लेकिन उसके बाद से यहां पर एक भी बच्चा पैदा नहीं हुआ। क्या आप जानते हैं ऐसा क्यों है? दुनिया भर के सभी कैथोलिक चर्च और कैथोलिक ईसाई इसे अपनी जड़ मानते हैं। कैथोलिक चर्च, उसके पादरी और दुनिया भर के प्रमुख धार्मिक नेताओं को यहीं से नियंत्रित किया जाता है। महत्वपूर्ण जानकारी यह है कि इस देश के गठन के बाद से यहां कोई अस्पताल नहीं बनाया गया है। कई बार अस्पताल बनाने का अनुरोध किया गया, लेकिन हर बार इनकार कर दिया गया। ऐसे में यहां कोई गंभीर रूप से बीमार हो या कोई महिला गर्भवती होती है, तो उन्हें रोम के अस्पताल में भेज दिया जाता है। बता दें कि यह देश रोम सिटी के बीचों-बीच है। ऐसा कहा जा रहा है कि वेटिकन सिटी में अस्पताल न खोलने का निर्णय संभवतः इसके छोटे आकार और आसपास के क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं की गुणवत्ता के कारण लिया गया होगा। दरअसल, वेटिकन सिटी का क्षेत्रफल मात्र 118 एकड़ है।



# टीबी के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ. धर्म सिंह मीणा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिले में 24 मार्च तक चलने वाले टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की आगामी कार्य योजना और इस संबंध में की जा रही गतिविधियों के बारे में मीडिया को अवगत कराने हेतु आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्मसिंह मीणा की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय पर किया गया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ.मीणा ने अभियान के सफलता के लिए मीडिया की सहभागिता की आवश्यकता जताई। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के अंतर्गत किए जा रहे प्रयासों से जिले की 188 ग्राम पंचायतों में से 48 ग्राम पंचायतें एक साथ टीबी मुक्त होने की ओर अग्रसर है। पिछले एक साल में इन ग्राम पंचायतों में रोगियों के केसों की संख्या में कमी आई है। इन पंचायतों में अब एक हजार की जनसंख्या पर औसत एक टीबी मरीज रह गए हैं। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करने के लिए विभाग द्वारा 6 इंडिकेटर्स निर्धारित किए हैं। जिले की 48 ग्राम पंचायतें अन्य सभी 6 मानदंडों पर भी खरी उतरी हैं। जिनमें टीबी यूनिट धौलपुर की 17, बाड़ी की 7, बसेड़ी की 5,राजाखेड़ा की 19 ग्राम पंचायतें टीबी रोग मुक्त होंगी। इस संबंध में विभाग द्वारा राज्य टीबी अनुभाग को रिपोर्ट भेज दी है। अब मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद की अध्यक्षता में सत्यापन हेतु टीम गठित होगी। टीम द्वारा रिपोर्ट तैयार कर जिला कलक्टर महोदय को प्रेषित की जाएगी 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के अवसर पर जिला कलक्टर इसका अनुमोदन कर पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करेंगे। डॉ. मीणा ने बताया कि सितंबर 2022 में शुरू हुई प्रधानमंत्री टीबी मुक्त ग्राम योजना के अंतर्गत अभियान चलाकर विभाग द्वारा टीबी मुक्ति हेतु प्रयास किए जा रहे है। धौलपुर जिले में विभाग के अधीन अभी करीब 4 हजार 300 टीबी के मरीज एक्टिव हैं। पहले चरण के बाद आगामी महीनों में अन्य ग्राम पंचायतों में भी यह प्रयास किए जाएंगे। सीएमएचओ डॉ.मीणा ने बताया कि अभियान के लिए जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, टीबी उपचारित रोगियों, टीबी चैंपियन, स्वास्थ्य कर्मियों, आशा सहयोगिनियों और स्वास्थ्य मित्र कार्यकर्ताओं के ग्रुप बनाए गए है इन ग्रुपों के सहयोग से व्यापक जन जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के साथ ही पंचायत के टीबी रोगियों को जांच और उपचार-परामर्श सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है।

**इन 6 मानकों को पूरा करने पर घोषित किया जाता है टीबी मुक्त :** उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए निर्धारित मापदंड के लिए संदिग्ध टीबी मामलों की जांच प्रति हजार लोगों पर 30 या इससे अधिक टेस्ट होने चाहिए, टीबी नोटिफिकेशन दर प्रति हजार जनसंख्या पर 1 या एक से कम टीबी रोगी होना चाहिए, उपचार सफलता दर 85 फीसदी रोगी इलाज के बाद ठीक होने चाहिए, ड्रग ससेप्टिबिलिटी टेस्ट के तहत 60 प्रतिशत मरीजों की हाईटेक मशीनों से जांच होनी चाहिए, 100 फीसदी मरीजों को निक्षय पोषण योजना का लाभ, निक्षय मित्र द्वारा पोषण किट वितरण, शत प्रतिशत मरीजों को सरकार द्वारा निर्धारित पोषण किट मिलना चाहिए।

**शेष पंचायतों को टीबी मुक्त करने के किए जा रहे है प्रयास :** उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस तक खास अभियान चलाकर टीबी मुक्त की दिशा में काम किया जा रहा है। आशा सहयोगिनियों द्वारा जगह जगह पर नारा लेखन, विद्यालयों में निबंध और अन्य वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन कर आमजन को जागरूक करने के प्रयास किए जा रहे है साथ ही विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

# सिरेकंवरी देवी का संथारा 39वें दिन भी गतिमान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** महाराणा प्रताप चौक के निकट स्व. झूमर मल बैद की धर्मपत्नी सिरेकंवरी देवी का संथारा बुधवार को 39वें दिन भी गतिमान है। उक्त श्राविका ने 26 जनवरी की दोपहर को आचार्य श्री महाश्रमण की आज्ञा मिलने के बाद संथारा व्रत स्वीकार किया था। विशेष बात यह है कि संथारा साधिका अभी तक चैतन्य अवस्था में है तथा आने जाने वालों का अभिवादन स्वीकार करते हुए खमन खामणा भी कर रही है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राकेश अरोड़ा भी बुधवार को संथारा साधिका के दर्शन एवं मंगलभावना व्यक्त पहुंचे। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार श्याम जैन, पत्रकार मदन मोहन आचार्य, चूरू जिला अरबन कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष राहुल पारीक, जयराम आचार्य भी उनके साथ थे। इस अवसर पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ईओ राकेश अरोड़ा ने कहा कि जैन धर्म और तेरापंथ संघ का त्याग तप सबसे अलग होता है। संथारा एक ऐसा विलक्षण त्याग है जो सर्वोच्च अध्यात्म भावना का प्रतिरूप होता है। अरोड़ा ने कहा कि मैं जैन धर्म के साधु साधुओं के संपर्क में रहा हूं तथा उनकी त्याग तपस्या तथा जीवन चर्या से बहुत प्रभावित हूं। इस अवसर पर संथारा साधिका की सेवा व्यवस्था में लगे हुए परिजन रायपुर की संतोष सिपाणी, सरदारशहर की मंजू डोशी, पदम बैद, पूजा जैन, नेहा एवं अमित बैद तथा भिवानी की सुनीता नाहटा आदि उपस्थित थी इन लोगों ने अरोड़ा सहित अन्य आगंतों का अध्यात्म भावना से स्वागत किया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बीमा समिति की द्वितीय बैठक सम्पन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण एवं भारत सरकार के संयुक्त विजन के अनुरूप सबको बीमा अभियान 2047 के तहत जिला स्तरीय बीमा समिति की द्वितीय मासिक बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में किया गया। देश की आजादी के शताब्दी वर्ष अर्थात 2047 तक सबको बीमा के दायरे में लाना इसका उद्देश्य है। जिला कलक्टर ने बीमा कंपनियों को सबको बीमा अभियान 2047 के प्रचार-प्रसार किये जाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही जिले में वित्तीय साक्षरता के लिए संचालित कार्यक्रमों में बीमा संबंधी जानकारी एवं जागरूकता के विशेष सत्र आयोजित करवाने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि बीमा योजनाओं के लाभ को जन-जन तक पहुंचाने और बीमा क्लेम प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। आमजन की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बीमा एक महत्वपूर्ण माध्यम है और हर व्यक्ति तक बीमा को पहुंचाने के लिए राज्य सरकार की योजना 'सबको बीमा अभियान 2047' को लेकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए। इस दौरान सबको बीमा अभियान 2047 के क्रम में राज्य बीमा योजना एवं जिला स्तरीय समिति की ओर से किए जाने वाले कार्यों एवं दायित्वों के बारे में संक्षेप में बताया गया। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग धौलपुर के सहायक निदेशक एवं गठित जिला स्तरीय कमेटी के सदस्य सचिव अजीत सिंह ने बताया कि इस अभियान का लक्ष्य बहुत ही महत्वपूर्ण है। जैसा कि सामाजिक जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को किसी ने किसी रूप में बीमा योजना के सुरक्षा कवच से सुरक्षित होना आवश्यक है, जिससे स्वयं को एवं परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो सके। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, शाखा प्रभारी यूनाइटेड इण्डिया इंश्योरेंस कम्पनी बलराम मीना सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सर्वे के लिए पहुंची एनक्वास की टीम ने चिकित्सालय का किया निरीक्षण

## दो दिन तक यहीं रुककर परखेगी स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** उप जिला अस्पताल के सर्वे के एनक्वास (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड) की टीम बुधवार को उप जिला अस्पताल पहुंची। जहा टीम में शामिल अधिकारियों ने अस्पताल का निरीक्षण किया और पैरामीटर्स पर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को परखा। टीम दो दिन यहीं रहेगी। एनक्वास यानी राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक विशेष प्रोग्राम है। ये कायाकल्प सर्वे से ऊपर स्तर का सर्वे है और इसका उद्देश्य उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही मरीजों को बेहतर इलाज व अच्छा माहौल उपलब्ध करवाना है। जो सार्वजनिक क्षेत्र के अस्पताल, डिस्पेंसरी इत्यादि इस दिशा में काम कर रहे हैं, उनकी



सेवाओं को जांचने के बाद उन्हें एनक्वास प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है। ये संस्था व उनके अधिकारियों, कर्मचारीयों के प्रोत्साहन स्वरूप मिलता है। बुधवार को आई एनक्वास टीम के डॉ योगेंद्र तनेजा,महिपाल सिंह,रितेश व ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी राज चौधरी व अस्पताल इंचार्ज डॉ. धमेन्द्र भामू ने वार्ड, दफ्तर, ओटी व अन्य कक्षों का निरीक्षण किया। तथा डॉक्टरों व मरीजों से चर्चा की। अस्पताल परिसर की स्वच्छता के साथ ही प्रबंधन व्यवस्था की जानकारी ली। टीम गुरुवार को भी यहीं रहकर विभिन्न मानकों पर जांच-पड़ताल करेगी।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह का निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रेखा यादव द्वारा 5 मार्च बुधवार को राजकीय बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संप्रेषण गृह के सभी बालकों से रूबरू होकर संप्रेषण गृह में निरुद्ध बालकों को अनुशासित दिनचर्या में रहने, अच्छा नागरिक बनने, जीवन में सुधार करने एवं रचनात्मक कार्य करने की सीख दी एवं बालकों को जीवन में सुधार लाने के साथ अच्छी पुस्तक पढ़ने, विद्या अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संप्रेक्षण गृह में सुरक्षा के लिए तैनात गार्ड एवं सीसीटीवी कैमरों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। संप्रेषण गृह में बच्चों के भोजन, आवास, चिकित्सीय व्यवस्था, रसोई घर, शौचालय, स्नान गृह इत्यादि सुविधाओं का जायजा लिया तथा शिशु गृह के बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा संप्रेषण गृह में रजाई, गद्दे कंबल एवं कमरों व टंकियों की साफ सफाई एवं बच्चों को पढ़ने की किताबें उपलब्ध कराने के आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड धौलपुर नीतू, सहायक प्रशासनिक अधिकारी संप्रेषण गृह गोरेलाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आशुलिपिक राहुल डंडोतिया मौजूद रहे।

# गोवर्धन लीला के जरिए भगवान ने प्राणीमात्र व पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** ग्राम जोड़ी में ठाकुर आनंद सिंह, नीरू सिंह व यजमान ज्योतिका सिंह, मधुसूदन सिंह द्वारा आत्म कल्याण, सर्वजन हिताय तथा गौ सेवार्थ आयोजित भागवत कथा में छठे दिन कथा व्यास पं. रामपाल शर्मा शास्त्री जैसलान ने श्रद्धालुओं को गिरिराज पूजा के माहात्म्य को वर्णन करते हुए कहा कि भगवान् ने इसके जरिए कृषि,गौरक्षा, वाणिज्य, पर्यावरण संरक्षण तथा यज्ञस्वरूप परार्थ सत्कर्म करने का मानव मात्र को संदेश दिया है। भागवत में कालिय नाग के नियंत्रण का कथानक भी जल प्रदूषण व सांसारिक विष रूप विषयों को नियंत्रित करने की सीख है। चित्त की वृत्तियों के आवरण का नष्ट हो जाना ही चीरहरण लीला है तथा उन वृत्तियों का आत्मा में रम जाना ही रासलीला है। कथा व्यास पं. शर्मा ने चीरहरण व रासलीला प्रसंगों के आध्यात्मिक अर्थ को समझाते हुए बताया कि गोपियों के मन में यह भावना कि वे नारी हैं, यह अहंभाव है गोपी भाव नहीं। वासना का त्याग ही गोपी भाव है तथा यही भक्ति की पराकाष्ठा है जिसमें जीव का शिव से मिलन होता है। रस समूह यानी परम आनंद का एकीकरण ही रास है। भगवान् खुद रस स्वरूप हैं। पांच अध्यायों में रासलीला का वर्णन भागवत के पंच प्राण हैं। जीवन का ह्रास हो जाये इससे पहले भगवत् रास आवश्यक है।

# दिल्ली में राजस्थान की एकमात्र सरपंच हुई महिला दिवस पर सम्मानित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** दिल्ली में विज्ञान भवन में केंद्रीय सरकार द्वारा आयोजित सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत महिला दिवस पर देश भर की महिला पंचायत नेत्रियों को उनके द्वारा अपनी पंचायत में समाज के लिए नवाचार कर नई दिशा देने हेतु सम्मानित किया गया, जिसमें कुल 24 राज्यों को शामिल किया गया, राजस्थान से यह गौरव चूरू जिले की सुजानगढ़ पंचायत समिति की गोपालपुरा पंचायत की सरपंच सविता राठी को उनके द्वारा पंचायत के समग्र विकास हेतु किये गए कई नवाचारों हेतु प्राप्त हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय पंचायत मंत्री राजीव रंजन सिंह एलाइस लल्लन सिंह ने कहा कि देश को संवारने में महिला नेत्रियों की अत्यधिक आवश्यकता है,जिन्हें देश के पटल पर लाना उनकी प्राथमिकता है,जिसके लिए युवा मामले एवं खेल केंद्रीय मंत्री रेखा खड़गे को सरपंच से मंत्री बनने का रोल मॉडल बताया। इस अवसर पर गोपालपुरा के विकास कार्य एवं नवाचारों पर बनो तीन मिनट की लघु फिल्म भी देश भर से आए पंचायत राज के 1500 जनप्रतिनिधियों के सामने प्रदर्शित की गई, केंद्रीय मंत्री से सम्मानित हुई सविता राठी ने मंच से बोलते हुए बताया कि सामुदायिक सहभागिता से ही उनके द्वारा किए गए सभी कार्य सफल होते है, पंचायत का विकास मास्टर प्लान बना कर किया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर च बघेल ने आव्हान किया कि पंचायत ही लोकतंत्र की सशक्त आधारभूत व्यवस्था का पालन करती है, जहां व्यक्ति को देखकर चयन होता है। सम्मानित होने वाली नेत्रियों को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एस. पी. सिंह बघेल, केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे। इस अवसर पर पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव अशोक के. के. मीना और पंचायती राज मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव सुशील कुमार लोहानी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# पायल परिवार ने अपने पुत्र की एक रूपया लेकर की शादी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** पूर्व सरपंच रजनी पायल व पंचायत समिति सदस्य व मण्डावा ब्लॉक अध्यक्ष किरोड़ीमल पायल ने अपने सुपुत्र नितिन की 03 मार्च की शादी में ग्राम पंचायत बिरमी में एक अनूठी पहल की शुरुवात की है। शादी में दहेज की परम्परा को दुर करते हुए दहेज में एक रूपया लेकर व अपनी पुत्रवधु प्रिया को मुंह दिखाई की रस्म में एक कार देकर समाज के लिए एक प्रेरणादायक सन्देश दिया है। किरोड़ीमल पायल ने बताया कि आज के युग में बिना दहेज के शादी करने से बेटियों के पिता पर आर्थिक भार नहीं पड़ता है। बिना दहेज की शादी से बेटियों को मनोबल बढता है। हर दूल्हे के पिता को अपने पुत्रों की शादी बिना दहेज करनी चाहिए। जिससे बेटियों को संबल मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार सख्त, आंतरिक शिकायत समिति का होगा गठन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों और संस्थानों में कार्यस्थल पर महिलाओं से लैंगिक उत्पीड़न संबंधी शिकायतों के निवारण के लिए आंतरिक शिकायत समिति के गठन के निर्देश जारी किए गए हैं। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने सभी विभागाध्यक्षों को अपने-अपने कार्यालयों में आंतरिक शिकायत समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। जिन कार्यालयों में 10 या अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, उन्हें पांच दिन के भीतर समिति का गठन अनिवार्य रूप से करना होगा। सभी कार्यालयों को समिति गठित कर निर्धारित प्रपत्र में सूचना भरकर विभाग के ई-मेल पर भेजनी होगी। यदि समिति में कोई पदाधिकारी स्थानांतरित होता है, तो उसकी जगह नया सदस्य मनोनीत किया जाएगा। राज्य सरकार के इस फैसले से महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण मिलेगा और लैंगिक उत्पीड़न की शिकायतों का समय पर निवारण सुनिश्चित होगा।

### वाहन स्वामी जुर्माने और ब्याज में पाएं छूट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा वाहन स्वामियों को राहत देने के लिए तीन एमनेस्टी योजनाएं लागू की गई हैं। इन योजनाओं के तहत ई-रवन्ना ओवरलोडिंग चालान में छूट, नष्ट हो चुके वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र निरस्तीकरण की सुविधा और पुराने बकाया कर पर नई जुर्माना दरें तय की गई हैं। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि खनिज विभाग से प्राप्त ई-रवन्ना के तहत ओवरलोडिंग के मामलों में बनाए चालान में 95 प्रतिशत तक की छूट की गई है। जिन यात्री और भार वाहनों का अस्तित्व समाप्त हो चुका है उनके लिए भी एमनेस्टी योजना लागू की गई है। वाहन स्वामी अपने नष्ट वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र निरस्त करवाकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कई पुराने वाहन स्वामियों के नाम पर कर बकाया होने के कारण उनके अन्य वाहनों को भी ब्लॉक कर दिया गया था, अब वह निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर 100 प्रतिशत पेनल्टी और ब्याज में छूट का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही वाहन का कर देरी से जमा कराने पर प्रतिमाह पेनल्टी दर 1.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 3 प्रतिशत कर दी गई है। अत: समस्त वाहन स्वामी चालू वर्ष का कर 12 मार्च से पहले जमा करा सकते हैं।

### जल संसाधन विभाग को ग्राम विश्नौदा में निःशुल्क भूमि आवंटित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** ग्राम पंचायत विश्नौदा के ग्राम विश्नौदा की आ.ख.नं. 2534/1228 रकबा 10.4321 हैक्टे. में से 3.4521 हैक्टे. किस्म चारागाह भूमि की किस्म खारिज कर राजस्थान भू राजस्व स्कूलों, कॉलेजों, चिकित्सालयों, धर्मशालाओं, सार्वजनिक उपयोग के अन्य भवन निर्माणार्थ बिना बिना कब्जे की सरकारी कृषि भूमि आवंटन नियम 1963 के तहत जल संसाधन विभाग को कालीतीर लिफ्ट स्कीम में आवासीय, गैर आवासीय एवं रेस्ट हाऊस के भवन निर्माण हेतु निःशुल्क आवंटित की गई है। चारागाह भूमि के क्षतिपूर्ति हेतु ग्राम विश्नोंदा की आ.ख.नं. 2570/2379 रकबा 3.9579 में से 3.4521 हेक्टेयर किस्म बारानी सोयम भूमि को चारागाह दर्ज किये जाने के आदेश दिये गये हैं।

### लायंस क्लब द्वारा निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र ऑपरेशन शिविर आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** स्व. मनोहरलाल जी गोयनका की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मीदेवी गोयनका, उनके सुपुत्र गणेशप्रसाद गोयनका, शेरुजी गोयनका एवं गौरीशंकर गोयनका के आर्थिक सौजन्य से, जिला अंधता निवारण समिति एवम राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी चूरू के सहयोग से 6 से 8 मार्च तक निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन लायंस क्लब चूरू द्वारा किया जा रहा है। लायंस क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया कि नेत्र अस्पताल, भालेरी रोड़, चूरू में होने वाले इस शिविर में रोगियों व उनके अटेंडेंट के रहने, खाने की निशुल्क व्यवस्था शिविर स्थल पर की जाएगी। शिविर प्रभारी सुनील रंजन टकणेत ने बताया कि लाभार्थियों को 6 मार्च को प्रात: 9.00 बजे, नेत्र अस्पताल, भालेरी रोड़, चूरू आना है एवम अपने साथ आधार कार्ड, जन आधार कार्ड की कॉपी एवम अपनी पुरानी जांचे साथ लेकर आनी है।

### गांव घांघू में बाबा साहेब बी आर अम्बेडकर की मूर्ति का अनावरण 8 मार्च को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव घांघू में भारतीय सविधान निर्माता बाबा साहेब बी आर अम्बेडकर की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम 8 मार्च होगा। जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष जमील चौहान ने बताया कि पूर्व प्रधान स्वर्गीय लिखमाराम मेघवाल की छठी पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान गांव घांघू में 8 मार्च सुबह 11 बजे डॉ भीमराव अंबेडकर साहब की मूर्ती अनावरण कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा मुख्य अतिथि टीकाराम जूली, अध्यक्षता राजस्थान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफ़ीक मंडेलिया, वशिष्ठ अतिथि लोकसभा सांसद राहुल कस्वा, तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, रतनगढ़ विधायक फूसाराम गोदारा, पिलानी विधायक पितराम मेघवाल, पूर्व विधायक मक़बूल मंडेलिया, पूर्व विधायक सुचित्रा आर्य, पुर्व विधायक कृष्णा पुनिया, चुरू जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंद्राज खीचड़, पूर्व सभापति पायल सैनी, जिला परिषद सदस्य मोहनलाल आर्य होंगे। आयोजन निवेदक समस्त ग्राम निवासी घांघू व कार्यक्रम सयोंजक जिला महासचिव जयचन्द मेघवाल ने बताया कि आयोजन की तैयारीयो को लेकर जिले भर में गांव-गांव जनसम्पर्क किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय खत्री समाज का राष्ट्रीय सम्मेलन 9 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** माता हिंगलाज एंड वरुणदेव चैरिटेबल ट्रस्ट पंजीकृत द्वारा अखिल भारतीय खत्री मोदी अरोड़ा समन्वय समिति के संरक्षकत्व में देश-विदेश से पधारे राष्ट्रीय खत्री समाज के सभी 9 समुदायों के प्रमुख आगामी 9 मार्च रविवार को मानसरोवर स्थित ख्याति प्राप्त शिप्रा बैंक्विट हॉल में विशाल युवक युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन के साथ संगठन, समाज हित के कार्य व उत्थान की रूपरेखा एवं भावी रणनीति जैसे मुद्दों पर मंथन करेंगे। इस राष्ट्रीय अधिवेशन के मुख्य अतिथि हाथोज धाम के महंत हवामहल विधायक संत बालमुकुंद आचार्य होंगे तथा अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष खत्री राजेंद्र मोदी करेंगे। राष्ट्रीय खत्री अरोड़ा समाज के राष्ट्रीय सम्मेलन में चूरू जिले के राजगढ़ नगर पालिका के दबंग कर्तव्यनिष्ठ ईमानदार बेदाग छवि वाले अधिशासी अधिकारी राकेश अरोड़ा (मेंहदीरत्ता) आर एम एस को सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मेलन में सैंकड़ों लोग विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। संस्था के संयुक्त सचिव मनीष खत्री ने रमेशचंद्र अरोड़ा, मीना अरोड़ा, रतन देवी, सुंदरलाल सिंधी खत्री, योगेंद्र जोशी, हरिश्चंद्र अरोड़ा, हर्षवर्धन एवं कनिष्क मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र मोदी के साथ मिल कर 9 मार्च के प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है।

# बाड़मेर : थार महोत्सव 11 मार्च से

**बाड़मेर।** बाड़मेर में इस बार 11 व 12 मार्च को दो दिवसीय थार महोत्सव का आयोजन जिला प्रशासन व पर्यटन विभाग संयुक्त तत्वावधान में करवा रहा है। पर्यटन विभाग इसके लिए बजट देगा और कम पड़ा तो भामाशाहों का सहयोग लिया जाएगा। पहले यह कार्यक्रम तीन दिवसीय होता था, जिसमें जिले के ऐतिहासिक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे। लेकिन इस बार सिर्फ बजट खपाने और सिर्फ वाहवाही लूटने के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम रखा गया है और वह भी जिला मुख्यालय पर ही। दो दिन में 23 कार्यक्रम होंगे।

इनमें से 20 कार्यक्रम सिर्फ आदर्श स्टेडियम में और तीन कार्यक्रम गांधी चौक, हाई स्कूल व जैसलमेर रोड पर होंगे। इस कार्यक्रम की रूपरेखा को देखकर लग रहा है कि यह सिर्फ नाम के लिए कार्यक्रम का आयोजन करवाया जा रहा है। सबसे बड़ी बात इस बार महाबार के धोरे, चौहटन के धोरे और किराडू जैसे स्थलों पर एक भी कार्यक्रम नहीं रखा गया है।

## अबकी बार 23 में से 20 प्रोग्राम सिर्फ आदर्श स्टेडियम में होंगे, चौहटन धोरों और किराडू में एक भी प्रोग्राम नहीं



### शोभायात्रा के साथ होगी शुरुआत

थार महोत्सव का आगाज शोभा यात्रा के साथ होगी। यात्रा गांधी चौक से आदर्श स्टेडियम तक निकाली जाएगी। इसके बाद सुबह 9.30 बजे आदर्श स्टेडियम में उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

जिसमें गैर नृत्य की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद सुबह 10 बजे से आदर्श स्टेडियम में ही विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। जिनमें मिस थार, मिस्टर थार श्री, दादा-पोता, दौड़, दंपत्ती दौड़, रस्सा-कस्सी (पुरुष-महिला), पणिहारी मटका दौड़ आयोजित की जाएगी। इसके बाद ढोला वादन होगा।

### 12 मार्च को होंगे विविध आयोजन

जिला कलक्टर ने बताया कि इस महोत्सव के दूसरे दिन यानी 12 मार्च को सुबह सात बजे थार मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ मल्लीनाथ चौराहा से अहिंसा चौराहा होते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्टेशन रोड़ तक होगी। इसके बाद सुबह नौ बजे आदर्श स्टेडियम में सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी। इस कार्यक्रम के बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा, जिनमें जायको राजस्थान रो, ग्रामीण कबड्डी, सतोलिया, रूमाल झपट्टा, मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन होगा। रात्रि सात बजे लोककलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

## खाद्य सुरक्षा योजना: अप्रैल माह के तहत गेहूं आवंटित

**बीकानेर।** खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अप्रैल के लिए बीकानेर जिले को 62,029.17 क्विंटल गेहूं का आवंटन किया गया है। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने भारतीय खाद्य निगम, बीकानेर को निर्देश दिए हैं कि गेहूं का पूरा उठाव मार्च माह में सुनिश्चित किया जाए, ताकि समय पर वितरण हो सके। जिला रसद विभाग के अनुसार, खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अंत्योदय, बीपीएल, स्टेट बीपीएल और पीएचएच श्रेणी के राशनकार्ड धारकों को यह गेहूं निःशुल्क वितरित किया जाएगा। भारतीय खाद्य निगम से आवंटित गेहूं का उठाव मार्च माह में पूरा कर लिया जाएगा, ताकि अप्रैल में राशन की दुकानों से पात्र परिवारों को गेहूं समय पर मिल सके। सरकार की इस पहल से जिले के हजारों परिवारों को राहत मिलेगी। जिला प्रशासन ने सभी उचित मूल्य दुकानदारों को निर्देश दिए हैं कि वे गेहूं का वितरण पारदर्शिता से करें और राशनकार्ड धारकों को बिना किसी बाधा के उनके हक का राशन उपलब्ध कराएं।

भाभी की बहन से प्रेम प्रसंग

## प्रेमिका संग मिलकर पति ने गला घोंटकर की पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**जैसलमेर।** जैसलमेर के खुहड़ी थाना इलाके में पत्नी के मर्डर मामले में आरोपी पति के सरेंडर के बाद उसकी प्रेमिका को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की प्रेमिका उसकी भाभी की छोटी बहन है। भाभी की बहन से प्रेम प्रसंग में ही उसके साथ मिलकर ही आरोपी ने पत्नी का मर्डर किया था।



जैसलमेर। खुहड़ी थाना पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोपी पति की प्रेमिका को गिरफ्तार किया है।

### मृतका के पति ने पहले ही किया सरेंडर

खुहड़ी पुलिस ने कायमा के मर्डर मामले में वायदा (24) नामक युवती को गिरफ्तार किया है। इस मामले में मृतका के पति शोभारे खान ने पहले ही सरेंडर कर दिया था। पुलिस ने घटना के नौ दिन बाद हत्या में शामिल शोभारे खान की भाभी की बहन वायदा को गिरफ्तार किया।

### पति के प्रेम प्रसंग की पत्नी को थी जानकारी

बताया जा रहा है कि मृतका कायमा के पति शोभारे खान और वायदा के बीच प्रेम प्रसंग था। इसकी जानकारी कायमा को थी। कायमा और उसके पति के बीच इस बात पर कई बार झगड़े भी हुए। 23 फरवरी को शोभारे ने कायमा को घर बुलाया और रात को वायदा के साथ मिलकर शोभारे ने अपनी पत्नी कायमा को गला घोंटकर उसको मार डाला। दूसरे दिन वो घर से फरार हुआ और पुलिस में जाकर सरेंडर कर दिया।

### एक साल पहले हुई थी शादी

मिली जानकारी के अनुसार शोभारे खान और मृतका कायमा की शादी एक साल पहले ही हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों में शोभारे के प्रेम प्रसंग के चलते झगड़े होते थे। जिसके चलते कायमा ज्यादातर अपने पीहर में ही रहती थी। जिस रात उसकी हत्या हुई, उसी रात 10 बजे शोभारे ने कायमा को अपने घर बुलाया और उसका गला दबाकर हत्या कर दी। सुबह पड़ोस की महिलाओं ने कायमा के शव को देखा तो परिजनों को सूचना देकर बुलाया।

## प्रसूति गृह का औचक निरीक्षण, स्वच्छता रखने के दिए निर्देश

**बालोतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सिद्धार्थ दीप ने मंगलवार को राजकीय नाहटा चिकित्सालय के प्रसूति गृह का औचक निरीक्षण किया। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के एक्शन प्लान मार्च के तहत यह निरीक्षण हुआ। सचिव ने अस्पताल में मौजूद प्रसुताओं से बातचीत कर सुविधाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रसूति गृह में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। सभी चिकित्सा



उपकरणों की नियमित सफाई हो। किसी भी तरह की गंदगी या अव्यवस्था न हो। सचिव ने कहा कि भर्ती महिलाओं और नवजात बच्चों का स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## फसल के मुआवजे की रिपोर्ट बनाने के बदले पटवारी ने ली 8000 रुपए की रिश्वत

**बीकानेर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की बीकानेर चौकी ने फसल खराबे के लिए मुआवजे की रिपोर्ट बनाने के बदले 8000 रुपए की रिश्वत लेते खाजूवाला में हल्का तीन पीडब्ल्यूएम के पटवारी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। परिवादी सतपाल की तीन पीडब्ल्यूएम में 11 बीघा जमीन है। पिछले दिनों तेज बारिश और ओलावृष्टि से उसकी फसल खराब हो गई। सरकार से इसका मुआवजा लेने के लिए हल्का पटवारी छह केकेएम डंडी तहसील पूगल निवासी दीपचंद मीणा और आवश्यक कागजात दे दिए।



## आग लगने से पशुपालकों को हुआ लाखों का नुकसान

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले के फतेहगढ़ तहसील के मेघापार गांव में आग से दो पशुपालकों को लाखों का नुकसान हो गया। ग्रामीणों ने लीलाराम और मेहराराम के घरों में लगी आग को करीब 30 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद बुझाया। आग से दोनों झोंपड़ों में रखा सभी घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया, मगर आग से दोनों का काफी नुकसान हो गया। ग्रामीणों ने गरीब पशुपालकों के हुए नुकसान का सरकार से मुआवजा दिलाने की अपील की है। ग्रामीण लीलाराम ने बताया- मेघापार गांव में लीलाराम पुत्र पठाना राम और मेहराराम पुत्र कबीराराम मेघवाल का घर पास पास ही है। घर वाले जब घर के बाहर थे उस दौरान अचानक एक झोपड़े



में आग लग गई। देखते ही देखते आग पड़ोस के कबीराराम के घर में भी पहुंच गई। आग लगती देख सभी ग्रामीण इकट्ठे हुए और घरेलू संसाधनों से आग को बुझाने के प्रयास किए। मगर कच्चे झोपड़ों में आग बुझने का नाम नहीं ले रही थी।

## महिला ने की आत्महत्या की कोशिश, युवक ने बचाया

▶▶ रिश्तेदार के साथ बाइक से पेट्रोल पंप आई थी

**बीकानेर।** बीकानेर के जयपुर रोड पर एक महिला बाइक से उतरकर तेज स्पीड से जा रही पिकअप गाड़ी के आगे कूद गई। गनीमत रही कि पिकअप ड्राइवर ने उसे बचा लिया। सामान्य चोट के बाद उसे पीबीएम हॉस्पिटल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। घटना पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया लेकिन सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। दरअसल, बीकानेर के बंगला नगर में रहने वाली एक महिला अपने रिश्तेदार के साथ जयपुर रोड पर बाइक में पेट्रोल डलवाने पहुंची थी। नेशनल हाईवे पर स्थित पंप से पेट्रोल भरवाने के बाद वापस आते समय बाइक की कम स्पीड के दौरान महिला उतर गई। महिला हाईवे पर दौड़ रही पिकअप की ओर भागी। इस दौरान बाइक चला रहे युवक ने बचाने की कोशिश की। तब तक वह पिकअप के पास पहुंच चुकी थी। साथ चल रहे युवक ने उसे पिकअप के ठीक बीच में पहुंचने से रोक लिया। इससे उसके सामान्य चोट आई। उसे तुरंत पीबीएम हॉस्पिटल के ट्रोमा सेंटर पहुंचे। यहां भी ये महिला चिल्ला रही थी कि वो खुद मरना चाहती है। ट्रोमा सेंटर के रेड एरिया में उसका इलाज शुरू किया गया। वो खतरे से बाहर है। घटना की जानकारी मिलने पर जयनारायण व्यास कॉलोनी पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन परिजनों की आपसी समझाइश के बाद किसी तरह का मामला दर्ज नहीं कराया गया।

महिला मुक्ता प्रसाद नगर थाना इलाके के बंगला नगर की रहने वाली है। इस घटनाक्रम का वीडियो पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

बागेश्वरधाम और कुंभ में प्रायश्चित कर आया था शराब तस्कर

## पुलिस ने किया गिरफ्तार, 25 सालों में छह जिलों में 44 मुकदमे

**जोधपुर।** चार साल से फरार 50 हजार के इनामी आरोपी को जोधपुर की साइक्लोनर टीम ने पकड़ा है। आरोपी अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने से पहले एक सर्विस सेंटर पर अपनी SUV धुलवाने आया था। पुलिस को इसकी आठ महीने से तलाश थी। पूछताछ में सामने आया कि मंदिरों में चोरी करने के पापों का प्रायश्चित करने आरोपी आठ माह बागेश्वर धाम रुका और एक कुंभ में घूमता रहा। जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि शराब तस्कर बद्री राम (42) को जोधपुर के ओसियां से गिरफ्तार किया है। यह 1998 से अपराध की दुनिया में सक्रिय है। शुरुआत में चोरी करता था इसके बाद शराब तस्करी करने लगा। बद्री पर 25 सालों में छह जिलों में 44 मुकदमे दर्ज हैं। बद्री की पुलिस को पिछले



आठ महीनों से तलाश थी, यह पुलिस से मारपीट, चोरी और शराब तस्करी के मामलों में फरार चल रहा था। इसका राजस्थान-हरियाणा के बीच हो रही शराब तस्करी में बड़ा हाथ है।

### गर्लफ्रेंड से मिलने ओसियां आया था बद्री

पूछताछ में सामने आया कि बद्री इसके बाद अपनी एक गर्लफ्रेंड से मिलने ओसियां आया। वहां उसके घर के बाहर पहुंचने पर गर्लफ्रेंड ने बीमारी का हवाला देकर मिलने से इनकार किया। इसके बाद बद्री ने दूसरी गर्लफ्रेंड को फोन लगाया और उसी से मिलने जाने के लिए अपनी कार वॉश करवा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने उसे पकड़ लिया। रेंज आईजी ने बताया- 25 सालों में कई बार पकड़े जाने पर बद्री के पिता उसकी जमानत कराने आते थे। इसके बाद बद्री थाने में और पिता के सामने कसमें खा कर कहता कि आगे से वह ऐसा काम नहीं करेगा।

महिला से दुष्कर्म का मामला

## आरोपी और उसके परिवार ने पीड़िता से की मारपीट, FIR दर्ज

**नोखा।** नोखा थाने में एक गंभीर मामला सामने आया है। धिगानिया बस्ती की एक महिला ने दुष्कर्म और मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। मंगलवार रात को मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़िता के अनुसार, 21 फरवरी को वह अपने घर में अकेली थी। इसी दौरान नाणेदा नोखा निवासी सुंदर चुपके से उसके घर में घुस आया। जब महिला सोने के लिए बिस्तर पर गई, तब आरोपी ने उसका मुंह हाथ और ओढ़नी से दबाकर दुष्कर्म किया और फरार हो गया। अगले दिन 22 फरवरी को आरोपी सुंदर अपनी मां, भाई, भाभी और पिता के साथ पीड़िता के घर पहुंचा। उन्होंने महिला पर आरोप लगाया कि वह उनके बेटे पर झूठा इल्जाम लगा रही है। इतना ही नहीं, उन्होंने महिला को वैश्या कहकर अपमानित किया और लाठी-घूंसों से मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि वह किसी तरह उनसे बचकर थाने पहुंची। लेकिन उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब जिला पुलिस के आदेश पर मामला दर्ज किया गया है।

# व्यापार जगत



## सेंसेक्स 740 अंक चढ़कर 73,730 के स्तर पर बंद

निफ्टी में 254 अंक की तेजी रही, मेटल और बैंक शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी

**मुंबई।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार (5 मार्च) को सेंसेक्स 740 अंक चढ़कर 73,730 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 254 अंक की तेजी रही, ये 22,337 के स्तर पर बंद हुआ। मेटल और सरकारी बैंकों के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही। निफ्टी का मेटल इंडेक्स ये 4.04% चढ़कर बंद हुआ। सरकारी बैंक के इंडेक्स में 3%, मीडिया में 3.14%, ऑटो में 2.60% और IT में 2.13% की तेजी रही। रियल्टी इंडेक्स 2.32% चढ़कर बंद हुआ।

### एशियाई बाजारों में तेजी, अमेरिकी में गिरावट

- एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 0.23% और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 2.84% की तेजी रही। चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.53% की तेजी रही।
- चार मार्च को विदेशी निवेशकों ने 3,405.82 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 4,851.43 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।
- चार मार्च को अमेरिका का डाओ जोंस 1.55% गिरकर 42,520.99 के स्तर पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 में 1.22% और नैस्डेक कंपोजिट में 0.35% की गिरावट रही।
- एफएंडओ एक्सपायरी का दिन बदला

### निफ्टी की सभी मंथली एक्सपायरी भी सोमवार को

एक्सचेंज ने कहा कि निफ्टी की सभी मंथली एक्सपायरी भी अगले महीने से गुरुवार की बजाय सोमवार को होगी। इस फैसले के तहत चार अप्रैल से एनएसई के बैंक निफ्टी, फिन निफ्टी, निफ्टी मिडकैप सेलेक्ट और निफ्टी नेक्स्ट-50 की एक्सपायरी भी गुरुवार की बजाय सोमवार को होगी। निफ्टी 50 की वीकली और मंथली एक्सपायरी भी चार अप्रैल से गुरुवार की बजाय सोमवार को होगी। एनएसई ने कहा, 'यह सभी बदलाव चार अप्रैल से प्रभावी होंगे। यानी सभी मौजूदा कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए एक्सपायरी-डे को रिवाइज कर तीन अप्रैल को न्यू-एक्सपायरी-डे कर दिया जाएगा।'

## सोना 114 बढ़कर 86546 पर पहुंचा

▶▶ चांदी 492 महंगी होकर 95785 किलो

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दामों में पैंच मार्च को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 114 रुपए बढ़कर 86,546 रुपए पर पहुंच गया है। मंगलवार को सोने का दाम 86,432 रुपए पर था। 19 फरवरी को गोल्ड ने 86,733 रुपए का ऑलटाइम हाई बनाया था। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 492 रुपए चढ़कर 95,785 रुपए प्रति किलो हो गई है। कल चांदी का भाव 95,293 रुपए किलो था। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति



### चार महानगरों में सोने की कीमत

- **दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 88,130 रुपए है।
- **मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,980 रुपए है।
- **कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 80,650 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 87,980 रुपए है।
- **चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,980 रुपए है।
- **भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,430 रुपए है।

### इस साल अब तक 10,384 रुपए महंगा हो चुका है सोना

इस साल यानी एक जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 10,384 रुपए बढ़कर 86,546 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 9,768 रुपए बढ़कर 95,785 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

## आप का राशिफल 6 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। पुराने मित्र मिलेगें। शुभांक-4-6-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-1-3-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-1-4-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-1-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-2-4-6

## फरवरी में 1611 करोड़ यूपीआई ट्रांजैक्शन

**मुंबई।** फरवरी में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीईआई) के जरिए 1611 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए। इस दौरान कुल 21.96 लाख करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की गई। ट्रांजैक्शन की संख्या में सालाना आधार पर 33% की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, इसके जरिए ट्रांसफर हुई अमाउंट में 20% की बढ़ोतरी हुई है।

एक साल पहले यानी फरवरी 2024 में 1210 करोड़ ट्रांजैक्शन के जरिए 18.28 लाख करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ था।



इससे कुल 21.96 लाख करोड़ की राशि ट्रांसफर हुई

सालाना आधार पर 33% बढ़ा लेनदेन



### जनवरी के मुकाबले फरवरी में 5% कम ट्रांजैक्शन

एक महीने पहले यानी जनवरी की तुलना में ट्रांजैक्शन की संख्या में 5% की कमी रही। जनवरी में लोगों ने 1699 करोड़ ट्रांजेक्शन के जरिए 23.48 लाख करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की गई।नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया यूपीआई को रेगुलेट करती है। भारत में RTGS और NEFT पेमेंट सिस्टम का ऑपरेशन RBI के पास है। IMPS, RuPay, UPI जैसे सिस्टम को नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ऑपरेट करती है। सरकार ने एक जनवरी 2020 से यूपीआई ट्रांजैक्शन के लिए एक जीरो-चार्ज फ्रेमवर्क मैंडेटरी किया था।

**यूपीआई कैसे काम करता है?** यूपीआई सर्विस के लिए आपको एक वर्चुअल पेमेंट एड्रेस तैयार करना होता है। इसके बाद इसे बैंक अकाउंट से लिंक करना होगा। इसके बाद आपका बैंक अकाउंट नंबर, बैंक का नाम या आईएफएससी कोड आदि याद रखने की जरूरत नहीं होती।

## पोस्ट ऑफिस RD पर आसानी से मिलता है लोन : कर्ज की ब्याज दर भी कम रहती है

**नई दिल्ली।** पोस्ट ऑफिस रिकरिंग डिपॉजिट (आरडी) में निवेश करके आप आसानी से बड़ा फंड तैयार कर सकते हैं।

आप इसमें हर महीने एक निश्चित रकम डालते रहें और पांच साल बाद मैच्योर होने पर आपके हाथ में बड़ी रकम होगी।

इतना ही नहीं बीच में पैसों की जरूरत पड़ने पर आप बिना आरडी तुड़वाए इस पर लोन भी ले सकते है।

इसमें पर्सनल लोन की तुलना में कम ब्याज पर लोन मिलता है।



### ▶▶ सबसे पहले समझें आरडी क्या है?

पोस्ट ऑफिस की रिकरिंग डिपॉजिट या आरडी बड़ी बचत में आपकी मदद कर सकती है। आप इसका इस्तेमाल गुल्लक की तरह कर सकते हैं। मतलब आप इसमें हर महीने सैलरी आने पर एक निश्चित रकम डालते रहें और पांच साल बाद मैच्योर होने पर आपके हाथ में बड़ी रकम होगी। घर के गुल्लक में पैसे जमा करने पर भले ही आपको ब्याज नहीं मिले, पर यहां पैसे जमा करने पर आपको ब्याज भी मोटी मिलती है।

### ▶▶ एक साल बाद मिलती है लोन की सुविधा

पोस्ट ऑफिस की पांच साल वाली रिकरिंग डिपॉजिट स्कीम में अगर आप लगातार 12 किस्त जमा कर लेते हैं तो आप लोन की सुविधा का लाभ ले सकते हैं। यानी ये सुविधा लेने के लिए आपको कम से कम एक साल लगातार रकम डिपॉजिट करनी होगी। एक साल बाद आप अपने अकाउंट में जमा राशि का 50% तक लोन ले सकते हैं। लोन की राशि का भुगतान आप एकमुश्त या समान मासिक किस्तों में कर सकते हैं। वहीं अगर आप लोन नहीं चुका पाते हैं तो आरडी खाते के मैच्योर होने पर लोन और ब्याज की राशि काट ली जाएगी। इसके बाद जो रकम बचेगी वो आपके अकाउंट में डिपॉजिट कर दी जाएगी।

# खिरोड़ में कलश यात्रा के साथ शिव पुराण कथा का शुभारंभ

## 551 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा, सभी जाति की महिलाओं ने शामिल होकर एकता की मिसाल कायम की



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले के कस्बे की श्रीजी जानकीनाथ गौशाला में बुधवार को गौशाला सेवा समिति के सौजन्य से गौ माता सेवार्थ शिव पुराण कथा का शुभारंभ विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा सीकर मार्ग पर स्थित श्रीजी मंगल धाम से शुरू होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल गौशाला पहुंची। कथा महोत्सव के दौरान इस बार 551 महिलाओं ने विशाल कलश यात्रा निकाली। ग्रामीणों के मुताबिक ऐसा धार्मिक आयोजन खिरोड़ में पहली बार देखने को मिला है। श्रीजी जानकीनाथ गौशाला सेवा समिति ने इस बार सभी को साथ लेकर चलने की भावना के साथ कलश यात्रा में सभी जाति की महिलाओं को निमंत्रण दिया। कलश यात्रा का निमंत्रण स्वीकार करने के बाद सभी जाति की महिलाओं ने कलश यात्रा में पहुंचकर पुण्य लाभ कमाया। कलश यात्रा में ब्राह्मण, राजपूत, महाजन, जाट, मीणा, मेघवाल, धानका, खाती, रावणा राजपूत सहित विभिन्न प्रकार की जातियों की महिलाओं ने कलश यात्रा में शामिल होकर एकता की मिसाल कायम की है। कथा महोत्सव के दौरान व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कथावाचक पंडित परमेश्वरलाल गुरुकृपा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा, राम कथा व शिव पुराण कथा जैसे धार्मिक ग्रंथों के श्रवण करने मात्र से ही मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। बशर्ते मनुष्य द्वारा इन धार्मिक ग्रंथों को एकाग्रचित होकर सुनना चाहिए। ऐसे धार्मिक ग्रंथों को सुनने मात्र से ही मनुष्य को पुण्य के फल की प्राप्ति होती है। पंडित गुरुकृपा ने कलश यात्रा में शामिल हुई सभी जातियों की 551 महिलाओं की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस मंगल कलश यात्रा में जो भी कलश लेकर शामिल हुए हैं। उन्हें अवश्य ही पुण्य की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शंकर को पाने के लिए मंगल कलश यात्रा निकाली थी। उसके बाद से ही किसी भी धार्मिक कार्य को करने से पहले मंगल कलश यात्रा निकाली जाती है। पंडित गुरुकृपा ने प्रथम दिन की कथा के दौरान शिव पुराण कथा के विभिन्न प्रसंगों को संगीतमय भजनों के माध्यम से विस्तार पूर्वक समझाया। कार्यक्रम का संचालन पंडित शंकरलाल पारीक ने किया। इससे पूर्व कथा महोत्सव में मुख्य यजमान समाजसेवी धर्मवीर सिंह शेखावत ने सपत्नीक पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गौशाला व्यवस्थापक रतनलाल शर्मा व दिनेश शाह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कथा स्थल पर गोपालराम मीणा, कृष्णकांत शर्मा, भगवानसिंह शेखावत, राजेंद्र यादव, योगेंद्र सिंह, सांवरमल शर्मा, इंद्राज मीणा, हरिसिंह, हनुमानसिंह, सुरेश शाह, केशव शाह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नगर निगम आयुक्त ने किया शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

## आमजन से सफाई व्यवस्था का फीडबैक लेकर कचरा नहीं फैलाने का किया आह्वान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला कलक्टर के निर्देशन पर अतुल्य अलवर अभियान के तहत बुधवार को नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने शहर के विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। नगर निगम आयुक्त नरूका ने स्वर्ग रोड, अग्रवाल धर्मशाला बस स्टैण्ड, रणजीत नगर, ब्रह्मचारी मौहल्ला, राजेन्द्र नगर, रथखाना मौहल्ला एवं अग्रसेन मार्ग स्थित नालों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर नगर निगम के सफाईकर्मियों को नालों की पूर्ण रूप से सफाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि अतुल्य अलवर अभियान के तहत शहर की नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि स्वर्ग रोड या अन्य जगहों पर नाला सफाई के कार्य को कुशलतापूर्वक किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आमजन से सफाई व्यवस्था का फीडबैक लेकर कहा कि शहर को साफ-सथुरा रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। शहर के नालों व अन्य स्थानों पर कचरा नहीं डाले, डस्बिन का उपयोग करें, घरों व प्रतिष्ठानों में इकट्ठा होने वाले कचरे को ऑटो टिपर में डालकर क्लीन अलवर के संकल्प को साकार करने में अपना सहयोग करें।

**स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत किए जाने वाले कार्य :** उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश की तर्ज पर सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत वर्षा ऋतु से पहले शहर के बडे नालों व नालियों की मशीनों के माध्यम से समुचित सफाई कराई जाएगी जिससे मलबा, गाद या अपशिष्ट नहीं रहेगा तथा जल का प्रवाह निरन्तर बना रहेगा। साथ ही नालों व नालियों में ठोस अपशिष्टों को रोकने के लिए उपयुक्त दूरी पर स्क्रीन/फिल्टर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नालों व नालियों की बाउंड्री वाल की दरारें व टूटफूट की मरम्मत कार्य भी कराया जाएगा।

# सौर ऊर्जा पंप संयंत्र पर किसानों को 60 प्रतिशत अनुदान है : मितड



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** उद्यानिकी विभाग की पीएम कुसुम योजना मे कृषि सिंचाई समाधान के लिए पहले तय लक्ष्य खत्म कर दिए गए हैं। सहायक कृषि अधिकारी राजवीर सिंह मितड ने बताया कि पात्र किसान पहले आओ पहले पाओ के आधार पर अनुदान मिलेगा अधिकारी मितड ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के किसानों को 45000 रुपए का अतिरिक्त अनुदान मिलेगा, बाकी समस्त कृषकों को 60 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। सहायक कृषि अधिकारी मितड ने बताया की कृषक के पास कम से कम 0.4 हेक्टर कृषि भूमि होनी जरूरी है एवं बोरिंग होना चाहिए किसानों को 3.0 एचपी 5.0 एचपी 7.50 एचपी व 10 एचपी के सोलर पंप संयंत्र पर अनुदान दिया जा रहा है उन्होंने बताया कि कृषकों को फव्वारा संयंत्र मिनी फव्वारा ड्रिप संयंत्र मलिच्ग पैनल फार्म वृक्ष बगीचा प्याज भंडारण स्थाई वर्मी बैड फर्टिगेशन खजूर ग्रीन हाउस सोलर पंप संयंत्र पर विभाग अनुदान दे रहा है। अधिकारी मितड ने बताया कि ज्यादा जानकारी हेतु कार्यालय संघ कृषि अधिकारी उद्यान पंचायत समिति राजगढ़ कृषि भवन पर संपर्क कर सकते हैं या फिर मोबाइल नंबर 82 098 00662 पर भी जानकारी प्राप्त कर संबंध किसान योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

### होली के त्योहार के चलते गहन निरीक्षण अभियान शुरू

# सैंपल एकत्र कर साफ-सफाई रखने के दिए निर्देश



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** होली के त्यौहार के चलते चिकित्सा विभाग द्वारा गहन निरीक्षण अभियान शुरू कर दिया है। आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इसके लिए प्रदेश भर में लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। मिलावट खोरो के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिला कलेक्टर श्री पुखराज सेन के निर्देशन में जिले में 'शुद्ध आहार—मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा दल की टीम ने बुधवार को खाद्य सामग्री की जांच के लिए सैंपल संग्रहित किया इस दौरान व्यापारियों को शुद्ध व स्वच्छ खाद्य सामग्री बनाने व बेचने के लिए पाबंद किया गया। अभिहित अधिकारी,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नरेंद्र चौधरी ने बताया कि राज्य स्तर पर मिले निर्देश एवं जिला कलेक्टर पुखराज सेन के निर्देश में होली के त्यौहार के चलते 'शुद्ध आहार — मिलावट वार' अभियान के तहत बुधवार को खाद्य सामग्री में होने वाली मिलावट की जांच के लिए मैसर्स नीलम मावा एवं रसगुल्ला भंडार का निरक्षण करने पर मौके पर नमकीन भुजिया 4 किलो अवधिपार व 5 किलो दूषित मिल्ककेक (मावा)को नष्ट करवाया एवं मावा का नमूना लिया। इसके साथ ही डी मार्ट कुचामन का निरक्षण कर घी का नमूना लिया डी मार्ट के स्टोर इंचार्ज को श्री अन्न (मोटे अनाज),फोर्टीफाइड खाद्य पदार्थों को ज्यादा से ज्यादा उपयोग लेने का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। मेसर्स से लिए गए खाद्य पदार्थों को खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला से जांच कराने हेतु संग्रहित कर सुरक्षित रूप से जांच के लिए राजकीय जन विश्लेषक प्रयोगशाला अजमेर भेजा गया। डॉ नरेंद्र चौधरी अभिहित अधिकारी,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत मिलावट सिद्ध पाए जाने पर संबंधित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध,खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी। टीम में बाबूलाल खाद्य सुरक्षा अधिकारी व सहायक कर्मचारी राजू राम शामिल रहे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एक दल जिला पुलिस अधीक्षक से मिला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल रघुनाथ गढ़ ( रामगढ़) में इमरान खान के घर पुलिस की दबिश के समय एक माह की बालिका की मौत प्रकरण में दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही करवाने को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक संजय नयन से मिला। कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि 2.3.25 को रामगढ़ के रघुनाथ गढ़ में इमरान खान के घर प्रात- छह बजे पुलिस ने दबिश दी तथा दा दबिश के समय इमरान की एक माह की खाट पर सोती बालिका पर पुलिस कर्मी द्वारा पैर रखने से उसकी मौत हो गई तथा जब पुलिस कर्मियों को बालिका की मौत का पता चला तो वे लोग वहां से भाग निकले, इस घटना की निष्पक्ष जांच की जाए तथा जो लोग इस घटना में गुनहगार हो उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज हो ओर नौगांव थाने के सभी कर्मियों को लाइन हाजिर किया जाए। अगर पुलिस अधीक्षक द्वारा दो दिन में उचित कारवाही नहीं की गई तो जिला कांग्रेस कमेटी अलवर रामगढ़ सहित जिले के सभी कार्यकर्ताओं के साथ बड़ा जन आंदोलन करेगी तथा उसमें कोई कानून व्यवस्था खराब होती है तो उसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। उसके बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार एक ग्यारह वरिष्ठ कांग्रेसजनों की कमेटी बनाई है जो 5.3.25 को रघुनाथगढ़ (रामगढ़) जाकर पीड़ित परिवार से मिलेगी तथा इस घटना की तथ्यात्मक रिपोर्ट जिला कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी।

# ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों की मुआवजा की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विरोध-प्रदर्शन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** सादुलपुर ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों की मुआवजा की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता सडक़ों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया के निवास स्थान से कांग्रेस कार्यकर्ता ओर किसान पैदल जुलूस के रूप में भाजपा सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए पूर्व विधायक डॉ कृष्णा पूनिया और सांसद राहुल कस्वां के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने पहुंचे। उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने आयोजित सभा को संबोधित करते हुए डॉ. कृष्णा पूनिया ने कहा कि क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसल तबाह हो गई है, सरकार गिरदावरी करवाकर किसानों को जल्द ही मुआवजा दे! फसल में हुए नुकसान का निर्धारण सैटेलाइट की बजाय रैंडम क्रॉप कटिंग के आधार पर किया जाए। पूनिया ने कहा कि यदि किसानों की समस्या का तुरंत समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी को बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा, इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। चूरू सांसद राहुल कस्वां ने संबोधित करते हमने किसानों की मांगों को हमेशा ससंद में मजबूती से रखा है और इस सत्र में मुआवजे की मांग को भी संसद में उठाया जाएगा, हम किसानों की आवाज बुलंद करने के लिए प्रतिबद्ध है। ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पूनिया, नगर ब्लॉक अध्यक्ष सीताराम प्रजापत, करतार टांडी, पूर्व चेयरमैन जगदीश बैरासरिया,संजय पूनिया,संजीव पूनिया, वेदप्रकाश रेड्डी, सजन पूनिया चांदगोठी, शिशुपाल पूनिया पीसीसी मेंबर, सतबीर पूनिया ग्वालिसर, मानसिंह रेबारी, विजय पूनिया सूरतपूरा, हेदर अली, रशीद पार्षद, रमेश ढाणी बड़ी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रोहित पूनिया, रामपाल डाबला, रामकुमार मुहाल, रामकुमार सिहाग, प्रेम सरपंच, रामकुमार ढानिया,सरपंच देवेंद्र ढाका, सतबीर सरपंच लीलावथी , नाहरसिंह मेघवाल, सुभाष मेघवाल, कृष्ण मीणा, ओम मेघवाल नौरंगपूरा,कृष्ण ग्वालिसर,सतबीर बागोत, पुष्पा सिंघल, जोगेंद्र सूंडा गुलपुरा, संजय महेंद्र फगेडिया , सजन भाकर आदि सहित हजारों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# अग्रसेन नगर में निर्माणाधीन ओवरब्रिज का सांसद कस्वां ने पीडबल्यूडी मुख्य अभियंता और अन्य अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** अग्रसेन नगर में निर्माणाधीन ओवरब्रिज का सांसद राहुल कस्वां ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर, अधीक्षण अभियंता सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांसद कस्वां ने ओवरब्रिज की डिजायनिंग सम्बन्धि कमियों से अवगत करवाया। निरीक्षण के बाद कलेक्टर ऑफिस में जिला कलेक्टर की उपस्थिति में सांसद राहुल कस्वां, चीफ इंजीनियर ब्रिज सुनील माथुर, अधीक्षण अभियंता सहित विभाग के अधिकारियों ने इस आरओबी को लेकर चर्चा की। इस दौरान सांसद राहुल कस्वां ने कहा इस ओवरब्रिज पर पंखा सर्किल से आने वाले ट्रैफिक को सीधी एन्ट्री मिले एवं रतनगर स्थित ओवरब्रिज को निर्माणाधीन अग्रसेन नगर ओवरब्रिज को मर्ज् कर दिया जाये ताकि सिंगल एलीवेटड सडक़ बन जाये। इस सम्बन्ध में सभी अधिकारियों ने सहमति दिखाई और यह प्लान सरकार के समक्ष पेश कर अतिरिक्त बजट स्वीकृत करवाया जायेगा। सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि जनता की सहूलियत के लिये यह इन्फ्रास्ट्रक्र निर्माण हो रहा है तो इसमें डिजायनिंग सम्बन्धित दिक्कतें बाद में नासूर न बन यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी है, क्योंकि चूरू की जनता पहले से रतननगर सडक़ स्थित ओवरब्रिज से काफी परेशान है।

**जनता का पैसा, सही ढ़ंग से खर्च हों :** सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि अग्रसेन नगर ओवरब्रिज राज्य सरकार और रेलवे का साझा प्रौजेक्ट है। जनवरी माह में निरीक्षण के दौरान इस ओवरब्रिज में खामियों को लेकर हमने जिले के अधिकारियों से चर्चा की थी। इसके बाद 18 फरवरी को जयपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन, अतिरिक्त सचिव एवं चीफ इंजीनियर ब्रिज के साथ इस ओवरब्रिज को लेकर विस्तृत चर्चा की और इस दौरान तय हुआ कि चीफ इंजीनियर ब्रिज स्वयं चूरू आकर साईट विज़िट करेंगे। इसी के तहत्त आज ये पूरी प्रक्रिया हुई है। हमारा प्रयास है कि जब इतना बड़ा बजट जनता के हित्त में लग रहा है तो रोजमर्रा की समस्या बनने की बजाय आगामी लम्बे समय तक जनता के लिये लाभदायक हो।

# उप कारागृह राजगढ़ पर पत्थरबाजी कर राजकार्य मे बांधा पहुंचान वाले आरोपी गिरफ्तार

**सादुलपुर।** यहां के उपकार गृह पर चार दिन पूर्व आधी रात के बाद पथराव करने तथा राजकीय कार्य में बाधा डालने वाले तीन और आरोपियों को राजगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए राजगढ़ पुलिस थाना में दबंग थानाधिकारी सीआई राजेश कुमार सिहाग ने अपने नेतृत्व में टीम का गठन किया तथा ताबड़तोड़ कार्रवाई की उसी कार्रवाई के अंतर्गत बुद्धवार को तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। पकड़े गए आरोपी 1- योगेश कुमार पुत्र जयप्रकाश जाति जाट उम्र 25 साल निवासी कामाण पुलिस थाना हमीरवास जिला चूरू, 02- सुनिल कुमार उर्फ ढोला उर्फ धोलु पुत्र जसवन्त जाति जाट उम्र 24 साल निवासी कामाण पुलिस थाना हमीरवास, व 03- हरेन्द्र पुत्र रतनसिह जाति नाई उम्र 25 साल निवासी कामाण पुलिस थाना हमीरवास जिला चूरू को दस्तयाब कर अनुसंधान किया। बाद अनुसंधान मुलजिमानो को गिरफतार किया गया।

# न्यूज ब्रीफ

## ग्राम पंचायत तांबा खेड़ी में विधायक कोटे से सरपंच ने करवाए विकास कार्य

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** तहसील के तांबा खेड़ी ग्राम पंचायत में विकास कार्यों की गति तेज हो गई है। विधायक मनोज न्यांगली के दिशा-निर्देशन और सरपंच बलवीर मेहरा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत में अनेकों विकास कार्य किए जा रहे हैं इन कार्यों के तहत गांव चुबकिया गढ़ में गांव की सभी गलियों का नवनिर्माण किया गया है और सीमेंटेड इंटरलॉक ब्लॉक से गांव की कायापलट की गई है सरपंच बलवीर मेहरा ने बताया कि ग्रामीणों की मांग और विधायक मनोज न्यांगली के प्रयासों से गांव की पक्की गलियां और साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने विधायक और सरपंच के प्रति आभार जताया है सरपंच श्री मेहरा ने बताया की ग्राम पंचायत तांबा खेड़ी में और भी अनेकों विकास कार्य करवाए जाएंगे ग्रामीणों ने बताया कि विधायक और सरपंच की सूझबूझ से आज पूरा गांव चंडीगढ़ शहर जैसा चमक रहा है ग्रामीण विधायक और सरपंच के ग्राम पंचायत में विकास के नवनिर्माण कार्य कराए जाने पर बहुत ही खुशी महसूस कर रहे हैं।

## लायंस क्लब कुचामन फोर्ट की सेवा गतिविधियों पर चर्चा 23 मार्च को



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** लायंस क्लब प्रांत 3233 ई 2 के संभाग 1 के संभागीय अध्यक्ष सूरज जैन और क्षेत्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कोठारी ने कुचामन फोर्ट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्लब की सेवा गतिविधियों और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। क्लब अध्यक्ष पवन मोर ने अतिथियों का स्वागत किया। सचिव रचित नंदवाना ने वर्तमान वर्ष की सेवा गतिविधियों से अवगत कराया। संस्थापक अध्यक्ष राम काबरा ने बताया कि क्लब नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर और ऑक्सीजन बैंक के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद कर रहा है। साथ ही कच्ची बस्ती के बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता का काम भी जारी है। क्षेत्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कोठारी ने क्लब की सेवा गतिविधियों को सराहनीय बताया। संभागीय अध्यक्ष सूरज जैन ने कहा कि फेलोशिप के साथ सेवा ही लायंस क्लब का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि फेलोशिप को बढ़ावा देने के लिए 23 मार्च को मकराना में संभागीय अधिवेशन होगा। कार्यक्रम में संरक्षक पवन जैन, पूर्व अध्यक्ष पवन सांभरवाला, जितेंद्र सिंह राजपुरोहित, मुरली मनोहर स्नेही, ललित काबरा और लियो क्लब के पदाधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## धोखाधड़ी के आरोपी को पकड़ा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** नावां पुलिस ने दो माह से फरार चल रहे धोखाधड़ी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला 2 जनवरी 2025 का है। नावां निवासी भरत कुमावत पिकअप में व्यापारी दीपक जैन का किराने का सामान लेकर जयपुर से नावां के लिए निकला था। सामान की कीमत 1 लाख 26 हजार रुपए थी। भरत सामान लेकर नावां नहीं पहुंचा और फरार हो गया। पीड़ित व्यापारी दीपक जैन ने काफी तलाश की। जब कहीं पता नहीं चला तो 5 जनवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। थानाधिकारी नंदलाल के अनुसार, पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। टीम ने जयपुर सहित कई जगहों पर दबिश दी। आखिरकार 24 वर्षीय आरोपी भरत कुमावत को गिरफ्तार कर लिया। वह राजास का रास्ता नावां का रहने वाला है।

## वाहन स्वामी 15 मार्च तक भार वाहनों के कर जमा कराकर एमनेस्टी योजना का उठाएं लाभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ललित कुमार गुप्ता एवं जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती सविता भारद्वाज ने आज ट्रांसपोर्ट नगर में यूनियन के पदाधिकारियों व ट्रांसपोर्ट्स व्यवसासियों की बैठक लेकर एमनेस्टी योजना के तहत दी जा रही छुट आदि रियायतों की जानकारी दी। बैठक में अधिकारियों ने वाहन स्वामियों को राहत देने के लिए एमनेस्टी योजना के तहत ई-रवन्ना ओवरलोडिंग चालानों में भारी छूट, नष्ट हो चुके वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्रा निरस्तीकरण की सुविधा और पुराने बकाया कर पर नई पैनल्टी दरें, खनिज विभाग से प्राप्त ई-रवन्ना के तहत ओवरलोडिंग के मामलों में बनाए चलानों में 95 प्रतिशत की छूट के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने वाहन स्वामी एवं यूनियन के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि भार वाहन के कर जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च है किंतु 13 व 14 मार्च को होली का अवकाश होने कारण निर्धारित तिथि से पूर्व ही कर जमा करावे। निर्धारित तिथि के पश्चात वाहन का कर जमा करवाने पर पैनल्टी देय होगी। साथ ही बिना कर संचालित पाये जाने वाले वाहनों पर जब्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## युवाओं को नशा मुक्त अभियान से जोड़ने का कार्य जारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** कुरुक्षेत्र हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत बकेट चैलेंज अभियान चलाकर युवाओं को नशा मुक्त अभियान से जोडऩे का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशा-निर्देशों एवं मार्गर्शन और पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा एवं पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के नेतृत्व में यह अभियान जन जन तक पहुँच रहा है। सोशल मीडिया पर प्रत्येक व्यक्ति इस अभियान से जुडक़र गौरव का अनुभव करता है। जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रात: सेक्टर 3 कुरुक्षेत्र पहुंचे और डीएवी पब्लिक स्कूल को इस अभियान से जोड़ा। शिक्षक राम रतन शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इस अभियान में भाग लिया। तत्पश्चात गीता निकेतन विद्या मंदिर कुरुक्षेत्र के प्रबंध निदेशक कर्नल एस एन शर्मा और प्राचार्य सुमित कुमार के नेतृत्व में बकेट चैलेंज अभियान को स्वीकारा गया। सेक्टर 3 के अनेक लोगों ने इस अभियान में भाग लिया।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ पहुंचे पाली, भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** लगातार दूसरी बार भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चुने जाने के बाद मदन राठौड़ के पहली बार पाली पहुंचने पर जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी व भाजपा नेता नरेश ओझा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उत्साह से स्वागत किया। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने इक्यावन किलो की माला पहनाई। स्वागत के दौरान जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी ने शहर में एक बड़ा ऑडिटोरियम बनाने के साथ पाली विकास प्राधिकरण व ड्रेनेज सिस्टम के लिए बजट स्वीकृत करवाने की मांग की। इस पर प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने सभी मांगों पर जयपुर जाकर काम करने का आश्वासन दिया। इससे पहले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने पांचमौखा स्थित भाजपा के नवनिर्मित कार्यालय का निरीक्षण भी किया। उधर मदन राठौड़ ने वायद-उन्दरा चौराहा जैतपुर में ब्रह्मलीन बालकदास महाराज के समाधि स्थल पर पहुंच समाधिक के दर्शन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।





## इक्यावन किलो की माला पहनाई



राठौड़ ने ब्रह्मलीन बालकदास महाराज के उत्तराधिकारी संत घनश्यामदास महाराज से आशीर्वाद लिया। प्रदेशाध्यक्ष को जैतपुर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गौतम त्रिवेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया जैतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र क्षतिग्रस्त हो गया है एवं निजी भवन में संचालित किया जा रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य केंद्र की मरम्मत करवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ' मोन्नत करवाने, जैतपुर स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर नए कैमरे लगवाने, हेमावास बांध का कमांड क्षेत्र बढ़ाने, प्रदूषित बांडी नदी से किसानों को हो रहे नुकसान को लेकर विशेष सहायता दिलाने की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी, समाजसेवी पुखराज पटेल, जयंतीलाल कवाड़, सालगदास वैष्णव, मांगूगिरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष घीसूसिंह, पेमाराम विश्नोई, गंगादान चारण, मेहरदान चारण, सुरेश परिहार, अर्जुनसिंह राजपुरोहित, प्रेम पटेल सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। उधर राजस्थान नर्सिंग ऑफिसर



यूनियन जिलाध्यक्ष केशरसिंह चौहान व प्रदेश सचिव विनोद प्रजापत के नेतृत्व में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को ज्ञापन सौंप संविदा नर्सिंग भर्ती राजमेस में समायोजित करने की मांग की गई। इस दौरान प्रदेश मंत्री नीमा सीरवी, गोविंद बंजारा, अनिल मालवीय, हंसराज बंजारा, विनोद चौहान, विनय दवे, भुवनेश सेन, राकेश परिहार, मुकेश मारु सहित कई नर्सिंगकर्मी मौजूद थे।

## राज्यपाल माथुर ने किया गोशाला का अवलोकन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंडारा/खिंवाड़ा।** सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने सेसली धाम से लौटते समय पुनाड़िया में खेल मैदान व गोशाला का अवलोकन किया। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ व जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी भी साथ थे। सभी का शिक्षाविद पूर्व सरपंच रतनसिंह के नेतृत्व में माला व साफा पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी धीरज जणवा, हरजीराम चौधरी, जीवाराम सीरवी, छोटूपुरी, निम्बाराम चौधरी, दिनेश जणवा, दरजाराम, नवाराम चौधरी, कालूराम मीणा, देवाराम मीणा, मोहनलाल मीणा, बाबूलाल लोंगेशा सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

## राणावत के पाग दस्तूर समारोह में शरीक हुए ग्रामीण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** सांडेराव ठिकाने के ठा नरेन्द्रसिंह राणावत के पाग दस्तूर समारोह में गणमान्य लोगों से सहित ग्रामीणों ने उत्साह से भाग लिया। ठा शिवशक्तिसिंह राणावत के निधन पर नरेंद्रसिंह राणावत का पाग दस्तूर समारोह परंपरागत रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान लोगों ने उनका कुंकुम तिलक कर साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर आइएफडब्ल्यूजे के नव नियुक्त सुमेरपुर ब्लॉक अध्यक्ष नटवर मेवाड़ा का राणावत एवं ग्रामीणों ने साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान मारवाड़-गोडवाड़ जन कल्याण सेवा समिति अध्यक्ष जयदेवसिंह राणावत, बहादुरसिंह राणावत, रामपालसिंह राणावत, पत्रकार पुखराज घांची, महावीर मेवाड़ा, जयपाल भाटी, मांगूसिंह राजपुरोहित, भूराराम मालवीय, नारायणलाल, जगदीश कुमावत, महेश मेवाड़ा, अभिषेकसिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## तेज हवा के बीच आग ने मचाया तांडव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** सिणगारी गांव के विश्नोइयों की ढाणी के निकट गोचर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवा चलने से देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग करीब एक किलोमीटर तक फैल गई। सूचना पर दमकल मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया गया।



## मौसम में बदलाव से जीरे व सरसों की फसल में फैला झुलसा रोग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** मौसम में बदलाव से जीरे व सरसों की फसल में झुलसा रोग फैलने से किसानों के चेहरें पर चिंता की लकीरें छा गई है। यह रोग रोहट, सोजत, पाली तहसील के गांवों में बढ़ता जा रहा है। बार-बार मौसम में परिवर्तन होने से खेतों में कुछ फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। कभी तेज धूप तो कभी तेज सर्दी एवं अब बादल छाने से फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि इस वर्ष बड़े भूभाग पर जीरा, सरसों, तारामीरा एवं चना की बुवाई की है। लेकिन वातावरण परिवर्तन के कारण फसलों को रोग लग गया है। ऐसे में कई खेतों में फसल खराब हो गई है। उल्लेखनीय है कि निम्बली उड़ा, खैरवा, खेतावास, झुपेलाव, चोपड़ा, झितडा, भाकरीवाला, इन्द्रोका की ढाणी, जेतपुर, राणा, कुलथाना, उमकली, मांडावास, वायद, खांडी सहित दर्जनों गांवों में इन फसलों की भरपुर बुवाई की है। फरवरी माह में ही फसल काटने में किसान जुट गए है। लेकिन कई दिनों से मौसम के बदलते मिजाज के कारण फसल खराब हो गई है।



## वरिष्ठ नागरिक समिति की बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाड़ोल।** वरिष्ठ नागरिक समिति की मासिक बैठक करणसिंह चाली स्थित सभागार में अध्यक्ष डॉ रामलाल मोहबारशा की अध्यक्षता में हुई। महामंत्री नरपतसिंह कुंपावत ने बताया कि गत शनिवार को वरिष्ठ नागरिक समिति की 32वीं शाखा का ढालोप में शुभारंभ कर भोपालसिंह राजपुरोहित को शाखा अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। ढालोप शाखा खोलने में नाडोल शाखा अध्यक्ष सांवलदास वैष्णव और रानी शाखा अध्यक्ष सुभाष पुरोहित का विशेष योगदान रहा। बैठक में स्वामी विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस को डॉ रामलाल मोहबारशा एवं कांतिलाल मुथा आदि ने श्रद्धांजलि दी। बैठक में कृष्णचंद्र जोशी ,ओटाराम सोलंकी, गोपालदास मूंदड़ा, श्रवणकुमार तंवर, जगदीश दुबे, चैनसिंह खींची, गणेशराम परमार,माणकचंद तंवर, शिवप्रसाद परिहार, घीसालाल, धनसिया बड़गुजर, केसाराम प्रजापत, रामस्वरूप माली आदि मौजूद थे।

## गाय से टकराई बाइक, चालक गंभीर घायल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** सड़क पर गाय से टकराने से बाइक चालक युवक गंभीर घायल हो गया। पुलिस के अनुसार एक युवक बाइक लेकर घर जा रहा था। इस दौरान सामने गाय आने से बाइक उससे टकरा गई। हादसे में गाय का सिंग उसके पेट में घुस गया व आंते बाहर आने गंभीर रूप से घायल हो गया।



लोगों ने उसे हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉ मोहनलाल ने बताया कि युवक की हालत गंभीर होने पर तुरंत ऑपरेशन किया गया।

## सचिव भाटी ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला न्यायाधीश विक्रमसिंह भाटी ने बुधवार को जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 87 बंदी जिला कारागृह पाली में निरूद्ध मिले। भाटी ने बंदियों से सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी। जिला कारागृह कारपाल जोराराम ने इस दौरान बताया कि संचालित जेल डिस्पेंसरी में वर्तमान में चिकित्सक का पद रिक्त होने के कारण बंदीगण को समुचित चिकित्सा परिलाभ नहीं मिल पा रहा है। बंदीगण को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाना पड़ता है। सचिव भाटी द्वारा जिला कारागृह में संचालित विधिक सेवा केन्द्र का विजिट कर विधिक सेवा केन्द्र के रजिस्टरों का भी अवलोकन किया। सुश्री वैशाली व्यास जेल विजिटिंग लॉयर, अल्ताफ हुसैन जेल विजिटिंग लॉयर आदि उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने की अतिक्रमण हटवाने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** काकलावास गांव के ग्रामीणों ने तहसीलदार हरेंद्रसिंह चौहान को ज्ञापन सौंपकर गेर मुमकिन मगरा की भूमि किए गए अतिक्रमण को हटवाने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने खसरा नंबर 78 2, 777 और 779 पर अतिं मण कर रखा है। उन्होंने इन तीनों खसरों का सही सीमांकन करवाकर अतिं मण हटाने की मांग की है। इस दौरान सरपंच अमकीदेवी, जेठूसिंह राणावत, उपसरपंच मोडसिंह परमार, खुमानराम भील व विरमराम देवासी भी मौजूद थे।

## वीपी पद बनाए रखने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** उपप्राचार्य पदोन्नति संघर्ष समिति के प्रदेश उप संयोजक बाबूलाल गर्ग के नेतृत्व में मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी बाली का ज्ञापन देकर विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। ज्ञापन के जरिए वीपी पद बनाए रखने, सत्र 2023-24, 2024-25 की नियमित डीपीसी की मांग की गई। इस अवसर पर प्रदेश उप संयोजक बाबूलाल गर्ग, जिला संयोजक सवाराम परमार, कोषाध्यक्ष धन्नाराम राठौड़, संगठन मंत्री भगवानलाल, अर्जुनसिंह चुंडावत, पंचायतराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष जयरूपचंद गर्ग, हर्षित राज, मंजू राठौड़, संगीता, तेजराज चौधरी, मोहनलाल परमार प्राध्यापक आदि मौजूद थे।

## साथिया में 600 किसानों ने करवाया पंजीयन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** चारभुजा तहसील के साथिया पंचायत भवन में तीन दिवसीय चल रहे किसान रजिस्ट्री शिविर का बुधवार को समापन हुआ। तीन दिन में 600 किसान लाभान्वित हुए। जिसमें शिविर के माध्यम से किसानों की भूमि को आधार कार्ड से जोड़कर रजिस्ट्रेशन किया गया। शिविर प्रभारी चारभुजा के नायब तहसीलदार सेवाराम बेरवा ने बताया कि शिविर में प्रथम दिन 190, दूसरे दिन 240 सहित तीन दिनों में 600 किसानों ने पंजीयन करवाया। सरपंच प्रशासक श्रीमती भारतीय राजपुरोहित, समाजसेवी भेरूलाल राजपुरोहित, सचिव बजरंगसिंह, सहायक सचिव बंशी गोपाल, ईमित्र धारक छगनलाल, मांगीलाल आदि का सहयोग रहा।



## कलक्टर के आदेश के बाद चमका भीमकुंड

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** चारभुजा कस्बे में जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा द्वारा एक माह पूर्व आकस्मिक निरीक्षण के दौरान भीमकुंड की सफाई करवाकर चारों और जाली लगाकर लोहे का गेट लगवाने के आदेश दिए थे। जहां पंचायत प्रशासक धर्मचंद सरगरा, ग्राम विकास अधिकारी मनोहरलाल मीणा ने कार्य को तत्पर्ता से करवाकर जाली व गेट लगवा दिया है। अब यहां कुंड में स्वच्छता बनी रहेगी।

## डेयरी की गाड़ी व ऑटो में टक्कर, एक घायल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** ऑटो एवं दूध डेयरी की गाड़ी में टक्कर से एक युवक घायल हो गया। सदर पुलिस के अनुसार मानपुरा भाखरी से ऑटो चालक मोहनलाल सवेरे सवारियां भरकर जा रहा था। इस दौरान पुल के नीचे से गुजरने के दौरान दूध डेयरी में लगी गाड़ी ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में ऑटो चालक घायल हो गया। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को बांगड़ अस्पताल के भर्ती करवाया। फरार चालक को ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र में वाहन सहित डिटेन कर लिया गया।



## दिवंगत रांगी को अर्पित की श्रद्धांजलि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** निकटवर्ती जीवन्द कला गांव के बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण में सर्व समाज के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में ग्रामीणों की ओर से दिवंगत किशोर रांगी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इससे पहले कैंडल मार्च निकाला गया। किशोर रांगी के हत्यारों को फांसी देने की मांग करते हुए नारे लगाए गए। लोगों ने रांगी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान हुकमाराम रांगी, शेराराम बोस, उम्मेदराम बोस, मगाराम बोस, रूपाराम बोस, अशोक बोस, वजाराम रांगी, मंगलाराम वर्मा, हीरालाल वर्मा, राकेश बोस, सतीश बावल, खीमाराम बोस, जेके सुरेश रांगी, मेहुल बावल, रमेश बावल, दशरथ बोस, आर्यन बोस सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



# स्मिथ ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान और बल्लेबाजी के मुख्य आधार स्टीव स्मिथ ने बुधवार पांच मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में अपनी टीम की हार के बाद वनडे से संन्यास की घोषणा की। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक बयान के अनुसार, 35 वर्षीय स्टीव स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ अपनी टीम के सर्वोच्च स्कोरर रहे थे। उन्होंने 96 गेंद में 73 रन बनाए थे। सबसे छोटे प्रारूप के लिए खेलने का उनका फैसला 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने के संभावित अवसर से प्रभावित हो सकता है, जहां क्रिकेट टी20आई के रूप में खेला जाएगा। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से एक विज्ञप्ति में स्मिथ ने कहा, 'यह एक शानदार सफर रहा है और मैंने इसके हर मिनट का आनंद लिया है।' स्मिथ ने सेमीफाइनल में हार के बाद अपने साथियों को अपने फैसले के बारे में बताया और कहा कि यह सही समय था। स्मिथ ने कहा, 'ऐसा लगता है कि अब खेल छोड़ने का सही समय है। बहुत सारे शानदार पल और शानदार यादें हैं। दो विश्व कप जीतना एक शानदार उपलब्धि थी, साथ ही कई शानदार साथियों ने इस यात्रा को साझा किया।' उन्होंने कहा, 'अब लोगों के लिए 2027 के वनडे विश्व कप की तैयारी शुरू करने का एक शानदार अवसर है, इसलिए ऐसा लगता है कि अब खेल छोड़ने का सही समय है। टेस्ट क्रिकेट अभी भी प्राथमिकता है और मैं वास्तव में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल, सर्दियों में वेस्टइंडीज और फिर घर पर इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। मुझे लगता है कि मुझे अभी भी उस मंच पर योगदान देने के लिए बहुत कुछ है।' स्मिथ का वनडे करियर 170 मैचों तक फैला हुआ है, जिससे वह इस प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के 16वें सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। 43.28 की औसत और 86.96 प्रति 100 गेंदों में 5,800 रन के साथ वह वनडे में देश के 12वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में खेल से विदा लिया है। उनके खाते में 12 शतक और 35 अर्द्धशतक शामिल हैं, जिसमें 2016 में न्यूजीलैंड के खिलाफ एससीजी में उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ 164 रन की पारी शामिल है।

### दो बार बने वर्ल्ड कप चैंपियन

स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलिया की 2015 और 2023 आईसीसी विश्व कप विजेता टीमों के एक प्रमुख सदस्य रहे। उनको 2015 और 2021 में ऑस्ट्रेलिया के पुरुष वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर के रूप में चुना गया था और 2015 में आईसीसी पुरुष वनडे टीम ऑफ द ईयर में जगह मिली थी। उन्होंने 2015 में वनडे कप्तानी संभाली और अपने अंतिम मैच में भी टीम का नेतृत्व किया। स्टीव स्मिथ ने कहा, 'अब लोगों के लिए 2027 विश्व कप की तैयारी शुरू करने का एक शानदार अवसर है, इसलिए ऐसा लगता है कि यह सही समय है।'

### संन्यास लेने का सही समय : स्टीव स्मिथ

स्टीव स्मिथ ने मंगलवार चार मार्च की रात चार विकेट से हार के बाद अपने साथियों को इस फैसले की जानकारी दी। वह टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना जारी रखेंगे। स्टीव स्मिथ ने कहा, 'ऐसा लगता है कि अब संन्यास लेने का सही समय आ गया है। यह एक शानदार सफर रहा है और मैंने इसके हर मिनट का आनंद लिया है। टेस्ट क्रिकेट अब भी प्राथमिकता है और मैं वास्तव में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल, सर्दियों में वेस्टइंडीज और फिर घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। मुझे लगता है कि मुझे अब भी उस मंच पर योगदान देने के लिए बहुत कुछ करना है।'

### लेग स्पिन ऑलराउंडर के रूप में किया था डेब्यू

ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के बाहर होने के बाद वनडे से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अब दूसरों के लिए 'रास्ता बनाने' का सही समय है। साल 2010 में लेग स्पिन ऑलराउंडर के रूप में पदार्पण करने के बाद स्टीव स्मिथ की गिनती ऑस्ट्रेलिया के सबसे बेहतरीन वनडे बल्लेबाजों में से होती है। स्टीव स्मिथ ने 170 एकदिवसीय मैच में 43.28 के औसत से 5,800 रन बनाए।

### स्टीव स्मिथ के अगले चरण को देखने के लिए उत्सुक हूं: सीईओ

सीए के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग और चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में स्मिथ के अपार योगदान की सराहना करते हुए दिग्गज क्रिकेटर की भूरि-भूरि प्रशंसा की। ग्रीनबर्ग ने कहा, 'स्टीव को एक शानदार एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए बधाई। उन्होंने अपने करियर के दौरान 50 ओवर फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया के प्रदर्शन में बहुत बड़ा योगदान दिया है।'

# नॉकआउट मैच के बाद रैंकिंग में चमके विराट

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले विराट कोहली को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में तगड़ा फायदा हुआ है। वह दो स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष पांच में शामिल हो गए हैं। वहीं, सेमीफाइनल मैच में कोहली के साथ 91 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाने वाले श्रेयस अय्यर ने भी छलांग लगाई है। वह आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में चार भारतीयों का दबदबा है। पहले स्थान पर 791 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल मौजूद हैं। वह पिछले हफ्ते बाबर आजम को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंचे थे। चौथे स्थान पर विराट कोहली हैं। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा को दो पायदानों का नुकसान हुआ है, लेकिन वह शीर्ष पांच में मौजूद हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर (195 रन) एक स्थान की छलांग लगाने में कामयाब हुए।

▶▶ अय्यर को भी हुआ फायदा

▶▶ शीर्ष-10 में चार भारतीय



### जादरान को मिला शतकीय पारी का लाभ

विराट कोहली मौजूदा टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने 72.33 के औसत और 83.14 के स्ट्राइक रेट से 217 रन बनाए हैं। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक लगाया था।

### जडेजा नौवें पर मौजूद, अक्षर ने लगाई लंबी छलांग

ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भारत के अक्षर पटेल को तगड़ा फायदा हुआ है। वह 17 स्थानों के फायदे के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गए हैं। शीर्ष 10 में रवींद्र जडेजा के अलावा कोई मौजूद नहीं है। वह नौवें पायदान पर 213 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ बने हुए हैं। वहीं, अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई दो स्थानों के फायदे के साथ शीर्ष ऑलराउंडर बन गए हैं। उन्हें दो स्थानों का लाभ हुआ है।

# दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने लिया संन्यास का फैसला




**चेन्नई।** भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने बुधवार को घोषणा की कि चेन्नई में इस महीने के आखिर में डब्ल्यूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट पेशेवर खिलाड़ी के रूप में उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) टूर्नामेंट 25 से 30 मार्च तक खेला जाएगा। 42 वर्ष के शरत कमल ने कहा, 'मैने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट चेन्नई में खेला था और आखिरी भी चेन्नई में ही खेलूंगा। यह पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा।' शरत ने राष्ट्रमंडल खेलों में छह स्वर्ण पदक जीते हैं जबकि एशियाई खेलों में दो कांस्य अपने नाम किए। पिछले साल पेरिस में पांचवां और आखिरी ओलंपिक खेलने वाले इस दिग्गज ने कहा, 'मैने राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों में पदक जीते हैं। ओलंपिक पदक मैं नहीं जीत सका।' उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि मैं आने वाली युवा प्रतिभाओं के जरिए अपना सपना पूरा कर सकूंगा।'

# रचिन रवींद्र ने लगाया 5वां शतक



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में शतक लगाकर इतिहास बना दिया है। यह इस टूर्नामेंट में उनका दूसरा शतक है। बता दें कि रचिन रवींद्र ऐसे पहले बल्लेबाज बन गए हैं जिनके पहले पांच वनडे शतक आईसीसी इवेंट्स में ही आए हैं। बुधवार को उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी टीम को मजबूत शुरूआत दी। विल यंग के साथ मिलकर रचिन ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े थे। विल 21 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद रचिन ने केन विलियमसन के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया और अपना शतक पूरा किया। रचिन रवींद्र के नाम अब तक पांच शतक है। यह पांचों शतक आईसीसी इवेंट्स में ही आए हैं। वनडे विश्व कप 2023 में उन्होंने तीन शतक लगाए थे जबकि इस साल चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में यह उनका दूसरा शतक है। आईसीसी इवेंट्स में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम (आठ) पर है। उनके बाद सचिन तेंदुलकर, सौव गांगुली, क्रिस गेल, डेविड वॉर्नर (7-7) का नाम आता है। रिकी पोंटिंग, कुमार संगाकारा, शिखर धवन, विराट कोहली (6-6) शतक लगा चुके हैं।

# पाक की भयंकर बेइज्जती, मेजबान देश से उठ जाएगी चैंपियंस ट्रॉफी



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के लिए बेइज्जती होना कोई नई बात नहीं है। कहीं ना कहीं कभी ना कभी उसकी इज्जत तार-तार होती ही है। अब क्रिकेट के मैदान पर भी ऐसा ही होगा। बड़ी मुश्किल से तो करीब 29 साल बाद पाकिस्तान को किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली थी, वो भी आधी अधूरी ही दिखाई दी। क्रिकेट की दुनिया का सबसे बड़ा मुकाबला भारत बनाम पाकिस्तान दुबई में खेला गया और इसके बाद सबसे बड़ा मैच भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया भी पाकिस्तान में नहीं हो पाया। अभी और भी बेइज्जत होना बाकी है। चैंपियंस ट्रॉफी भी अब पाकिस्तान से उठाई जाएगी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड देखने के सिवा कुछ भी नहीं कर पाएगा।

दरअसल जब आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी का शेड्यूल जारी किया था, तभी साफ कर दिया था कि भारत का सेमीफाइनल तो दुबई में होगा ही, साथ ही अगर भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में एंट्री कर ली तो खिताबी भिड़ंत भी दुबई में होगी। अब भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। न्यूजीलैंड बनाम साउथ अफ्रीका मैच का जो भी विजेता होगा, उससे भारत की टक्कर होगी।

## म नो रं ज न

# रश्मिका ने आयुष्मान के साथ शुरू की थामा की शूटिंग

साउथ इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना कुछ दिनों पहले जिम में चोटिल हो गई थीं, जिससे उनके पैर में काफी फ्रैक्चर हुआ था। चोट लगने के कारण रश्मिका के काम पर काफी प्रभाव पड़ा था और शूटिंग रोकनी पड़ी थी। वहीं, अब एक्ट्रेस इस चोट से उबर आई हैं और करीब डेढ़ महीने के ब्रेक के बाद उन्होंने फिर से शूटिंग शुरू कर दी है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'थामा' की शूटिंग जनवरी तक जोर-शोर से चल रही थी। हालांकि, पैर में चोट लगने के कारण दिल्ली शेड्यूल को रोक दिया गया था। वहीं, अब एक्ट्रेस के ठीक होते ही फिल्म निर्माता आदित्य सरपोतदार ने पिछले हफ्ते फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू कर दी। रिपोर्ट्स के अनुसार, आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना इस समय मुंबई में रियल लोकेशन पर शूटिंग कर रहे हैं। वे अपने को-स्टार परेश रावल के साथ 'थामा' की शूटिंग कर रहे हैं। 27 मार्च को कास्ट और क्रू शूटिंग के लिए फिल्म सिटी में शिफ्ट हो जाएंगे। दिल्ली के घरों और गलियों को दर्शाते सेट बनाए गए हैं। वहीं, रश्मिका और विक्की कौशल की फिल्म 'थामा' की बात करें तो यह दो समयसीमाओं में सेट है, लेकिन ताजा चर्चा यह है कि फिल्म में एक प्रेम कहानी है। यह फिल्म दिवाली पर रिलीज होगी। दिनेश विजन और अमर कौशिक ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। वहीं, निरेन भट्ट, सुरेश मैथ्यू और अरुण फलारा ने फिल्म की कहानी लिखी है।



# एसएस राजामौली की 'SSMB 29' के सेट की तस्वीर हुई लीक?

एस एस राजामौली की फिल्म 'एसएसएमबी 29' की सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हो रही है। फैंस इस फिल्म को लेकर काफ उत्साहित हैं। फैंस के इस उत्साह के बीच सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है। इस तस्वीर के साथ दावा किया जा रहा है कि ये तस्वीर 'एसएसएमबी 29' के सेट की है। तस्वीर को देख के फैंस का उत्साह और बढ़ गया है। हालांकि, तस्वीर के साथ किए जा रहे दावे पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं आई है। एक ट्विटर यूजर ने इस तस्वीर को शेयर किया है। तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा है- "एसएसआरएमबी सेट की लीक्ड पिक्चर। एस एस राजामौली हैदराबाद में काशी बना रहे हैं। ओडिशा का शूट पूरा होने के बाद इस सेट पर शूटिंग शुरू होगी।" एस एस राजामौली की फिल्म 'एसएसएमबी 29' की बात करें तो इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और महेश बाबू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा में हाल ही में ये बात कंफर्म की थी कि प्रियंका चोपड़ा एस एस राजामौली की फिल्म में नजर आएंगी। रिपोर्ट्स की मानें तो 'एसएसएमबी 29' की बात करें तो ये एक जंगल एडवेंचर फिल्म होने वाली है। फिल्म के लिए महेश बाबू दाढ़ी और बाल बढ़ा रहे हैं। ये 'इंडियाना जोन्स' जैसी फिल्म होगी जहां महेश बाबू का किरदार हनुमान से प्रेरित होगा।

# शादी में पहुंचे ऐश्वर्या-अभिषेक

बॉलीवुड फिल्म मेकर आशुतोष गोवारिकर के बेटे कोणार्क गोवारिकर दो मार्च को शादी के बंधन में बंधे। इस शादी में बॉलीवुड की दिग्गज हस्तियों ने शिरकत की। शाहरुख खान से लेकर विद्या बालन तक इस स्टार स्टडेड वेडिंग का हिस्सा रहे। वहीं लंबे समय से तलाक की अफवाहों को लेकर चर्चा में चल रहे ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन भी कोणार्क की शादी में एक साथ पहुंचे। आशुतोष गोवारिकर के बेटे की शादी में ऐश्वर्या और अभिषेक व्हाइट में ट्विनिंग करते नजर आए। ऐश्वर्या इस दौरान व्हाइट कलर का सूट पहने दिखीं। हाथों में मैचिंग पोटली लिए और मैचिंग जूलरी पहने एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत लग रही थीं।







# 25वीं सालगिरह पर फिर से होगी रिलीज 'हेरा फेरी'

अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी की 'हेरा फेरी' बॉलीवुड की सबसे मशहूर कॉमेडी कल्ट-क्लासिक्स में से एक है। इस महीने के आखिर में 31 जनवरी को यह फिल्म अपनी रिलीज के 25 साल पूरे होने का जश्न मनाएगी। री-रिलीज के दौर में निर्माता फिरोज ए. नाडियाडवाला ने हाल ही में खुलासा किया कि क्या वह भी फिल्म को फिर से बनाने की योजना बना रहे हैं?

निर्माता फिरोज ए. नाडियाडवाला ने बॉलीवुड हंगामा से बताया कि क्या 'हेरा फेरी' के समर्पित प्रशंसक को देखते हुए वह फिल्म को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज करेंगे। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसा फैसला है, जो मैं अकेले नहीं लूंगा। कागजों पर मैं फिल्म का मालिक हूं, लेकिन नैतिक रूप से अक्षय, परेश और सुनील भी फिल्म के उतने ही मालिक हैं, इसलिए हम मिलकर फैसला लेंगे।' साथ ही उन्होंने आगे यह स्वीकार करते हुए अपना विश्वास व्यक्त किया कि जब भी वे इसे फिर से रिलीज करेंगे, उन्हें यकीन है कि यह कॉमेडी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका मचा देगी। नाडियाडवाला ने 'फिर हेरा फेरी' (2006) को 19 साल और हेरा फेरी को रिलीज हुए 25 साल हो चुके हैं। उन्होंने इस बात का जिक्र करते हुए कहा कि लोगों के बीच फिल्म का आज भी लोकप्रिय बने रहना, बहुत अच्छी बात है और इसके लिए उन्होंने कुछ नहीं किया है। यह अपने आप हुआ है। 'हेरा फेरी' और 'फिर हेरा फेरी' ने मीम्स की दुनिया में भी पंथ का दर्जा हासिल कर लिया है।

# मृणाल हैदराबाद में कर रहीं 'डकैत' की शूटिंग

एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर अपनी अपकमिंग फिल्म 'डकैत' की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हैदराबाद में चल रही 'डकैत' की कुछ झलकियां शेयर की हैं। नए-नए पोस्ट से फैंस को अक्सर रूबरू कराने वाली अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम हैंडल पर सेट से पर्दे के पीछे के पलों को (बीटीएस) शेयर किया। उन्होंने कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिन्हें उन्होंने अभिनेता अदिवी शेष और निर्माता सुप्रिया यारलागड्डा को टैग किया। शेयर की गई तस्वीरों में मृणाल हाथ से कभी दिल बनाती तो कभी हाथ जोड़ती कैमरे में कैद हुईं। हाल ही में मृणाल ठाकुर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह धनुष के हिट 'व्हाई दिस कोलावेरी डी' गाने पर कार में बैठे-बैठे गाती नजर आईं। मजेदार वीडियो के साथ उन्होंने बताया कि उनकी टीम ने अब मस्ती का फैसला लिया क्योंकि वह पैकअप डांस करने से चूक गई थीं। 'डकैत' के बारे में बता दें, फिल्म में मृणाल के साथ अदिवी शेष मुख्य भूमिका में हैं। पैन इंडिया फिल्म में मृणाल और अदिवी के साथ अनुराग कश्यप भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। शनील देव के निर्देशन में बनी फिल्म का निर्माण सुप्रिया यारलागड्डा ने किया है। फिल्म के सुनील नारंग सह-निर्माता हैं। वहीं, अन्नपूर्णा स्टूडियो ने प्रस्तुत किया है। कहानी एक ऐसे गुस्सैल अपराधी (अदिवी शेष) की कहानी है, जो धोखा खाने के बाद अपनी पूर्व प्रेमिका से बदला लेने पर तुला है। वह उसे फंसाने के लिए एक खतरनाक योजना बनाता है। प्यार, धोखा और बदला लेने की प्रवृत्ति के साथ कहानी को मनोरंजन के साथ गढ़ा गया है। 'डकैत' के अलावा, मृणाल बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'सन ऑफ सरदार 2' में भी दिखाई देने वाली हैं, जहां वह अजय देवगन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। विजय कुमार के निर्देशन में तैयार 'सन ऑफ सरदार 2' में संजय दत्त भी अहम भूमिका में हैं।



# शाहिद की 'उड़ता पंजाब' का सीक्वल ला रहीं एकता




बॉलीवुड में लगभग हर मुद्दे पर फिल्में बनती हैं। आज से करीब एक दशक पहले पंजाब में बढ़ते नशे को टारगेट करते हुए एक फिल्म बनाई गई थी। इस फिल्म का नाम था 'उड़ता पंजाब'। फिल्म में शाहिद कपूर ने लीड रोल प्ले किया था। अब फिल्म का दूसरा पार्ट आने जा रहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो एकता कपूर के निर्देशन में 'उड़ता पंजाब 2' बनने की तैयारी है। पिछली बार की तरह इस बार भी फिल्म में शाहिद कपूर लीड रोल में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो जल्द ही इस खबर पर कन्फर्मेशन भी आ सकता है। 'उड़ता पंजाब 2' एकता कपूर के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनेगा। वहीं दूसरी तरफ फिल्म के लेखन और निर्देशन का काम आकाश कौशिक के हाथ में सौंपा गया है। इस फिल्म में साथ काम करने को लेकर दोनों काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। अभी फिल्म की लेखनी का काम चल रहा है। जबकी ऐसी उम्मीद है कि फिल्म की शूटिंग साल 2026 में शुरू की जा सकती है। एक बार जब स्क्रिप्ट फाइनल हो जाएगी तो फिल्म की कास्ट के बारे में सोचा जाएगा। एकता की ये इच्छा है कि पिछली बार की तरह इस बार भी शाहिद कपूर ही फिल्म के लीड एक्टर बनें। इस बारे में एकता ने शाहिद से शुरुआती डिस्कसन कर भी लिया है। लेकिन अभी औपचारिक बातचीत होनी बाकी है। फिल्म के सीक्वल की कहानी एकदम अलग होगी लेकिन फिल्म का प्लॉट पिछले पार्ट की तरह ही ड्रग्स एंगल पर ही फोकस्ड होगा। 'उड़ता पंजाब' फिल्म साल 2016 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन अभिषेक चौबे ने किया था। रिपोर्ट्स की मानें तो ये फिल्म 30 करोड़ के बजट में बनी थी। फिल्म ने भारत में 60 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था वहीं 'उड़ता पंजाब' का वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 90 करोड़ रुपए से ज्यादा का रहा था।

2025 : संघ की स्थापना का 100वां वर्ष

# बिहार-बंगाल के चुनाव की प्लानिंग

## संघ की बैठक 21-23 तक बेंगलुरु में, संघ के सैकड़ों पदाधिकारी रहेंगे मौजूद



**नागपुर।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का बिहार दौरा काफी अहम माना जा रहा है। बिहार चुनाव के संबंध में भी चर्चा होगी। बिहार चुनाव से संबंधित सभी सहयोगी संगठनों को कार्य करने का दिशा निर्देश भी तय किया जाएगा। 10 दिन का बंगाल प्रवास की संभावना है। आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक बेंगलुरु में 21 से 23 मार्च के बीच होने जा रही है प्रतिवर्ष ये बैठक मार्च में होती है और हर तीन साल बाद यह बैठक चुनावी वर्ष के रूप में मानी जाती है। हर तीसरे वर्ष नागपुर में बैठक संपन्न होती है। पिछले वर्ष यह बैठक नागपुर में हुई थी और इस वर्ष यह बैठक बेंगलुरु में हो रही है। भाजपा अगर अपने नए अध्यक्ष का चुनाव 20 मार्च तक कर लेती है तो पूरी संभावना है कि इस बैठक में नए अध्यक्ष शामिल होंगे।

यह संघ की स्थापना का 100वां वर्ष है। ऐसे में इस बैठक में मुख्य रूप से संघ के अगले वर्ष के कार्यक्रमों के संबंध मे विचार होगा। विजयादशमी 2025 से विजयदशमी 2026 तक संघ अपना शताब्दी वर्ष मनाएगा।

### » संघ के सभी संगठन रहेंगे मौजूद

आरएसएस के अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में संघ के 45 प्रांत के साथ-साथ सभी क्षेत्र के क्षेत्र प्रमुख, प्रांत प्रमुख मौजूद रहते हैं। इसके अतिरिक्त संघ के सभी 32 सहयोगी संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे, जिसमें विश्व हिंदू परिषद, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्र सेविका समिति, जैसे सभी संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### » बैठक में ये गणमान्य शामिल रहेंगे

इस बैठक में सरसंघचालक डाक्टर मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले, छह सह सरकार्यवाह क्रमशः डाक्टर कृष्ण गोपाल, केसी मुकुंद, अरुण कुमार, राम दत्त चक्रधर, आलोक कुमार और अतुल लिमय, सहित शारीरिक प्रमुख, बौद्धिक प्रमुख, व्यवस्था प्रमुख, सेवा प्रमुख, संपर्क प्रमुख, प्रचारक प्रमुख, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य, अखिल भारतीय आमंत्रित सदस्य मौजूद रहेंगे।

# सूरत के शिव शक्ति मार्केट में आग की घटना दुःखद, आर्थिक संबल के होंगे प्रयास : राठौड़

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ पहुंचे पाली



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ का दूसरी बार प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद पाली आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से उत्साह से स्वागत किया गया।

इस मौके राठौड़ पत्रकारों से रूबरू हुए एवं उनके सवालों का बखूबी जवाब दिया। सूरत में आग की घटना को लेकर राठौड़ ने कहा कि कि सूरत के शिव शक्ति मार्केट में आगजनी में साड़ियों की कई शॉप जली है। व्यापारियों को करोड़ों का नुकसान हुआ है। यह काफी दुखद है। जिन व्यापारियों को नुकसान हुआ, उनमें ज्यादातर राजस्थानी है। गुजरात एवं केंद्र में भाजपा की सरकार है। दोनों सरकारों में इस मामले में संवाद कायम है एवं पीड़ितों को आर्थिक संबल देने का काम किया जाएगा। इसी मुद्दे पर बोलते हुए राठौड़ ने कहा कि बहुमंजिला इमारतों में फायर फाइटिंग सिस्टम हर समय दुरुस्त होना चाहिए। क्योंकि सूरत में हुए हादसे में सामने आया कि वहां का फायर फाइटिंग सिस्टम घटना के समय काम नहीं कर रहा था। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सरकारी महकमों व संस्थानों के साथ निजी बहुमंजिला इमारतों में भी सुरक्षा को लेकर सारे उपकरण अच्छे से काम करें, इसके लिए समय-समय पर मॉक ड्रील की जाकर उपकरणों की सक्रियता व काम करने की क्षमता को मापा जाना चाहिए। उपकरणों का समय रहते मेंटनेंस हो एवं घटना के वक्त यह निष्क्रिय साबित नहीं हो।

### पत्रकारों से हुए रूबरू

उन्होंने हाल ही कांग्रेस नेता सचिन पायलट के पाली आगमन के दौरान किरोड़ीलाल मीणा के मंत्री पद को लेकर दिए गए बयान के सवाल पर उल्टे पत्रकारों से ही कहा कि उन्हें पायलट से पूछना चाहिए था कि जब वो उप मुख्यमंत्री थे तो क्या वे थे या नहीं थे। हालांकि पत्रकारों ने इसका कोई प्रत्युत्तर नहीं दिया। बजरी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में बजरी माफिया को पनपाने का काम किया गया था। लेकिन, प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी, इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से इस पर लगाम लगाने के लिए बजरी टेंडर प्रक्रिया शुरू करवा दी गई। कई जगह ठेके दे दिए गए है एवं कई जगह जहां नहीं हो पाए है वहां प्रक्रिया पूरी करने के प्रयास जारी है। निकाय व पंचायतराज चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि अभी तक हुए उप चुनावों में भाजपा ने जबरदस्त बढ़त से कामयाबी हासिल की है। ऐसे में आने वाले समय में भी भाजपा प्रभावी प्रदर्शन करेगी। चिंता वाली बात ही नहीं है। हमारा संगठन मजबूत व सुदृढ़ है।

गर्मी को देखते हुए पेयजल आपूर्ति में सुधार पर राठौड़ ने कहा कि हरियाणा सरकार से बात चल रही है। डबल इंजन की सरकार है एवं शीघ्र ही वहां से हमारे हक का पानी मिलने लगेगा। नर्मदा नहर से सांचौर क्षेत्र में पानी पहुंच ही गया है। आगे भी प्रयासरत है। जवाई पुनर्भरण का काम भी प्रक्रियाधीन है। उन्होंने गर्मियों में पेयजल आपूर्ति के बेहतर प्रयासों का भरोसा दिलाया।

# आईएएस हमेशा आईपीएस, एफएफएस पर रौब दिखाते : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को हुई एक अहम सुनवाई में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के बारे में विस्तार से अधिकारियों के बीच चल रही अहंकार की लड़ाई का जिक्र हुआ। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी। दोनों जजों की पीठ ने कहा कि आईएएस अधिकारी हमेशा आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों पर अपना वर्चस्व दिखाने की कोशिश करते हैं। ये बात मैं सरकारी वकील और न्यायाधीश के रूप में अपने अनुभवों के आधार पर कह रहा हूं। ये संघर्ष सभी राज्यों में है। आईपीएस और आईएफएस के बीच इस बात को लेकर नाराज़गी है कि एक ही कैडर से होने के बावजूद उन्हें क्यों आईएएस की ही बातों को सुननी चाहिए।

अदालत बुधवार को पर्यावरण से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी। जहां आईएएस अधिकारियों ने वन अधिकारियों को अपने आदेश का पालन करने को कहा था। केंद्र सरकार सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को आश्वासन दिया है कि वह अधिकारियों के बीच इस तरह के आंतरिक संघर्षों को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

# ट्रम्प के टैरिफ लगाने पर चीन की धमकी

## कहा, अमेरिका जंग चाहता है तो यही सही, हम आखिर तक लड़ने को तैयार



**बीजिंग।** अमेरिका में चीन के दूतावास ने बुधवार को बयान जारी कर कहा, अगर अमेरिका जंग ही चाहता है तो जंग ही सही, फिर चाहे ट्रेड वॉर हो या फिर किसी दूसरे तरह की जंग। हम आखिर तक लड़ने के लिए तैयार हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि चीन किसी धमकी से नहीं डरता। हम पर धौंस जमाना काम नहीं करता। दबाव, जबरदस्ती या धमकी चीन से निपटने का सही तरीका नहीं है।

### » चीन बोला, फेंटेनाइल संकट के लिए अमेरिका खुद जिम्मेदार

लिन जियान ने कहा कि चीन की स्थिति साफ है। हम फेंटेनाइल के बहाने चीन पर दबाव डालने, उसे धमकाने और ब्लैकमेल करने का विरोध करते हैं। हम अमेरिका से अपील करते हैं कि वे अपने हितों को ध्यान में रखकर सही कदम उठाए। प्रवक्त। लिन जियान ने यह भी कहा कि चीन, फेंटेनाइल पर सख्ती के लिए काफी पहले से कदम उठा रहा है। चीन ने 2019 में ही फेंटेनाइल से जुड़े दवाओं को मादक दवाओं की लिस्ट में शामिल किया था। तब चीन ऐसा करने वाला पहला देश बना था। लिन जियान ने एक और पोस्ट में कहा कि अमेरिका के भीतर फेंटेनाइल संकट के लिए कोई और नहीं, बल्कि अमेरिका ही जिम्मेदार है। अगर अमेरिका सच में फेंटेनाइल मुद्दे को सुलझाना चाहता है, तो उसे चीन से बात करनी चाहिए और एक-दूसरे को बराबरी का दर्जा देना चाहिए।

### » 2 अप्रैल से जैसे को तैसा टैरिफ लगाएंगे ट्रम्प

ट्रम्प ने बुधवार सुबह अमेरिकी कांग्रेस के जॉइंट सेशन को संबोधित किया। उन्होंने 2 अप्रैल से दुनियाभर में जैसे को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि जो भी हम पर जितना टैरिफ लगाएगा, हम भी उन पर उतना ही लगाएंगे। ट्रम्प ने हंसते हुए कहा कि मैं इसे 1 अप्रैल को लागू करना चाहता था, लेकिन फिर लोग इसे अप्रैल फूल समझते। ट्रम्प ने कहा कि उनके प्रशासन के तहत, अगर कोई कंपनी अमेरिका में अपना प्रोडक्ट नहीं बनाएगी, तो उसे टैरिफ देना होगा। कुछ मामलों में, यह टैरिफ बहुत बड़ा होगा। उन्होंने कहा कि दूसरे देश अमेरिका पर भारी टैक्स और टैरिफ लगाते हैं, जबकि अमेरिका उन पर बहुत कम लगाता है। यह बहुत अन्यायपूर्ण है। दूसरे देश दशकों से हम पर टैरिफ लगाते आ रहे हैं, अब हमारी बारी है।

### दो महीने में दूसरी बार लगाया टैरिफ

अमेरिका ने फरवरी की शुरुआत में चीन पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। इसके एक महीने बाद ट्रम्प सरकार ने फिर चीन पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया। प्रवक्ता लिन जियान ने एक्स पर लिखा कि अमेरिका फेंटेनाइल (ड्रग) मुद्दे पर हर तरह की झूठी जानकारी फैला रहा है, चीन को बदनाम कर रहा है और बलि का बकरा बना रहा है। फेंटेनाइल के बहाने से चीनी सामानों पर टैरिफ बढ़ा रहा है। ऐसे कदम अनुचित हैं और इससे किसी का भी भला नहीं होगा।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को आईफा अवार्ड्स समारोह में शामिल होने के लिए आयोजकों ने दिया निमंत्रण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को आईफा अवार्ड्स समारोह के आयोजकों ने बुधवार को सचिवालय में मुलाकात कर, समारोह में शामिल के लिए निमंत्रण दिया। आईफा अवार्ड्स आयोजन समिति के सदस्य सब्बास जोसेफ, कविता वकील ने 8 एवं 9 मार्च को जयपुर में आयोजित होने वाले आईफा समारोह में उपमुख्यमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति के लिए अनुरोध किया। इसके साथ ही उन्होंने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को सम्पूर्ण कार्यक्रम की जानकारी भी दी।

# दो-दो बार फेल हुए थे राजीव गांधीः मणिशंकर अय्यर

## बीजेपी ने सोशल मीडिया पर शेयर किया वीडियो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस को एक बार फिर मणिशंकर अय्यर वाला डंक चुभा है। वरिष्ठ नेता का एक इंटरव्यू उन्हें विवादों में ले आया। इस बार उनका बयान किसी विरोधी नेता पर नहीं, अपनी ही पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर है। अय्यर ने एक इंटरव्यू में कहा कि राजीव गांधी एक एयरलाइन पायलट थे, लेकिन उनकी शिक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठते हैं। उन्होंने कहा, कैंब्रिज में फेल होना मुश्किल होता है, क्योंकि यूनिवर्सिटी छात्रों को पास कराने की पूरी कोशिश करती है। फिर भी राजीव गांधी फेल हो गए। इसके बाद वे इंपीरियल कॉलेज लंदन गए, वहां भी असफल रहे। बीजेपी नेता अमित मालवीय ने बुधवार को अपने आधिकारिक 'X' हैंडल पर एक वीडियो साझा किया। अय्यर के इस बयान से कांग्रेस को असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस जिन राजीव गांधी को देश में 'सूचना क्रांति का जनक' बताती है, अय्यर के मुताबिक, वे उतने क्वालिफाइड नहीं थे। अय्यर ने उनकी शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें हैरानी होता है कि ऐसे व्यक्ति को भारत का प्रधानमंत्री कैसे बना दिया गया। अय्यर की टिप्पणियों पर कांग्रेस सांसद कुंवर दानिश अली ने कहा, 'राजीव गांधी को देश में आईटी क्रांति और आधुनिकीकरण लाने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था की भी शुरुआत की थी।'

अटल विहार योजना

# आवंटन सहमांग पत्र जारी करने के लिए 6 व 7 मार्च को लगेंगे शिविर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अटल विहार आवासीय योजना के सफल आवंटियों के दस्तावेजों का परीक्षण कर आवंटन सहमांगपत्र जारी किये जाने हेतु 6 व 7 मार्च, 2025 को जेडीए के नागरिक सेवा केन्द्र में शिविर को आयोजन किया जायेगा।

जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि अटल विहार आवासीय योजना की लॉटरी 14 फरवरी, 2025 को निकाली गई थी। जिसमें सफल आवंटियों को आवंटन सहमांगपत्र जारी किये जाने हेतु 6 व 7 मार्च, 2025 को प्रात: 10.00 बजे से नागरिक सेवा केन्द्र के हॉल में शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सफल आवंटियों के दस्तावेज परीक्षण पश्चात् आवंटन सहमांगपत्र जारी किये जावेगें।

योजना अटल विहार के समस्त सफल आवंटी आवेदन फॉर्म में अंकित विवरण अनुसार उक्त दिनांक को समस्त मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होवें।

# महिला को परेशान करने वाला फर्जी पत्रकार गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर के सदर थाना पुलिस ने बुधवार को एक महिला को ब्लैकमेल करने वाले एक फर्जी पत्रकार को गिरफ्तार किया हैं। रेलवे स्टेशन पर आरोपी एक महिला को परेशान कर रहा था इसी दौरान निर्भया की टीम मौके पर पहुंची और महिला से आरोपी के बारे में बता की। महिला ने बताया कि वह उसे नहीं जानती कई समय से वह उसे परेशान कर रहा हैं। जिस पर निर्भया ने आरोपी को डिटेन किया और सदर थाने लेकर गई। जहां पर डीओ को आरोपी कमलेश कुमार को सौंपा। । आरोपी ने खुद को पत्रकार बताया जिस पर उनके दस्तावेजों की जांच की गई तो आरोपी के पास फर्जी दस्तावेज मिले। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सदर थाना पुलिस ने बताया कि जयपुर कमिश्नर और निर्भया की नोडल प्रभारी के दिशा निर्देशन में जयपुर पुलिस की निर्भया की सिविल टीम महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन गरिमा अभियान के तहत लगातार राउंड पर रहती है। बुधवार को भी टीम सदर थाना इलाके में राउंड क रही थी। इस दौरान रेलवे स्टेशन के पास टीम रूकी तो एक महिला युवक को कुछ कह रही थी। इस पर जब महिला से बात की तो उसने बताया कि पाली जिले के रोहट के आदर्श नगर में रहने वाला कमलेश कुमार उसे परेशान कर ब्लैकमेल कर रहा है। वह उसे साथ चलने का कह रहा है जबकि वह उसे जानती भी नहीं है। इस पर टीम ने युवक को पकड़ा और पूछताछ की तो वह अपने अपने आप को पत्रकार बताने लगा और धमकाया कि आप मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सके। इस पर टीम उसे थाने लेकर आई और पूछताछ की। डॉक्युमेंट देखने पर पता चला कि वह फर्जी पत्रकार निकला।

बोफोर्स घोटाला

# प्राइवेट जासूस को खोजें और पूछताछ करें

## सीबीआई ने अमेरिका को भेजा पत्र

**नई दिल्ली।** बोफोर्स घोटाला मामले में भारत की केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई ने अमेरिका को 'लेटर ऑफ रोगैट्री' भेजा है। सीबीआई ने अमेरिका से जासूस माइकल हर्शमैन को ढूंढने और उनसे पूछताछ की प्रक्रिया शुरू करने की अपील की है।

माइकल हर्शमैन ने एक न्यूज चैनल पर दावा किया था कि वे 64 बोफोर्स तोप घोटाले की जांच में मदद कर सकता हैं। भारत में बोफोर्स घोटाला 1980 के दशक के सामने आया था। इस दौरान तत्कालीन राजीव गांधी सरकार पर घोटाले के आरोप लगे थे। दिल्ली की अदालत के आदेश पर अक्टूबर 2024 में अमेरिका को पत्र रोगेटरी भेजने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसमें अमेरिकी नागरिक के टीवी इंटरव्यू को जांच का आधार बनाया गया है। प्रशासनिक स्वीकृतियों के कारण इसे पूरा होने में 90 दिन लग सकते हैं। भारत के एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में बोफोर्स घोटाले पर अनियमितताओं का दावा किया गया था।

इन दावों की सत्यता की जांच के लिए अमेरिका में जांच जरूरी मानी गई है। दिल्ली की अदालत ने सीबीआई के आवेदन को स्वीकार किया है। इसके बाद अमेरिका की न्यायिक प्राधिकरण को रोगैट्री पत्र भेजा गया है। अमेरिका से दस्तावेज, गवाहों के बयान और अन्य जरूरी सबूत जुटाने का अनुरोध किया जाएगा।

# शहबाज शरीफ ने ट्रम्प को शुक्रिया कहा, यूएस प्रेसिडेंट ने आज पाकिस्तान की तारीफ की थी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को शुक्रिया कहा है। ट्रम्प ने आज अमेरिकी कांग्रेस (संसद) को संबोधित करते हुए कहा था कि 2021 में अफगानिस्तान में आतंकियों ने 13 अमेरिकी सैनिकों की हत्या कर दी थी। उन्हें पकड़ने में पाकिस्तान सरकार ने मदद की थी।

शहबाज शरीफ ने कहा अमेरिकी राष्ट्रपति ने आज 2021 के काबुल एयरपोर्ट बम विस्फोट में शामिल आतंकवादी मोहम्मद शरीफुल्लाह को गिरफ्तार करने में पाकिस्तान के सहयोग का जिक्र किया। शरीफुल्लाह की गिरफ्तारी में पाकिस्तान के रोल को स्वीकार करने और उसकी तारीफ करने के लिए ट्रम्प को धन्यवाद। पाकिस्तान ने हमेशा से आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने में जरूरी रोल निभाया है। हमारा मकसद है कि आतंकवादी किसी दूसरे देश के खिलाफ काम करने के लिए हमारी जमीन का इस्तेमाल न कर सकें।

कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित

# कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण के साथ प्रभावी विपणन के लिए कार्य हो, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएः राज्यपाल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि कृषि उत्पादों के प्रभावी वितरण के लिए उनके प्रसंस्करण के लिए कार्य किया जाए। उन्होंने वर्षा जल संरक्षण के लिए कार्य किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जल को बचाना ही उसका निर्माण है। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से होने वाली खेती से कैंसर जैसे भयावह रोग बढ़ रहे हैं। भूमि की उर्वरा शक्ति नष्ट हो रही है, पर्यावरण प्रदूषण से जलवायु परिवर्तन के संकट बढ़ रहे हैं। इससे बचने लिए प्राकृतिक खेती की ओर लौटने की आवश्यकता है।

राज्यपाल बागडे बुधवार को श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि शिक्षा के अंतर्गत रोजगारपरक व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने दीक्षान्त समारोह मे 11 स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में छात्राओं की संख्या 10 होने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि छात्राओं की यह भूमिका उत्साह जगाने वाली है। उन्होंने कहा कि महिला शिक्षा से ही राष्ट्र विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हो सकता है। कृषि में महिला शिक्षा को सभी स्तरों पर बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कृषि क्षेत्र में नवीनतम शोध, तकनीकी विकास और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बारे में जागरूकता का प्रसार करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालयों को कम पानी में अधिक उपज वाली फसलों को लेने, सूखा सहन करने वाली, उच्च तापमान सहनशील, और जलवायु अनुकूल कृषि प्रौद्योगिकियों के लिए कार्य किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को पारंपरिक भारतीय उत्पादन के पेटेंट के लिए भी प्रोत्साहित किए जाने पर जोर दिया।

आरंभ में राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को पदक और उपाधियां प्रदान की। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रगति प्रतिवेदन और अन्य प्रकाशनों का भी लोकार्पण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को खूब पढ़ने और आगे बढ़ते हुए 'विकसित भारत' में भागीदारी निभाने का भी आह्वान किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलराज सिंह ने विश्वविद्यालय गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.